✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 247 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 3 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन करते सीएम नीतीश

## बिहार विधानमंडल का बजट सत्र शुरू, आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में नीतीश सरकार का दावा

# बिहार का विकास दर राष्ट्रीय औसत से 3% अधिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नीतीश सरकार की ओर से आज बिहार विधानसभा में 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया। रिपोर्ट पेश करने के बाद वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि हम लोगों का लक्ष्य 5 साल में बिहार को विकसित बनाने का है। 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय 76,490 पहुंच गया है। बिहार का विकास दर राष्ट्रीय औसत से भी तीन प्रतिशत अधिक है। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में बिहार के कई क्षेत्रों में विकास की चर्चा की गई है। वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि हम लोगों का लक्ष्य 5 साल में बिहार को विकसित बनाने का है। उस तेजी से काम हो रहा है। इस दौरान जब उनसे बजट को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कल जब पेश होगा तो आप लोग को पता चल जाएगा। वहीं, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने कहा कि बिहार का विकास दर राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है। बिहार का विकास दर राष्ट्रीय औसत से 3.3% अधिक है। बिहार का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए सबसे हाल के त्वरित अनुमान के अनुसार बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2011-12 के स्थिर मूल्य पर 8.6 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 13.1 प्रतिशत रहा है। यह क्रमशः 5,31,372 करोड़ रुपये और 9,91,997 करोड़ पहुंच गया। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार बिहार में प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्तमान मूल्य पर 2020-21 के 46,412 रुपये से बढ़कर 2024-25 में 76,490 पहुंच गया, जो लगातार बढ़त के रुझान का संकेत देता है। वहीं, 2011-12 के स्थिर मूल्य पर प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद 2020-21 के 30,159 से बढ़कर 2024-25 में 40,973 रुपये हो गया है। राज्य सरकार की राजस्व प्राप्ति 2020-21 के 1.28 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 2.18 लाख करोड़ हो गई। इस अवधि में कुल राजस्व में कर प्राप्ति का



हिस्सा 70 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया जबकि राजस्व का हिस्सा पांच प्रतिशत से घटकर दो प्रतिशत और सहायता अनुदान का हिस्सा 25 प्रतिशत से 14 प्रतिशत रह गया। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024-25 में बिहार की आर्थिक वृद्धि दर द्वारा भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर को, जो स्थिर मूल्य पर 6.5 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 9.8 प्रतिशत थी, पीछे छोड़ देने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 के लिए त्वरित अनुमान दर्शाते हैं कि बिहार में द्वितीयक क्षेत्र का सकल राज्यगत मूल्यवर्धन (जीएसवीए) 2011-12 के स्थिर मूल्य पर 11.1 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 15.5 प्रतिशत बढ़ा। वहीं, तृतीयक क्षेत्र की वृद्धि दर 2011-12 के स्थिर मूल्य पर 8.9 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 13.5 प्रतिशत थी जबकि प्राथमिक क्षेत्र में 2011-12 के स्थिर मूल्य पर 4.1 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 9.6 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई। वर्ष 2020-21 और 2024-25 के बीच बिहार के सकल राज्यगत मूल्यवर्धन में द्वितीयक क्षेत्र का हिस्सा 2011-12 के स्थिर मूल्य पर 21.1 प्रतिशत से काफी बढ़कर 26.8 प्रतिशत हो गया है। इसका मुख्य कारण निर्माण और विनिर्माण क्षेत्रों में हुआ विस्तार है। इसके विपरीत, प्राथमिक क्षेत्र का हिस्सा 21.9 प्रतिशत से घटकर 18.3 प्रतिशत और तृतीयक क्षेत्र का हिस्सा 57.0 प्रतिशत से घटकर 54.8 प्रतिशत रह गया। ये बदलाव राज्य की आर्थिक गतिविधियों में बढ़ते विविधीकरण को व्यक्त करते हैं। बिहार का राजकोषीय विकास पथ अनुशासित वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है क्योंकि राज्य सरकार का कुल व्यय 2020-21 के 1.66 लाख करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 2.82 लाख करोड़ रुपये हो गया। राज्य सरकार ने कम उधार लेने और प्रभावी ऋण सेवा के जरिए राजकोषीय विवेक बरकरार रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, परिवहन, सिंचाई और कृषि जैसे क्षेत्रों में विकासमूलक परिव्ययों को लगातार प्राथमिकता दी है। राज्य सरकार के कुल व्यय में पूंजीगत व्यय का अनुपात 2020-21 के 15.8 प्रतिशत से काफी बढ़कर 2024-25 में 22.3 प्रतिशत हो गया जबकि राजस्व व्यय का हिस्सा 84.2 प्रतिशत से घटकर 77.7 प्रतिशत रह गया। यह ढांचागत बदलाव दीर्घकालिक निवेश, अवसंरचना विकास, और परिसंपत्ति निर्माण पर सरकार के फोकस को दर्शाता है। राज्य सरकार के कुल व्यय में योजना व्यय का हिस्सा 2020-21 के 38.3 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 39.9 प्रतिशत हो गया जबकि स्थापना और प्रतिबद्ध व्यय का हिस्सा 61.7 प्रतिशत से घटकर 60.1 प्रतिशत पर आ गया। यह रुझान कल्याणमूलक गतिविधियों और नीति-प्रेरित विकास प्राथमिकताओं की ओर क्रमशः बढ़ने को दर्शाता है। विकासमूलक व्यय पर परिव्यय 2020-21 के 1,12,122 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 1,89,892 करोड़ पहुंच गया, जो विकासोन्मुखी और कल्याण संबंधी व्यय पर बढ़े फोकस का संकेत देता है। इस अवधि में यह लगातार बजट का लगभग दो-तिहाई रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाहुबली अनंत सिंह आज लेंगे विधायक की शपथ

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बाहुबली अनंत सिंह मंगलवार को विधायक की शपथ लेंगे। पटना सिविल कोर्ट के फैसले के बाद उनके शपथ ग्रहण का रास्ता साफ हो गया है। कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच जेल से विधानसभा लाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक अनंत सिंह को सिर्फ थपथ लेने के लिए कोर्ट से अनुमति मिली है। उन्हें दुलारचंद यादव मर्डर केस में जमानत नहीं मिली है। यानी शपथ की प्रक्रिया पूरी होने के बाद लेने के बाद वे फिर बेऊर जेल चले जाएंगे।

### हथकड़ी में इंटर की परीक्षा देने पहुंचे दो छात्र

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा आज यानी 2 फरवरी से शुरू हो गई। परीक्षा 13 फरवरी तक चलेगी। पहले दिन ही एग्जाम से जुड़ी कई तस्वीरें और कहानियां सामने आईं। इनमें सबसे चौंकाने वाला दृश्य जहानाबाद से आया जहां दो परीक्षार्थी हथकड़ी लगाकर परीक्षा देने पहुंचे। जिले के रतनी प्रखंड स्थित प्रवेशिका उच्च विद्यालय, शकूराबाद परीक्षा केंद्र पर सोमवार को अजीब नजारा दिखा। पुलिस कस्टडी में दो युवक हथकड़ी लगाए परीक्षा केंद्र पहुंचे। दोनों इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी हैं। कड़ी जांच के बाद उन्हें परीक्षा में बैठने दिया गया। हथकड़ी में भी आंखों में भविष्य के सपने थे।

### गांवों-टोलों तक सुनिश्चित हुआ विकास : अवधेश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि समृद्धि यात्रा से सुदूर क्षेत्रों के गांवों एवं टोलों तक विकास की रोशनी सुनिश्चित हुई है। बिहार में विकास की गति तेज हुई है। न्याय के साथ विकास के सिद्धांत के आधार पर वर्ष 2025-30 तक के लिए सात निश्च-3 के गठन का निर्णय राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाता है। सोमवार को परिषद के 212वें सत्र की शुरुआत के अवसर पर वह सदन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सत्र में 19 बैठकें होंगी। उन्होंने सदस्यों से सत्र का अधिक से अधिक सदुपयोग, जनहित से जुड़े विषयों एवं समस्याओं के समाधान के लिए करने का अनुरोध किया।

### ऑनलाइन होंगे सहकारिता कार्यालय संबंधी कार्य

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सहकारी समितियों का निबंधन, उप विधियों में संशोधन, वार्षिक रिपोर्ट रिटर्न, सदस्यता एवं अपील, विवादों का निस्तारण, अंकेक्षण, लेखों का परीक्षण, परिसमापन, शिकायत, निर्वाचन एवं परिसम्पति प्रबंधन प्रणाली आदि से संबंधित कार्य ऑनलाइन होगा। इसके लिए सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार ने सोमवार को सहकारी समितियों का सुदृढ़ीकरण योजना के तहत निबंधक और 38 डीसीओ कार्यालयों के कंप्यूटरीकरण योजना को गोलाइव (ऑनलाइन करनेकी प्रक्रिया) किया। उन्होंने कहा कि इससे सहकारिता विभाग के कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

## 2030 तक एक करोड़ युवाओं को नौकरी देगी नीतीश सरकार : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान मंडल का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अपना अभिभाषण दिया। उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान एनडीए सरकार की ओर से किए गए वादे कुछ मुख्य बातों को दोहराया। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सोमवार को कहा कि बिहार की जनता ने हम पर जो भरोसा जताया है, वह केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है। यह भरोसा सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय और जवाबदेही से जुड़ा हुआ है। इस सत्र में होने वाली चर्चा राज्य की अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, आधारभूत संरचना और सामाजिक कल्याण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को नई दिशा देने वाली है। बजट सत्र केवल एक औपचारिक संसदीय प्रक्रिया नहीं है



बल्कि यह जनता की आशाओं, राज्य की प्राथमिकताओं और भविष्य की दिशा तय करने का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। यह वह समय होता है जब हम अपने विचारों, नीतियों और संकल्पों को जनहित की ठोस योजनाओं में रूपांतरित करते हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि नीतीश कुमार सरकार अगले पांच वर्षों में राज्य में एक करोड़ नौकरियों और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी। सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सामाजिक सद्भाव (कम्युनल हार्मनी) शामिल है। सरकार 'न्याय के साथ विकास' के लक्ष्य की दिशा में लगातार काम कर रही है। राज्यपाल ने बताया कि सरकार ने अब तक 50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। उनका कहना था, '2030 तक एक करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना एवं सामाजिक सौहार्द भी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाकर 1.21 लाख कर दी गई है, और अब 10,380 पुलिस स्टेशन राज्य में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में महिला पुलिसकर्मियों का प्रतिशत देश में सबसे अधिक है। राज्यपाल ने यह भी बताया कि 'न्याय के साथ विकास' के लक्ष्यों के अनुरूप सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में 1.40 करोड़ महिलाएं, 'जीविका' स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का भी जिक्र (शेष पृष्ठ 9 पर)

## हड़ताल पर गए कर्मियों पर लागू होगा नो वर्क नो पे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में राजस्व सेवा संघ के कर्मियों के हड़ताल के कारण जमीन और राजस्व से जुड़े काम प्रभावित होने की आशंका थी। इसे देखते हुए बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सभी जिलों को जरूरी निर्देश जारी किए हैं। सरकार ने कहा है कि हड़ताल के बावजूद आम लोगों के काम किसी भी हाल में नहीं रुकने चाहिए। सभी अंचल कार्यालय खुले रहेंगे और पहले से तय जनता दरबार भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। जमीन से जुड़े काम जैसे दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि सर्वे और अन्य जरूरी सेवाएं जारी रहेंगी। सरकारी आदेश में यह भी कहा गया है कि जो अधिकारी या कर्मचारी हड़ताल के कारण ड्यूटी पर नहीं आएंगे, उन पर नो वर्क, नो पे का नियम लागू होगा। यानी जो काम नहीं करेगा, उसे वेतन नहीं मिलेगा। सरकार का मानना है कि इससे कामकाज प्रभावित होने से बचाया जा सकेगा। सरकार ने यह भी बताया कि इस समय विधानसभा सत्र चल रहा है और कई अहम सरकारी योजनाएं भी जारी हैं। ऐसे में अंचल कार्यालयों का बंद रहना सही नहीं है। बीडीओ, आरडीओ और डीसीएलआर को कहा गया है कि वे अपने-अपने इलाकों में राजस्व कार्यों की निगरानी करें। जरूरत पड़ने पर वरिष्ठ अधिकारी खुद अंचल कार्यालयों में जाकर काम देख सकते हैं। अगर किसी जिले में कर्मचारियों की कमी होती है, तो डीएम को टेम्पररी व्यवस्था करने का अधिकार दिया गया है। सरकार ने साफ शब्दों में कहा है कि जमीन और राजस्व से जुड़े काम लोगों के लिए बहुत जरूरी होते हैं, इसलिए इनमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सदन में उपस्थिति रहें विधायक : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए विधायकों से जनसमस्याओं को सदन में उठाने को कहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार उन्हें गंभीरता से लेगी और उनका समुचित निदान करेगी। साथ ही हिदायत दी कि बहुमत है तो हल्के में न लें, सदन में जरूर उपस्थित रहें। वे सोमवार को विधानमंडल के विस्तारित भवन में आयोजित एनडीए विधायक दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने एनडीए विधायकों को बजट सत्र को गंभीरता से लेने और कार्यवाही के दौरान सदन में रहने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार के जवाब के समय तो सबकी उपस्थिति सुनिश्चित होनी चाहिए। सदन के अंदर सभी सहयोगी दलों के विधायकों की एकजुटता स्पष्ट दिखनी चाहिए। उन्होंने विधायकों को यह भी चेतावनी दी कि बहुमत की सरकार है तो इससे सदन में वे निश्चिंत न हों। इसे हल्के में न लें। सदन के अंदर हर हाल में उपस्थित रहना है। विधायकों पर व्हिप जारी है। ऐसे में उन्हें सदन के अंदर सरकार की सामूहिक ताकत के रूप में खड़े रहना है। इसके पहले सीएम ने बहुमत की सरकार बनाने के लिए आम जनता के साथ विधायकों को भी धन्यवाद दिया और कहा कि इसके लिए आपने काफी मेहनत की है। अब बिहार और तेजी से आगे बढ़ेगा और तरक्की करेगा।

## विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बजट सत्र के संचालन के लिए अध्यासी सदस्यों का मनोनयन किया है। 18वीं विधानसभा के दूसरे सत्र के लिए उन्होंने रामनारायण मंडल, रत्नेश सादा, आलोक कुमार मेहता और ज्योति देवी को इसके लिए मनोनीत किया। इसके पहले उन्होंने कार्यमंत्रणा समिति का भी गठन किया। विधानसभा अध्यक्ष स्वयं इस समिति के सभापति होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, विरोधी दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव तथा लोजपा (रा) के विधायक राजू तिवारी इसके सदस्य होंगे। इसके अलावा विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, विधायक विनोद नारायण झा, मनोहर प्रसाद सिंह, अख्तरूल ईमान, ज्योति देवी, माधव आनंद, अरुण सिंह, अजय कुमार, इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता, सतीश कुमार सिंह यादव इसके विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। वहीं विधान परिषद में सभापति अवधेश नारायण सिंह ने अध्यासी सदस्य मनोनीत किए। सोमवार को बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के बाद दूसरे सत्र में उन्होंने चार सदस्यों को मनोनीत किया। इनमें डॉ. संजीव कुमार सिंह, नवल किशोर यादव, मदन मोहन झा और महेश्वर सिंह शामिल हैं। दूसरे सत्र में प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी ने सदन के पटल पर आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट रखी। इसके बाद जदयू एमएलसी नीरज कुमार ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव रखा। इस पर वाद-विवाद तीन और पांच फरवरी को होगा। दोनों सदनों में जननायकों के निधन पर शोक जताया गया। सदस्यों ने एक मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। विधानसभा में पूर्व सांसद राजनीति प्रसाद, पूर्व विधायक अशोक चौधरी, पूर्व विधायक वीणा वादिनी के निधन पर शोक जताया गया। विधान परिषद में इनके अलावा महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, हिन्दुस्तान अखबार से जुड़े रहे साहित्यकार अवधेश प्रीत और आंबेडकरवादी बुद्ध शरण हंस को श्रद्धांजलि दी गई।

## अनुमंडल स्तर पर मनेगा बिहार दिवस

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** इस बार बिहार दिवस समारोह का आयोजन पटना जिले के सभी अनुमंडल मुख्यालय में भी होगा। इसकी तैयारी के लिए प्रत्येक अनुमंडल को एक-एक लाख की राशि मिलेगी। जिला स्तर पर इसका आयोजन गांधी मैदान में होता है। इस बार राज्य सरकार द्वारा बिहार दिवस की थीम उन्नत बिहार उज्जवल बिहार रखा गया है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यक्रम निदेशक नवीन कुमार ने इस संबंध में पटना समेत राज्य के सभी जिलों के डीएम को पत्र लिखा है। पत्र में निदेशक ने कहा कि जिला स्तर के लिए पांच लाख और अनुमंडल स्तर के लिए एक-एक लाख रुपये बिहार शिक्षा परियोजना को आवंटित किया गया है। मिली राशि से अनुमंडल स्तर के कार्यालयों की साफ-सफाई, रंग-रोगन के अलावा उसे नीली रोशनी से सजाने की सलाह दी गई है। अनुमंडल स्तर के टाउन हॉल, स्कूल प्रांगण अथवा खेल स्टेडियम को चिह्नित कर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया है। परियोजना परिषद की ओर से तीनों दिन होनेवाले आयोजन की रूपरेखा भी तैयार कर डीएम को भेजा गया है। पहले दिन 22 मार्च को विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाना, वहां पम्पलेट के माध्यम सेर ाज्य सरकार की योजना की जानकारी देना, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है। दूसरे दिन 23 मार्च को स्थानीय कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति और काव्य गोष्ठी, मुशायरा का आयोजन करना है। समारोह के अंतिम दिन कलाकारों, छात्र-छात्राओं और अच्छा कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित होगा।

## जमीन-फ्लैट की रजिस्ट्री के लिए ओटीपी सिस्टम लागू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जमीन-फ्लैट की रजिस्ट्री को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने अब ओटीपी सिस्टम लागू किया है। अब रजिस्ट्री के लिए पहले एनजीडीआरएस पोर्टल पर ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग करानी होती है। इसमें क्रेता, विक्रेता व जमीन का विवरण भरने के साथ एमवीआर (मिनिमम वैल्यू रजिस्टर) के अनुसार मूल्यांकन दर्ज करना होता है। इसके बाद सब रजिस्ट्रार कार्यालय में दस्तावेज जमा कराने के लिए तिथि व समय का अप्वाइंटमेंट लेना होता है। अब जैसे ही अप्वाइंटमेंट के लिए ऑनलाइन आवेदन करेंगे, खरीदार व विक्रेता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी जाएगा जो एक मिनट तक ही मान्य होगा। इस बीच ओटीपी नहीं डालने पर अप्वाइंटमेंट बुकिंग की पूरी प्रक्रिया दोबारा करनी पड़ेगी। इस कारण से हर दिन रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे 50 से 60 लोगों में से केवल 10 से 15 लोगों का कार्य हो पा रहा है। इसका सबसे बड़ा खामियाजा उद्योग लगाने के लिए जमीन खरीद रहे व्यापारियों व प्रॉपर्टी डीलर के एजेंट्स को परेशानी हो रही है। कारण ये लोग सामान्यतः किसानों से जमीन से खरीदते हैं जो या तो जल्दी फोन पर उपलब्ध नहीं होते हैं और बात भी हो जाए तो साइबर क्राइम का शिकार होने के डर से ओटीपी नहीं बताते हैं। बताते चलें कि सरकार ने 12 वर्ष बाद जनवरी 2026 से एमवीआर (मिनिमम वैल्यू रजिस्टर) में वृद्धि की घोषणा की थी, हालांकि यह अभी लागू नहीं हुई है। ऐसे में काफी पहले फ्लैट या प्लाट खरीदने वाले लोग एवीआर में वृद्धि के पहले ही रजिस्ट्री कराने को पहुंच रहे हैं।

## पीएम मोदी के कार्यकाल में बिहार में नौ गुना बढ़ा रेल बजट : वैष्णव

### बिहार में 11 सालों में बिछाई गयीं दो हजार किलोमीटर की नई रेल पटरियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर /नयी दिल्ली।** रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को बजट 2026-27 हेतु बिहार में रेल परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने हेतु रिकार्ड बजट आवंटन हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय रेलवे हेतु रिकॉर्ड धनराशि रूपये 2,78,000 करोड़ आवंटित की गयी है। दीर्घकालिक विजन के तहत सरकार ने पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ यात्री परिवहन को बढ़ावा देने के लिए शहरों के बीच सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोरों को 'ग्रोथ कनेक्टर्स' के रूप में विकसित करने की




घोषणा की है। इनमें मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी शामिल हैं। इन प्रस्तावित कॉरिडोरों से शहरों के बीच यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आएगी और यात्रियों के लिए बिना किसी रुकावट के बहु-माध्यमीय आवाजाही आसान हो जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि उत्तरी और पूर्वी भारत में, वाराणसी से पटना होते हुए पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी तक हाई स्पीड रेल कॉरिडोर से वाराणसी-सिलीगुड़ी की यात्रा लगभग 2 घंटे 55 मिनट में पूरी की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त, दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड कॉरिडोर के माध्यम से यात्रा लगभग 3 घंटे 50 मिनट में पूरी होगी। यह कनेक्टिविटी पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली को जोड़ते हुए एक नया आर्थिक कॉरिडोर विकसित करेगी, जिससे क्षेत्रीय विकास और आर्थिक गतिविधियों को काफी बढ़ावा मिलेगा। इसी कड़ी में उन्होंने बिहार राज्य के लिए रेलवे हेतु आवंटित धनराशि का जिक्र करते हुए बताया कि 2009 से 2014 में बिहार में रेलवे के विकास के लिए प्रतिवर्ष औसतन 1,132 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बढ़ाकर इस वर्ष (शेष पृष्ठ 9 पर)

# कृषि बजट में ऐतिहासिक वृद्धि

## कृषि को आधुनिक और टिकाऊ बनाने की दिशा में अहम कदम : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कृषि बजट में ऐतिहासिक वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार को मजबूती मिलेगी। उर्वरक सब्सिडी के जरिए किसानों को राहत मिलेगी तथा कृषि विज्ञान केंद्रों के सुदृढ़ीकरण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और फसल विकास को नई गति प्राप्त होगी। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और कृषि को अधिक टिकाऊ, आधुनिक एवं लाभकारी बनाया जा सकेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने हेतु कृषि विभाग का बजट बढ़ाकर 1,32,561 करोड़ रुपये कर दिया है। यह निर्णय किसानों की आय में वृद्धि, उत्पादन लागत में कमी तथा कृषि को आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल है। मंत्री ने कहा कि कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, विशेषकर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के लिए 9,967 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जिससे वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार और उन्नत तकनीकों के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ते खाद-उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1,70,944 करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है जिससे उत्पादन लागत में कमी आएगी और किसानों को सीधा आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट में कृषि क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों तक आधुनिक एवं फ्रंटलाइन कृषि तकनीकों की सीधी पहुंच सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। इनके माध्यम से नवीन कृषि प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन, प्रसार एवं परिष्करण किया जाएगा जिससे किसान बुनियादी स्तर पर वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन और उत्पादकता बढ़ा सकेंगे।

# डा. प्रेम कुमार ने शहीद जगदेव बाबू की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में अमर शहीद जगदेव बाबू की जयंती के अवसर पर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अमर शहीद जगदेव बाबू सामाजिक न्याय, समता और शोषित-वंचित समाज के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान विचारक एवं क्रांतिकारी नेता थे। उन्होंने अन्याय, असमानता और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध निर्भीक होकर आवाज उठाई और अपने विचारों व सिद्धांतों के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जगदेव बाबू का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि लोकतंत्र की सच्ची मजबूती तभी संभव है जब समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय और अवसर पहुंचे। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और नई पीढ़ी को उनके संघर्ष, साहस और सामाजिक प्रतिबद्धता से सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अमर शहीद जगदेव बाबू का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनका जीवन समाज में समानता, भाईचारे एवं न्याय की स्थापना के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

# हाजीपुर बदलेगा हजारों युवाओं का भविष्य

## अक्षयवट राय स्टेडियम में आज लगेगा रोजगार मेला : आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर(वैशाली)।** कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी, जंदाहा के निदेशक एवं शिक्षा-कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रिय समाजसेवी आनंद रंजन झा ने वैशाली जिले के युवाओं से आहवान किया है कि वे 3 फरवरी 2026 को अक्षयवट राय स्टेडियम, हाजीपुर में आयोजित एक दिवसीय रोजगार सह मार्गदर्शन मेला-2026 में बड़ी संख्या में भाग लेकर अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखें। उन्होंने कहा कि जिला नियोजनालय, वैशाली के तत्वावधान में आयोजित यह मेला युवाओं को सीधे उद्योग जगत से जोड़ने का एक सशक्त मंच है। इस मेले में एवन साइकिल लिमिटेड, एपेक्स मैन्युफैक्चरिंग, अमनील इंडस्ट्रीज तथा हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कंपनियां भाग लेंगी जहां योग्य अभ्यर्थियों का प्रत्यक्ष (स्पॉट) चयन किया जाएगा। आठवीं से स्नातक एवं तकनीकी योग्यता रखने वाले युवाओं के लिए यह मेला रोजगार, आत्मविश्वास और सही करियर दिशा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने युवाओं से नवीनतम बायोडाटा, पासपोर्ट साइज फोटो एवं शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों के साथ एनसीएस पोर्टल पर पंजीकरण कर मेले में शामिल होने की अपील की। अंत में उन्होंने कहा कि ऐसे रोजगार मेले बिहार के युवाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और स्वावलंबी बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

# भारत का बजट 2026-27: अनुशासन के साथ विकास को गति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** केंद्रीय बजट 2026-27, जो कर्तव्य भवन से पेश किया गया पहला बजट है और वित्त मंत्री का लगातार नौवां बजट है, यह साफ संदेश देता है कि तेज आर्थिक विकास और वित्तीय अनुशासन साथ-साथ चल सकते हैं। यह बजट वित्तीय संतुलन के रास्ते पर मजबूती से बना हुआ है। इसमें राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.4% से घटकर 4.3% कर दिया गया है और कर्ज-से-जीडीपी अनुपात 56.1% से घटकर 55.6% हो गया है। इससे भारत वित्त वर्ष 2031 तक 50% ($\pm$1%) के लक्ष्य की ओर सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह सब मिलकर निवेशकों और बाजारों को यह भरोसा देता है कि देश की अर्थव्यवस्था स्थिर है और सरकार की नीतियां भरोसेमंद हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास का सबसे बड़ा आधार बना हुआ है। सार्वजनिक कैपेक्स में करीब 12% की बढ़ोतरी कर इसे 12.2 लाख करोड़ किया गया है। इसका मकसद निजी निवेश को आकर्षित करना, उत्पादकता बढ़ाना और लॉजिस्टिक्स लागत कम करना है। बजट में वित्तीय बाजारों को और मजबूत करने के लिए संतुलित कदम भी उठाए गए हैं। इनमें डेरिवेटिव्स पर एसएसटी बढ़ाना ताकि जरूरत से ज्यादा सट्टेबाजी पर रोक लगे, आरईआईटी के जरिए पीएसयू संपत्तियों का मुद्रीकरण, बॉन्ड इंडेक्स डेरिवेटिव्स की शुरुआत, और कॉरपोरेट बॉन्ड्स के लिए बेहतर मार्केट-मेकिंग व्यवस्था शामिल है।

# महाविद्यालय शिक्षक संघ, बी.डी. कॉलेज द्वारा विदाई सह नवागंतुक शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना (पाटलिपुत्र विश्विवद्यालय की अंगीभूत इकाई) में महाविद्यालय शिक्षक संघ के तत्वावधान में गरिमामय विदाई-सह-नवागंतुक शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित एवं भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह की गरिमा उस समय और अधिक बढ़ गई जब महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रत्ना अमृत का सानिध्य एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम को प्राप्त हुआ। उनके स्नेहिल उपस्थित रहने से आयोजन को विशेष गरिमा, प्रेरणा एवं संस्थागत गरुता मिली।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के वरिष्ठ एवं समर्पित शिक्षक डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह के सम्मानपूर्वक विदाई के साथ-साथ महाविद्यालय में नव-नियुक्त पांच नवागंतुक शिक्षकों का अभिनंदन एवं सम्मान करना था। शिक्षक संघ द्वारा आयोजित यह समारोह शिक्षकीय परंपरा, सहकर्मिता और अकादमिक सौहार्द का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। समारोह के दौरान शिक्षक संघ एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। वक्ताओं ने उनके दीर्घ सेवाकाल, शैक्षणिक योगदान, अनुशासन एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसी क्रम में महाविद्यालय में नव-नियुक्त पांच शिक्षकों का औपचारिक स्वागत एवं सम्मान किया गया। सभी नवागंतुक शिक्षकों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनके उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य की मंगलकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में शिक्षक संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

# गीला कचरा और सूखा कचरा को रखें अलग-अलग : सीता साहू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नगर निगम पटना के नगर आयुक्त यशपाल मीणा की पहल पर जेडी वीमेंस कॉलेज पटना में आज स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महापौर सीता साहू, जेडी वीमेंस कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर मीरा कुमार, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं लोकगायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत, डॉ. हिना रानी, डॉ. मंजरी नाथ, संगीत विभाग की प्रोफेसर रीता दास एवं प्रोफेसर रेखा मिश्रा ने सम्मिलित रूप से किया। जेडी वीमेन्स की छात्राओं ने मेयर सीता साहू के समक्ष स्वच्छता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जिसे सभी ने बहुत पसंद किया और इस तरह सभी छात्राओं द्वारा बहुत प्रेरक संदेश भी दिया गया। लोकगायिका नीतू नवगीत ने कई सारे स्वच्छता गीत गाये जिसे सुनकर पूरे ऑडिटोरियम की छात्राएं झूम उठीं। बड़ा जोर से चलल बाटे स्वच्छता अभियान हो, सबसे बड़ा है गहना साफ रहना इत्यादि गीतों को सभी ने बहुत सराहा। मेयर सीता साहू ने स्वच्छता हेतु श्रमदान करने तथा पटना की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि घर-घर से कूड़ा कचरा उठाने की व्यवस्था की गई है। हम सब अपने घर में गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग रखें तथा नगर निगम की गाड़ी को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर दें। मौके पर स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । छात्रों ने एक से बढ़कर एक स्वच्छता आधारित श्लोगन भी लिखे और स्वच्छता से संबंधित प्रश्नों का सही उत्तर देकर पुरस्कार प्राप्त किया। साक्षी सिंह, महरूश खान, काजल, खुशी कुमारी, सरिता को नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति हेतु एक एक पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। सलोनी कुमारी, फातिमा, स्वाति कुमारी, वैष्णवी रानी, जिया कुमारी, मुस्कान कुमारी, विशाखा कुमारी को बेहतरीन श्लोगन लिखने के लिए एक-एक कलम देकर पुरस्कृत किया गया।

# दर्जी समाज को सत्ता में भागीदारी एवं वीर अब्दुल हमीद स्मृति भवन निर्माण की मांग को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**विश्वमोहन चौधरी संत**



**पटना।** अखिल भारतीय दर्जी विकास सहकारी समिति लिमिटेड, इदरिसीया दर्जी फेडरेशन एवं वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अली इमाम भारती साहब के नेतृत्व में संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से शिष्टाचार मुलाकात कर एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन ने भारत-पाक युद्ध 1965 के परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद की अमर स्मृति को स्थायी रूप देने हेतु पटना में 'वीर अब्दुल हमीद स्मृति भवन' के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग प्रमुखता से उठाई। फाउंडेशन ने अवगत कराया कि इस संबंध में बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय एवं संकल्पों को शीघ्र मूर्त रूप दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। फाउंडेशन की ओर से यह भी बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई जयंती एवं 10 सितंबर को शहीद वीर अब्दुल हमीद की शहादत दिवस पूरे सम्मान के साथ मनाया जाता है, वहीं 2007 से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा शहादत दिवस राजकीय सम्मान के साथ मनाई जाती है जो एक वीर के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है लेकिन अब तक राजधानी पटना में उनकी स्मृति में कोई स्थायी स्मारक स्थापित नहीं हो सका है तो वहीं पुल पुलिया, सड़क, पार्क एवं अन्य का नामकरण नहीं किया गया जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

# कांग्रेस मीडिया विभाग ने लांच की 'टैलेंट हंट-बिहार की आवाज'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम और राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दूबे, विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा ने आज बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम को राज्य स्तर पर लांच किया। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार प्रजातांत्रिक मूल्यों की वह भूमि है जिसमें लोकतांत्रिक आस्था का बीज अत्यंत गहराई से बोया गया है। वही बीज आज एक वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है जिसके आश्रय में सामाजिक न्याय के कर्णधार राहुल गांधी जी ने प्रजातंत्र की पुनर्स्थापना की क्रांति का आगाज किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब-जब बिहार ने किसी क्रांति का अगाज किया है, तब-तब उसने उसे न्यायपूर्ण और निर्णायक अंजाम तक पहुंचाया है।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और अध्यक्ष राजेश राम ने की पटना और वैशाली जिले की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने चार संगठन जिलों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में पटना महानगर, पटना ग्रामीण-1, पटना ग्रामीण-2 और वैशाली जिले के अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष के साथ बैठक में संगठन सृजन कार्यक्रम के साथ-साथ जिलों में चल रही पार्टी की अलग-अलग गतिविधियों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के पूर्व जिला अध्यक्षों से विस्तृत रिपोर्ट ली गई और फिर जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और जिले के अन्य वरिष्ठ नेताओं से उस पर बिंदुवार चर्चा हुई। बैठक में बिहार के लिये पार्टी की क्या रणनीति हो इस पर भी उक्त जिलों के वरिष्ठ नेताओं से राय मशविरा की गई। समीक्षा बैठक में क्रमवार तरीके से पार्टी के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने गहनता से विस्तृत समीक्षा की। कांग्रेस पार्टी ने ये जिम्मेदारी तय की है कि अब जमीनी और जनहित से जुड़े मुद्दों पर कड़ा संघर्ष कर जनता के समस्याओं का निवारण करेगी।

# अमीशा पटेल और नील नितिन मुकेश के हाथों हिमांशु कुमार कुशवाहा को मिला रियल एस्टेट आइकॉन अवार्ड्स



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एके प्रॉपर्टी सॉल्यूशंस द्वारा प्रस्तुत रियल एस्टेट आइकॉन अवार्ड्स का आयोजन 1 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में किया गया। इस प्रमुख रियल एस्टेट पुरस्कार और सम्मेलन में बिल्डरों, ग्राहकों और सहयोगियों को एकजुट करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में नील नितिन मुकेश, अमीशा पटेल, महक चहल और अमन वर्मा उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन रियल एस्टेट उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा जहां उद्योग के प्रमुख खिलाड़ी एकत्रित होकर भविष्य की रणनीतियों और अवसरों पर चर्चा करेंगे। हिमांशु कुमार कुशवाहा, सीएमडी और फाउंडर, एके ग्रुप ने कहा रियल एस्टेट आइकॉन अवार्ड्स का उद्देश्य रियल एस्टेट उद्योग में उत्कृष्टता को पहचानना और सम्मानित करना है।

# सतत एवं लाभकारी कृषि विकास को लेकर विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक

## किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एम-एस.एच.ओ.पी. मॉडल पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पुराना सचिवालय स्थित सभा कक्ष में किसानों के लिए प्रैक्टिकल एवं प्रोफिटेबल दृष्टिकोण को केंद्र में रखते हुए कृषि क्षेत्र के सतत विकास पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विकास आयुक्त, बिहार मिहिर कुमार सिंह ने की। बैठक में कृषि को अधिक लाभकारी, विविधिकृत एवं बाजारोन्मुख बनाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। विकास आयुक्त ने बैठक में एम-एस.एच.ओ.पी. की अवधारणा को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस मॉडल में कृषि क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि मौसम के अनुकूल, जिलावार एवं क्षेत्रवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए फसल पद्धतियों का चयन किया जाए तथा फसल विविधीकरण को प्राथमिकता दी जाए। विकास आयुक्त ने कहा कि जिन कृषि उत्पादों का वर्तमान में आयात किया जा रहा है, उनके घरेलू उत्पादन को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। ताकि विदेशी मुद्रा की बचत की जा सके।

# कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। यह क्षेत्र राज्य की अधिकांश ग्रामीण आबादी को आजीविका प्रदान करता है तथा सकल राज्य मूल्यवर्धन में लगभग एक-चौथाई का योगदान देता है।

मंत्री ने कहा कि अवसंरचनात्मक चुनौतियों और कृषि-जलवायु संबंधी जोखिमों के बावजूद, सतत सार्वजनिक निवेश और दूरदर्शी नीतिगत सुधारों के कारण बिहार के कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रगति दर्ज की गई है। आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार की योजनाबद्ध पहलें जमीन पर सकारात्मक परिणाम दे रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा लागू चतुर्थ कृषि रोडमैप (2023-28) का प्रमुख उद्देश्य किसानों को आय सुरक्षा प्रदान करना, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करना तथा कृषि को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाना है। इस रोडमैप के तहत फसल उत्पादन, बागवानी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्यिकी एवं अन्य संबद्ध गतिविधियों को राज्य योजनाओं और केंद्र प्रायोजित योजनाओं के प्रभावी समन्वय से सुदृढ़ किया जा रहा है।

# भारत सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत, पटना, बिहार द्वारा 2 फरवरी 2026 को भारत सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रमों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला युवा आवास, पटना में आयोजित की गई। कार्यक्रम में पटना जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 60 युवा प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान युवाओं को भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रमुख योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अंकेश कुमार, कार्यक्रम समन्वयक, एमएसएमई द्वारा एमएसएमई के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न अवसरों की जानकारी दी गई। वहीं प्रमोद कुमार सिंह एवं निशांत कुमार, बिहार युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों, लाभ एवं पात्रता की जानकारी युवाओं के साथ साझा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीता साहू महापौर, पटना नगर निगम ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्रता के अनुरूप प्राप्त करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें। इस अवसर पर उपस्थित मेरा युवा भारत, पटना, बिहार के राज्य निदेशक सूर्यकांत ने युवाओं से आहवान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेरा युवा भारत की गतिविधियों से जुड़ें तथा भारत सरकार द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे सतत प्रयासों के भागीदार बनते हुए राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता करें।

# सदाकत आश्रम में ललित नारायण मिश्र की जयन्ती मनी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. ललित नारायण मिश्र की 104 वीं जयन्ती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि ललित बाबू विकास पुरूष थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के सदस्य के रूप में उन्होंने स्वतंत्रता से पहले उपेक्षित कोशी एवं मिथिला क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये अनेक कार्यक्रम चलाये। ललित बाबू के प्रयास से मिथिला पेंटिंग को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति और स्थान मिला।

# डीएम ने परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही पाए जाने पर पदाधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

## परीक्षा कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा-2026 के सफल, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन सख्त है। इसी क्रम में जिलाधिकारी सिंह ने परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में एक पदाधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया है। 2 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के लिए गठित दल-सह-प्रश्न पत्र वितरण-सह-उत्तर पुस्तिका संग्रह दल में विनय कुमार बैठा प्रखंड परियोजना प्रबंधक बी0पी0आई0यू0 कोचस की प्रतिनियुक्ति की गई थी। 02 फरवरी 2026 को वे अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर ससमय उपस्थित नहीं हुए। इस संबंध में उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल नंबर बंद पाया गया। जिलाधिकारी ने इसे परीक्षा के सफल संचालन को प्रभावित करने वाला कृत्य मानते हुए गंभीरता से लिया है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि संबंधित पदाधिकारी 24 घंटे के भीतर अपने वरीय पदाधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को लिखित स्पष्टीकरण समर्पित करें। अन्यथा बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 की कंडिका-09 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। स्पष्टीकरण स्वीकार होने तक 2 फरवरी 2026 को अनुपस्थित मानते हुए एक दिन का वेतन स्थगित किया गया है। जिला पदाधिकारी ने पुनः स्पष्ट किया है कि परीक्षा कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत जिला जनता दरबार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा सोमवार को सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला जनता का आयोजन किया गया। उक्त जिला जनता दरबार में कुल आठ व्यक्तियों के द्वारा आवेदन पत्र दिया गया जिसमें आवेदक - दुर्गा प्रसाद, पिता-स्वर्गीय रघुनाथ ठाकुर, ग्राम+पोस्ट - खरारी, थाना- नोखा के द्वारा अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे शीघ्र निराकरण हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम को अग्रसारित किया गया। आवेदक संत प्रसाद पाल, ग्राम+पोस्ट - अकोढ़ीगोला के द्वारा अकोढ़ीगोला में कम्बल उत्पादन सह प्रशिक्षण केंद्र को पुनः जीर्णोद्वार के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु उद्योग महाप्रबंधक रोहतास को अग्रसारित किया गया। आवेदक - अनिल कुमार सिंह, पिता-किसुन साह, ग्राम-धर्मपुरा, प्रखंड-नोखा के उत्पन्न भूमि विवाद के समस्या को निदान कराने हेतु आवेदन पत्र दिया गया जिसे निराकरण हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम को अग्रसारित किया गया। आवेदिका प्रियंका कुमारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नासरीगंज के द्वारा स्थानांतरण हेतु अनुरोध पत्र दिया गया जिसे निराकरण हेतु सिविल सर्जन रोहतास को निर्देशित किया गया। आवेदक चंदन कुमार, पिता - स्वर्गीय सुनील राय, ग्राम- अरूही, पोस्ट- पांजर के द्वारा अनुकंपा के आधार पर नौकरी लेने में उत्पन्न विवाद को सुलझाने हेतु आवेदन पत्र दिया गया जिसे निराकरण हेतु जिला स्थापना शाखा, रोहतास को निदशित किया गया। आवेदिका- सिम्पी कुमारी, ग्राम-पोस्ट-पड़रिया, थाना-चुटिया, प्रखंड-नौहट्टा के द्वारा स्कूल में मध्याह्न भोजन रसोइया के योगदान कराने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया। इसी प्रकार शेष सभी शिकायतों/आवेदन पत्रों को संबंधित कार्यालयों/ पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

# रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि को लेकर शिवसागर स्टेशन पर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल का डीडीयू रेल मंडल ने रिकॉर्ड अवसंरचना का विकास, उन्नयन व आधुनिकीकरण जैसे कार्य करते हुए सुचारू रेल परिचालन एवं परिचालन क्षमता में वृद्धि हेतु भी निरंतर कार्य कर रहा है। इसी उन्नयन के क्रम में शिवसागर स्टेशन पर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की स्थापना की गई जिसका शुभारंभ डीडीयू रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के उचित मार्गदर्शन में सीनियर डीएसटीई, डिप्टी सीएसटीई वर्क अजय कुमार पाठक, बिक्रमा राम एवं डीएसटीई स्वाति कुमारी, सतीश कुमार की उपस्थिति में नए सिस्टम के साथ रेल परिचालन का शुभारंभ किया गया। यह इंस्टॉलेशन 1998 के सबसे पुराने पीआइ इंस्टॉलेशन की जगह ले ली है जिसमें मलटी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर, हैसडैग जैसे कई दूसरे एडवांस सिग्नलिंग इक्विपमेंट तकनीक से स्टेशन को लैस कर दिया गया है। इस स्टेशन को 70 रूट क्षमता के साथ अनेकों अत्याधुनिक सिगनलिंग संबंधी सुविधाओं से युक्त कर दिया गया है जो ग्रैंड कार्ड सेक्शन में ट्रेनों के परिचालन में स्पीड बढ़ाने के लिए जरूरी था। यह उपलब्धि प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व मध्य रेल के दिशानिर्देश, मंडल रेल प्रबंधक डीडीयू के उचित मार्गदर्शन तथा मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता ड्राइंग एवं डिजाइन के सहयोग से यह कठिन कार्य समय पर सम्पन्न हो पाया। भारतीय रेल के अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन के अद्यतन दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न उन्नत सिग्नल सिस्टम से युक्त इस स्टेशन से होकर ट्रेनों का आवागमन और भी सुगम तथा सुचारू ढंग से होगा। साथ ही संरक्षा में भी बढ़ोतरी होगी।

# जनसाधारण के हितों के अनुरूप नहीं है बजट : सुनील चमड़िया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** वरिष्ठ अर्थशास्त्री और सीए सुनील चमड़िया ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आम बजट 2026 जमीनी हकीकत से दूर शब्द जाल के जरिए लोगों को लुभाने की पूरजोर कोशिश है। पूरे बजट में अर्थव्यवस्था को 2030 तक 50 बिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के दावे में औद्योगिकरण, रोजगार, शिक्षा, बुनियादी ढांचे आदि की झलक कहीं देखने को नहीं मिलती है। ऐसा लगता है पूरे देश को शब्दों के जरिए बजट को आकर्षक बनाने की कोशिश की गई है। 2025-26 में राजस्व में गिरावट स्पष्ट बताती है कि सरकार ने पूर्व के बजट में भी इसी तरह की लोक लुभावना शब्दों का प्रयोग कर बजट को जमीनी हकीकत या जमीन पर उतरने की कोई मंशा या छटपटाहट नहीं दिखाई थी। पिछले बजट में महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुमानित खर्च का जो लक्ष्य रखा गया था वह कहीं भी पूरा होता नहीं दिख रहा है। आम साधारण से जुड़े हुए यह क्षेत्र मसलन पेयजल, स्कूली शिक्षा उच्च शिक्षा, पर्यावरण, शहरी विकास, आयुष स्वास्थ्य, आदिवासी कल्याण, शहरी आवास योजना, पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया, समग्र शिक्षा, इंडिया ए आई मिशन, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, ग्रामीण विकास सहित 170 योजनाओं के मद अनुमानित खर्च का लक्ष्य कहीं भी पूरा होता नहीं दिख रहा है। कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां अनुमानित खर्च का 10% भी खर्च नहीं होता दिख रहा है जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2 में अनुमानित खर्च 3500 करोड़ के विरुद्ध मात्र तीन सौ करोड़ का 2025 - 26 तक आकलन किया गया है। शहरी चुनौती निधि के तहत अनुमानित खर्च के 10000 करोड़ के विरुद्ध मात्र 1000 करोड़ का खर्च का अनुमान है। 191 योजनाओं में मात्र 20 योजनाओं में ही खर्च के लक्ष्य को हासिल करने का दावा किया गया है। देश पर बढ़ता हुआ कर्ज और कर्ज पर ब्याज की अदायगी पूरी अर्थव्यवस्था पर सरकार के दावे को झुठलाती है कि सरकार 2030 तक 50 बिलियन की अर्थव्यवस्था हासिल करने में कामयाब होगी। 2026 - 27 के बजट में कुल अनुमानित राजस्व प्राप्ति 35.33 लाख के लक्ष्य के विरुद्ध 40% की अदायगी सिर्फ ब्याज मद में की जाएगी। कर्ज के जरिए करीब 16 95 7 68 करोड़ उगाही करने का लक्ष्य रखा गया है जो देश पर बढ़ते हुए कर्ज की चिंताजनक स्थिति बतलाता है। दरअसल आंकड़ों के जरिए लुभावना बजट बनाना और आंकड़ों को हासिल करना यह दोनों में काफी अंतर देखने को मिलता है। आदिवासी कल्याण के सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं जहां 2025-26 में 5582 करोड़ रुपए लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 4023 रुपए खर्च करने का अनुमान है इस तरह शहरी विकास में 53604 करोड़ खर्च के विरुद्ध मात्र 18 949 करोड़ रूपया ही खर्च होने का अनुमान किया गया है। स्कूली शिक्षा मद में 2025-26 में 62 660 करोड़ रुपए के विरुद्ध मात्र 53 730 करोड़ ही खर्च होने का संशोधित अनुमान किया गया है। उच्च शिक्षा के मध्य में 18 15 के विरुद्ध मात्र 800 करोड़ खर्च होने का संशोधित अनुमान है । हर घर को पेयजल मुहैया कराने में अनुमानित 55 82 करोड़ के खर्च के विरुद्ध मात्र 4 023 करोड़ रूपया ही खर्च किए जाने का संशोधित अनुमान मार्च 2026 तक किया गया है। अगर यह कहा जाए कि पूरे बजट में जनसाधारण कहीं नहीं दिखता है तो शायद गलत नहीं होगा।

# लूटकांड का उद्भेदन, मुख्य आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** रुपये से भरा बैग लूट कांड के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शशि शेखर सिंह ने प्रेस वार्ता में मामले का उद्बोधन करते हुए जानकारी दी। मालूम हो कि बिक्रमगंज थाना कांड सं0-69/25 के आरोपी वादी कुश कुमार उम्र 33 वर्ष, पे0-स्व. रामनाथ पासवान, सा.-बकसण्डा, थाना-तरारी, जिला-भोजपुर के लिखित आवेदन के आधार पर तीन अज्ञात मोटरसाइकिल सवार अपराधकर्मी के विरूद्ध वादी का तीन लाख ग्यारह हजार चार सौ इकावन रूपया शिलबंद अवस्था में पिठू बैग सहित छिनतई करने के आरोप में अंकित कराया गया था। इस कांड की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहतास द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज के नेतृत्व में कांड के उद्भेदन हेतु छिनतई की गयी। रेलवे के रूपये की बरामदगी हेतु अनुमंडल स्तर पर एक टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए आए साक्ष्यों के आधार पर वादी से पूछताछ में कुछ स्थानीय रेल कर्मी का नाम बताया गया तथा उसके बयान के सत्यापन के बाद वादी द्वारा अपना अपराध स्वीकार करते हुए स्वीकारोक्ति बयान दिया। स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर वादी कुश कुमार के निशानदेही पर कांड में रेलवे का करीब दो लाख छियासठ हजार रूपया कुश कुमार के घर बकसन्डा से पिठू बैग सहित व बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन का कैश के विवरणी के कागजात के साथ बरामद किया गया तथा अभियुक्त कुश कुमार को गिरफ्तार किया गया। जांच टीम में थानाध्यक्ष ललन कुमार, एस आई विकास कुमार, प्रवीण कुमार विडलाल रंजन एवं खुशबू कुमारी शामिल थे। एसडीपीओ ने कहा कि गठित टीम द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है जिससे समाज में पुलिस का विश्वास बढ़ा है।

# बजट देश में लोगों को आर्थिक बोझ से राहत देने वाला : डॉ. मनीष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय बजट पेश कर देशवासियों को दी बड़ी राहत। इस बार देश की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जारी केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर आम लोगों के बीच सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। इस बजट पर खुशी व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सीनेट सदस्य डॉ. मनीष रंजन बताया कि यह पेश बजट देश के जनहित में विकसित भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक और संतुलित बजट है जिस पेश बजट से देश में मध्यम वर्ग के समाज को राहत के साथ आयकर ढांचे में बदलाव और विदेश यात्रा या पढ़ाई के लिए भेजे जाने वाले पैसे पर कर की दरों में कटौती 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत की गई है जिसे लेकर मध्यम वर्ग अभिभावकों में काफी खुशी जाहिर की है। इस बजट में युवाओं के लिए शिक्षा से रोजगार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने हेतु एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति के गठन का प्रस्ताव दिया गया है जो युवाओं के लिए नए अवसर खोलेगा। साथ ही बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी अंतर्गत हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर इंफ्रास्ट्रक्चर और जल मार्गों के विस्तार जैसी घोषणाओं ने व्यापारिक वर्ग और आम जनता में भविष्य के प्रति उत्साह जगाया है। दूसरी तरफ देखा जाए तो मानसिक स्वास्थ्य के लिए निमहांस-2 की स्थापना और जिला अस्पतालों में बेहतर ट्रामा सेंटर की सुविधाओं के वादे ने स्वास्थ्य क्षेत्र में नई उम्मीदें को जगा दिया है।

# मांगों को लेकर रेलवे कर्मचारी यूनियन ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन हाजीपुर के आह्वान पर डिहरी ऑन-सोन स्टेशन स्थित सीनियर सेक्शन इंजीनियर एवं डिपो कार्यालय कर्षण विभाग के यहां रेलकर्मियों के विभिन्न बुनियादी समस्याओं के समाधान एवं समर्थन में सुरक्षा कोटि एवं अन्य श्रेणियों के पदों को सरेंडर पर अविलंब रोक लगाने, सभी श्रेणियों के रिक्त पदों पर नियमित कर्मचारियों की भर्ती करने, यूनिफाइड पेंशन योजना में पुरानी पेंशन योजना जैसी सुविधा देने, बोनस में बढ़ोतरी करने, प्वॉइंट्स मैन और ट्रैकमैन श्रेणियां के लिए लेवल 6 तक लाभ देने, नई रेलवे क्वार्टर बने, ट्रैक मेंटेनर को रक्षक कवच प्रदान कर सीमित पेट्रोलियम करने तथा आउटसोर्सिंग एवं निजीकरण की प्रक्रिया अविलंब बंद करने जैसे 36 विभिन्न मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया गया और केंद्र सरकार से मांग की गई की इसे अविलंब पूरी की जाए। इस अवसर पर इसीआरकेयू के अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, विजय बहादुर सिंह, राजेश कुमार, शाखा प्रभारी सचिव संजय कुमार, संगठन सचिव रामायण राय, मुश्ताक अंसारी, शंभू शरण कुमार, आशुतोष कुमार, कुमार रंजन, संजय सिंह, संजय कुमार, रविकांत गुप्ता, संतोष सिंह, अनिल पाल, श्री भगवान सिंह, अजमुद्दीन अंसारी, संजय मंडल अली अफसर, अजय कुमार, नेपाल मुखर्जी सहित सैकड़ो रेल कर्मी उपस्थित थे।

# सूटकेस में मिले शव के मामले में पांच पर प्राथमिकी, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सब्जी मंडी के पास ट्रॉली बैग में मिले महिला के शव के मामले में पांच पर प्राथमिकी दर्ज किया गया। दो को सोमवार को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। जक्खी बिगहा निवासी पति क्यामुदीन की दूसरी युवती से अवैध संबंध के कारण पत्नी की हत्या कर ट्रॉली बैग में रख सब्जी मंडी के पास कूड़े के ढेर में फेंक दिया था। पुलिस के अनुसार मृतका लगभग 25 वर्षीय मैरून खातून उत्तरप्रदेश के चंदौली जिले के सकलडीहा स्टेशन के समीप बटघी गांव की निवासी है जिसकी शादी 5 नवंबर 2022 में डिहरी के जक्की बीघा निवासी मोहम्मद क्यामुद्दीन से हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही उसकी मां समेत अन्य परिजन कल देर शाम सासाराम पोस्टमार्टम हॉउस पहुंचे व शव की पहचान की। परिजनों ने पति समेत परिवार के अन्य सदस्यों पर हत्या का गंभीर लगाया है। परिजनों के अनुसार पति क्यामुद्दीन का उसकी मामी की बहन के साथ अवैध संबंध है जिसको लेकर अक्सर पति-पत्नी में झगड़ा होता रहता था। उन्होंने यह भी बताया कि बीती रात क्यामुद्दीन ने फोन पर सूचना दी थी कि मैरून खातून घर से भाग गई है जिसके बाद वे लोग मायके में उसका इंतजार कर रहे थे, लेकिन सूचना मिली कि उसका शव ट्रॉली बैग से बरामद हुआ है। इससे पूर्व क्यामुद्दीन की मां का भी उसके देवर ने बेरहमी से हत्या कर दी थी। एसपी रौशन कुमार के अनुसार मृतका की पहचान मैरून खातून, पति कयामुद्दीन अंसारी, जक्की बिगहा के रूप की गई।

# संत शिरोमणि रविदास जयंती पर होली मिलन समारोह कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के राजीरामडिहरा गांव में रविवार को संत गुरु रविदास जी महाराज का 649वीं जयंती मनाई गई जिसके उपलक्ष्य में पूरे गांव के लोगों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत गुरु रविदास के भजन के साथ हुई। उसके बाद एक से बढ़कर एक पारम्परिक होली गीतों को ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किया गया जिस तरह इस कार्यक्रम में उस गांव के लोग एक जगह होकर बिना किसी जात-पात और उंच नीच के भेदभाव के इतना सुन्दर होली का कार्यक्रम प्रस्तुत किया उससे यह साबित होता है कि संत शिरोमणि रविदास जी समाज में समानता और समरसता के क्षेत्र में अपना अहम योगदान दिया है। फलस्वरूप यह कार्यक्रम उनके द्वारा किए गए समाज सुधार कार्यो का एक उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। ऐसा माना जाता है कि माघ पूर्णिमा के दिन गुरु रविदास का जन्म हुआ था जिसके उपलक्ष्य में उनका जन्मोत्सव मनाया जाता है और उसी दिन से होली की शुरुआत हो जाती है। उसके बाद जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ता गया वैसे-वैसे आसपास के गांव के लोग कार्यक्रम में पहुंचते गए जिससे कार्यक्रम और भी भव्य हो गया। गांव के लोग पारम्परिक होली के गाने गाये और ढ़ोल नगाड़े के ताल पर थिरकते नजर आये जो वहां पर मौजूद ग्रामीण दर्शकों का मन मोह लिया।

# पहले दिन इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 का पहला दिन शांतिपूर्ण रहा। बिक्रमगंज प्रखंड मुख्यालय के 12 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों पर गहन जांच के बाद ही छात्रों को प्रवेश दिया गया। मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर प्रतिबंध था। दंडाधिकारी और पुलिस बल तैनात रहे जिन्होंने कड़ी निगरानी रखी। परीक्षा 2 से 13 फरवरी तक दो पालियों में आयोजित की जा रही है।

# बिजली विभाग में इज ऑफ लिविंग के तहत जनता दरबार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान (इज ऑफ लिविंग) की नीति के तहत विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम अंतर्गत अवस्थित सभी विद्युत कार्यालयों में उपभोक्ताओं की शिकायत के निष्पादन को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपभोक्ता द्वारा अपने गलत बिजली बिल, नए कनेक्शन लेने की प्रक्रिया की जानकारी एवं अन्य समस्याओं को लेकर शिकायत दर्ज कराई गयी है। इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायत के त्वरित निष्पादन को लेकर शीर्ष कंपनी द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में सोमवार को दोपहर 12:30 से 02:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति अंचल कार्यालय, प्रमंडल कार्यालय व सभी अवर प्रमंडल तथा प्रशाखा कार्यालय में उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी गयी। कुछ उपभोक्ताओं का ऑनस्पॉट समाधान कर दिया गया जिनके आवेदन का ऑनस्पॉट समाधान संभव नहीं थे उनका आवेदन ले लिया गया है। बता दें कि प्राप्त शिकायतों के लिए पंजी का संधारण किया गया है तथा उनके सतत अनुश्रवण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गयी है। उपभोक्ताओं को सहूलियत देने को लेकर बिजली कंपनी ने अपने सभी पदाधिकारियों को सोमवार एवं शुक्रवार को जनता की शिकायत सुनने एवं उसका निवारण करने हेतु विशेष शिविर आयोजित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस जनसुनवाई व्यवस्था के तहत प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा व प्राप्त शिकायतों के निष्पादन को लेकर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)

बिहार सरकार

### अतिअल्पकालीन अभिरूचि का अभिव्यक्ति आमंत्रण

### EOI सूचना संख्या – 07/2025.26

मानीय NGT द्वारा O.A. No.- 606/2018 में दिनांक– 14.12.2020 को पारित आदेश के अनुपालन में तथा मुख्य सचिव बिहार सरकार के आदेश ज्ञापांक– 03/न्या०–14–18/2018/1018, पटना दिनांक– 11.04.2019 के आलोक में विभागीय पत्रांक– 1325 दिनांक– 24.05.2019 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016 के क्रियान्वयन के तहत Material recovery Facilities + Windrow Compost Plant विकसित करने हेतु बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 99 के द्वारा नगर निकायों को भूमि क्रय काने की प्राप्त शक्ति के अधीन एवं विभागीय संकल्प ज्ञापांक– 5808 दिनांक– 26.11.2015 नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक– 3503 दिनांक– 22.09.2025 तथा विभागीय ज्ञापांक–2018, दिनांक– 15.03.2024 द्वारा केन्द्रीय भूमि–अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा–104 के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्य सरकार एतद् द्वारा आवश्यकतानुसार लोक उद्देश्य के कार्यो तथा अधारभूत संरचना एवं लोक प्रयोजन के परियोजनाओं हेतु रेयतो से भूमि लीज पर प्राप्त करने के लिए न्यूनतम मूल्य पंजी पर रैयती भूमि लीज करने की स्वीकृति के तहत नगर पंचायत, रफीगंज द्वारा इच्छूक भूस्वमियों से अधिसीमा में जिला निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित दर एवं बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के अनुसार लीज पर लेने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

| क्र० सं० | विवरणी | जमीन की आवश्यकता | शहर से भूमि की मान्य दूरी | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sanitary Landfill विकसित करने हेतु आवश्यक भूमि का रकवा (एकड़ में) | 2 एकड | 05 किलो मीटर (जनसंख्या रहित) | भूमि का प्रकार रैयती भूमि लीज पर लेने कि स्थिति में न्यूनतम दस वर्षो के लिए लीज किया जायेगा |
| 2 | Material recovery Facilities + Windrow Compost Plant विकसित करने हेतु आवश्यक भूमि (एकड़ में) | 1.55 एकड | | |

उक्त शर्तो के आलोक में नगर पंचायत, रफीगंज द्वारा इच्छुक भू–स्वामी दिनांक– 21.02.2026 को 03:00 बजे अपराहन तक बंद लिफाफे में परिशिष्ट–1 में दिये गये प्रारूप में मांगी गयी सूचना और आवश्यक कागजातों के साथ आवेदन/प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। बन्द लिफाफे पर पता के रूप में नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना संख्या–07/2025-26 तथा लिफाफे के उपर आवेदन का विशय अवश्य उल्लिखित होना चाहिए। भू–स्वामियों से प्राप्त आवेदन/प्रस्तावों को दिनांक– 27.02.2026 को 04:00 बजे अपराहन में नगर पंचायत, रफीगंज कार्यालय में सशक्त स्थायी समिति के समक्ष खोला जाएगा। निर्धारित तिथि को किसी कारणवश अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यदिवस को पूर्व निर्धारित समय पर आवेदन/प्रस्तावों को खोला जाएगा। विस्तृत जानकारी एवं विहित प्रपत्र हेतु इच्छूक भू–स्वामी/संस्था किसी भी कार्य दिवस तथा कार्यवधि में नगर पंचायत, रफीगंज में स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सम्पर्क कर सकते है।

**नोट :–** उल्लिखित दस्तावेजों में से किसी एक के भी अनुपब्ध होने की स्थिति में भू–स्वामी का आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। प्रकाशित सूचना में परिवर्तन करने या रद्द का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

**नगर कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत, रफीगंज**

PR- 023107 (B & C) 2025-26

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।


**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

# केपी मेमोरियल प्रीमियर लीग : बलिया बुजुर्ग गोल्डन ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में बनाई जगह

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** अकबरपुर प्रखंड क्षेत्र के अकबरपुर बाजार स्थित संगत जी के प्रांगण में बने अंडरग्राउंड स्टेडियम में खेले जा रहे कृष्ण प्रसाद मेमोरियल प्रीमियर लीग (सीजनझ्1) के अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बलिया बुजुर्ग गोल्डन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रांति क्रिकेट क्लब हसवा को तीन विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मुकाबला अंत तक दर्शकों को बांधे रखने वाला बेहद रोमांचक रहा। मैच से पूर्व अकबरपुर थाना के सहायक अवर निरीक्षक उमेश कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबले का शुभारंभ किया। टॉस जीतकर बलिया बुजुर्ग के कप्तान गोल्डन ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया, जिसे उनके गेंदबाजों और फील्डरों ने पूरी तरह सही साबित किया। बलिया बुजुर्ग की कसी हुई गेंदबाजी के सामने हसवा की मजबूत मानी जा रही टीम निर्धारित 10 ओवर में मात्र 40 रन ही बना सकी। इस दौरान गेंदबाज अल्तमस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 रन






देकर 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बलिया बुजुर्ग की टीम को हसवा के गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों ने कड़ी चुनौती दी। टीम लगातार दबाव में नजर आई, लेकिन कप्तान गोल्डन ने एक छोर संभालते हुए 29 रनों की जुझारू पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए अल्तमस को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बलिया बुजुर्ग के उप मुखिया प्रतिनिधि अमित पांडे और वार्ड सदस्य धनजीत कुमार छोटू ने प्रदान किया। टूनार्मेंट का सेमीफाइनल मैच आज खेला जाएगा, जबकि फाइनल मुकाबला 4 फरवरी को आयोजित होगा। इस अवसर पर टूनार्मेंट कमेटी के अध्यक्ष राजीव कुमार बॉबी, महामंत्री संजीव कुमार, कॉमेंटेटर सिद्धार्थ कुमार, मोहम्मद तौफीक, स्कोरर शिवम राज, अंपायर व खेल प्रशिक्षक हर्ष राय एवं आशिक सहित लवकुश यादव, कुंदन कुमार, मिनती वर्मा, गुलाम सरफुद्दीन, पिंटू कुमार, प्रभात कुमार, छोटू कुमार, सत्यम राज, केशव महाराज समेत सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# दो प्रधानाध्यापकों के बीच फंसा 15 इंटरमीडिएट परीक्षार्थियों का भविष्य, निर्गत प्रवेश पत्र में कई गलतियां

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के भगवानपुर गांव स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के 15 छात्र-छात्राएं वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली इंटरमीडिएट की परीक्षा से वंचित हो गए। छात्रगण व परिजन के अनुसार इसके पीछे का मुख्य कारण विद्यालय की पूर्व प्रधानाध्यापिका सरिता कुमार और नवपदस्थापित प्रधानाध्यापिका सरोज यादव के बीच विवाद है। परीक्षार्थियों के जारी प्रवेश पत्र में विषय, जन्मतिथि व आधारकार्ड से संबंधित कई त्रुटियां हैं। परीक्षार्थी नीलम कुमारी ने बताई कि वे स्वतंत्र छात्रा है एवं पूर्व प्रधानाध्यापिका सरिता कुमारी के माध्यम से वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाई थी। विद्यालय द्वारा प्राप्त रजिस्ट्रेशन कार्ड में सभी डाटा सही भरा हुआ है,किंतु प्रवेश पत्र में विद्यालय स्तर से ही जानबुझकर त्रुटि किया गया है। उन्होंने कहा कि जब वे अपनी समस्या को लेकर विद्यालय पहुंची,तो प्रधानाध्यापिका सरोज यादव ने कहा कि आपको हम नहीं जानते हैं और ना ही आपका कोई दस्तावेज हमारे विद्यालय में है। परीक्षार्थी विद्यालय प्रशासन के जवाब सुनकर जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं बिहार बोर्ड में इसकी शिकायत की है।

### पैसे की लालच में हुआ खेल

प्रखंड क्षेत्र के कुछ विद्यालयों द्वारा पैसे की लालच में स्वतंत्र रूप से छात्र छात्राओं का मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए रजिस्ट्रेशन और फॉर्म भरवाया जाता है। इसके लिए छात्र-छात्राओं को शपथ पत्र के साथ अन्य दस्तावेज दिया जाता है। किंतु भगवानपुर स्थित विद्यालय में पूर्व प्रधानाध्यापिका सरिता कुमार का विवाद पूर्व प्रभारी अमित कुमार और नवपदस्थापित प्रधानाध्यापिका सरोज यादव के साथ लंबे समय तक चला। इसी बीच सरिता कुमारी द्वारा 15 स्वतंत्र बच्चों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया, किंतु प्रवेश पत्र में त्रुटियां रह गई।

### सामाजिक और राजनीतिक दवाब में परीक्षार्थियों को मिला त्रुटिपूर्ण प्रवेश पत्र

भगवानपुर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरोज यादव ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरिता कुमारी द्वारा स्वतंत्र रूप से 15 बच्चों के भरवाए गए फॉर्म व दस्तावेज की जानकारी विद्यालय को नहीं है। इसके बावजूद समाजिक और राजनीतिक दवाब में आकर वे जनवरी 2026 में प्रवेश पत्र निर्गत की थी,जिनमें 12 लोगों ने प्रवेश पत्र लिया है और शेष 3 लोगों का प्रवेश पत्र विद्यालय में पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि उनके स्तर से किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं की गई और वे बच्चों के हित में बोर्ड एवं वरीय पदाधिकारियों के पास पत्राचार भी की है।

### साइबर कैफे में है विद्यालय का आईडी व पासवर्ड

पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने कहा कि वे नवंबर 2024 में प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में विद्यालय आए थे,किंतु सरिता कुमारी द्वारा विद्यालय का यूजर आईडी एवं पासवर्ड मांगे जाने पर नहीं दिया गया और कहा गया कि वे भूल चुकी है। इसकी शिकायत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी से भी की गई थी। वहीं 25 जुलाई 2025 को सरोज यादव प्रधानाध्यापिका के रूप में पदस्थापित हुई,उसके बाद विद्यालय का यूजर आईडी और पासवर्ड दिया गया। उन्होंने सरिता कुमारी पर यह भी आरोप लगाया कि विद्यालय आनेवाले कई बच्चे किसी साइबर कैफे में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन आदि करवाएं हैं,जिसका मतलब साफ है कि विद्यालय का यूजर आईडी और पासवर्ड सायबर कैफे के पास होगा।

### परीक्षार्थी व अभिभावक की बढ़ी परेशानी

उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर से इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाए 15 बच्चे परीक्षा देने से वंचित हो गए। परिजनों ने कहा कि वे विद्यालय द्वारा मांगे गए पैसे व आवश्यक दस्तावेज देकर भी उनका एक साल बर्बाद हो गया है।

### क्या कहते हैं पदाधिकारी

इस संबंध में बीडीओ संजीव झा



ने बताया कि शिकायत मिलने पर उन्होंने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा है।

# सीओ एवं राजस्व अधिकारी गए हड़ताल पर, कार्यालय में लटका ताला

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** संघ के आहवान पर कौआकोल सीओ मनीष कुमार एवं राजस्व अधिकारी अनीश कुमार के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से अंचल कार्यालय में सन्नाटा छा गया है। सीओ एवं राजस्व अधिकारी के हड़ताल पर चले जाने से दाखिलखारिज सहित विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र निर्गत करने का काम ठप हो गया है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़नी तय हो गई है। सीओ मनीष कुमार ने बताया कि 29 जनवरी के मंत्रिपरिषद की बैठक में डीसीएलआर पद से संबंधित लिये गये निर्णय के विरोध में वे लोग संघ के आहवान पर हड़ताल पर हैं। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गये निर्णय उनके संवर्ग के हित में नहीं है। इससे उनलोगों के प्रमोशन को खतरा है। राजस्व अधिकारियों का मानना है कि राजस्व अधिकारी ही प्रमोट होकर डीसीएलआर और एडीएम बनते थे। लेकिन अब एक नया पोस्ट बनाये जाने से उनकी संभावनाएं समाप्त हो सकती है। सीओ का कहना है कि कैबिनेट के निर्णयों से बिहार राजस्व सेवा के अधिकारियों के पदोन्नति मार्ग और कार्यक्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिससे यह निर्णय न केवल बिहार राजस्व सेवा नियमावली 2010 की भावना के विपरीत है, बल्कि माननीय पटना उच्च न्यायालय के पूर्व आदेशों की भी अनदेखी करता है। सीओ ने कहा कि दाखिल-खारिज, जमाबंदी अद्यतन, म्यूटेशन अपील और भूमि विवाद निबटारे जैसे मामलों में पहले से ही कार्यभार अधिक है, ऐसे में सेवा शर्तों में अस्थिरता कर्मचारियों का मनोबल गिरा रही है।

# इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 : प्रथम दिन प्रथम पाली का डीएम ने किया निरीक्षण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा 02 फरवरी 2026 से इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 का आयोजन प्रारंभ किया गया है।परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम पाली में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा के०एल०एस० कॉलेज, नवादा, गंगा रानी कॉलेज, नवादा एवं कन्हाई इंटर विद्यालय, नवादा स्थित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास व्यवस्था सहित कदाचार-मुक्त परीक्षा संचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेशों के आलोक में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं कर्मियों को स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आज प्रथम पाली में के०एल०एस० कॉलेज से पाँच (छोटू कुमार, अंकुश कुमार, रविंद्र कुमार, योगेश्वर कुमार एवं शुभम कुमार), गंगा रानी कॉलेज से पाँच (आदित्य राज, निखिल कुमार, नितीश कुमार, अनुज कुमार एवं अभिषेक कुमार) तथा कन्हाई इंटर विद्यालय से तीन (काजल कुमारी, शिबू कुमारी एवं आरती कुमारी), कुल 13 परीक्षार्थी कदाचार में लिप्त पाए गए, जिन्हें परीक्षा से निष्कासित करते हुए नियमानुकूल कार्रवाई की गई है।साथ ही, के०एल०एस० कॉलेज के 04, गंगा रानी कॉलेज के 04 एवं कन्हाई इंटर विद्यालय के 02 वीक्षकों द्वारा फ्रिस्किंग में लापरवाही बरतने के आरोप में उनसे स्पष्टीकरण की मांग करने का



निर्देश दिया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुई है। प्रथम पाली में जीव विज्ञान एवं दर्शनशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि द्वितीय पाली में अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित हो रही है। परीक्षा दो पालियों में पूर्वाह्न 09:30 बजे से 12:45 बजे अपराह्न तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे तक आयोजित की जा रही है।

# राजगृह पहुंचा जैन संत विशल्य सागर का काफिला

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** गिरियक से मंगल विहार करते हुए प्रख्यात दिगम्बर जैन संत श्रमण केशरी 108 श्री विशल्य सागर जी महाराज के संघ की आहार व्यवस्था सिथौरा स्थित अमेज वाटर पार्क में सुनिश्चित की गई। पावापुरी स्थित भगवान महावीर प्रथम साधना स्थली के महामंत्री दीपक जैन ने बताया कि सोमवार को



गिरियक से राजगृह के लिए मंगल विहार के क्रम में मुनिश्री का संघ सिथौरा स्थित अमेज वाटर पार्क पहुंचा, जहां उनके आहारचर्या की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उन्होंने बताया कि आहारचर्या के बाद मुनिश्री ने सामायिक किया। इसके उपरांत वे राजगृह के लिए मंगल विहार कर गए। मुनिश्री का संघ संध्या समय राजगृह स्थित दिगम्बर जैन मंदिर पहुंच चुका है, जहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनका पग प्रच्छालन कर उनसे मंगल आशीष प्राप्त किया। इस अवसर पर राजगृह क्षेत्र से जुड़े विजय कुमार जैन, मुकेश जैन, संजीत जैन, रवि जैन, विमल जैन, वैद्यनाथ जैन व अमेज वाटर पार्क के निदेशक आशीष जैन सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

# दस-दस बच्चों को किया गया शिक्षकों के साथ टैग

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में एक अच्छी पहल शुरू की गई है। प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा की देख रेख में दस- दस बच्चों का समूह बनाकर शिक्षकों के साथ उन्हें टैग किया गया है। वर्ग कक्ष में रूटीन के अनुसार पढ़ाई के अलावा इन बच्चों को जिन शिक्षकों के साथ टैग किया गया है, वे उन्हें गृह कार्य देंगे। साथ ही इन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक सहायता एवं मार्गदर्शन करेंगे। विद्यालय में इस नई पहल की विद्यालय शिक्षा समिति ने सराहना की है। विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष डोमा मांझी एवं सचिव रूही आफरीन ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई और बेहतर होगी। 31 जनवरी को अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी में अभिभावकों को इसकी जानकारी दी गई है।

# वारिसलीगंज/नवादा रेलखंड पर निर्माण से मिलेगी जाम से मुक्ति, भूमि अर्जन की प्रक्रिया प्रारंभ

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** वारिसलीगंज/नवादा रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 33/इ1 (रेलवे कि०मी० 70/06/07) के स्थान पर पहुँच पथ सहित रेल ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु कुल 1.50116 एकड़ भूमि का भू-अर्जन किया जाना प्रस्तावित है। भू-अर्जन प्रक्रिया के अंतर्गत सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन एवं बहु-विषयक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात समाहर्त्ता, नवादा द्वारा धारा 11(1) के अंतर्गत नवादा अंचल के मौजा मिजार्पुर अंतर्गत निहित भूखंडों का प्रारंभिक अधिसूचना प्रकाशन किया जा रहा है। अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन, इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई भी अंतरण (क्रय/विक्रय) जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा तथा न ही उक्त भूमि पर किसी प्रकार का भार/विल्लंगम उत्पन्न किया जा सकेगा।इसके अतिरिक्त, बिहार भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियमावली, 2014 के अंतर्गत अधिनियम की धारा 15 के अनुसार, अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के भीतर भू-अर्जन से संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्ति हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, नवादा के समक्ष दर्ज कराई जा सकती है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो सड़क हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान तेलमर थाना क्षेत्र के तेलमर गांव निवासी रघुवीर मांझी (64) और चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरनौसा प्रखंड के सरैया गांव निवासी राजीव कुमार (22) के रूप में हुई है। दोनों ही मामलों में अज्ञात वाहन चालक घटना के बाद वाहन समेत फरार हो गया। पहली घटना तेलमर थाना क्षेत्र की है। मृतक रघुवीर मांझी के नाती बबलू कुमार ने बताया कि वे रोज की तरह सुबह बकरी चराने के लिए घर से निकले थे। गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर राजगीर टूरिस्ट वे पर एक चार पहिया वाहन ने उन्हें तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन उन्हें करीब 500 मीटर तक घसीटते हुए ले गया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। दूसरी घटना चंडी थाना क्षेत्र की है। मृतक राजीव कुमार के भाई संजीत कुमार ने बताया कि राजीव बाइक से अपने ससुराल वारसलीगंज जा रहा था। इसी दौरान सालेपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर चोट लगने के कारण राजीव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। तेलमर थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार एवं चंडी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों मामलों में पुलिस जांच में जुटी है और फरार वाहन चालक की पहचान की जा रही है।

# कौआकोल पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री के लिए लगाया गया शिविर

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के कौआकोल पंचायत स्थित राजस्व कचहरी में सोमवार को फार्मर रजिस्ट्री के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में दर्जनों किसानों का निःशुल्क फार्मर आईडी कार्ड बनाया गया। किसान समन्वयक शशिभूषण कुमार आनन्द एवं राजस्व कर्मचारी प्रकाश कुमार ने बताया कि शिविर में किसानों का आधार कार्ड एवं ऑनलाइन से निर्गत लगान रसीद एवं मोबाइल नम्बर प्राप्त कर सम्बन्धित कर्मियों के द्वारा सत्यापन के पश्चात फार्मर रजिस्ट्री किया गया। उन्होंने बताया कि किसान आईडी नहीं बनाने वाले किसानों को पीएम किसान सम्मान सहित अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित होना पड़ जायेगा। उन्होंने किसानों से अनिवार्य रूप से फार्मर रजिस्ट्री कार्ड बनवाने की अपील किया है।

# पशुपालन विभाग द्वारा खुरपका-मुंहपका रोग रोधी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** जिला में खुरपका-मुंहपका रोग रोधी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 4 माह से अधिक आयु के गोपशु एवं भैंस जाति के पशुओं को निःशुल्क टीका लगाया जाएगा। जिला मुख्यालय में मेयर अनिता देवी द्वारा डॉ० रमेश कुमार जिला पशुपालन पदाधिकारी, नालंदा की उपस्थिति में एफएमडी टीकाकरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन स्थल पर ही कई गायों में टीका लगाया गया और साथ ही जिन पशुओं में पूर्व से टैग नहीं लगा था उन्हें टैग किया गया। जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत सरकार की इस योजना का क्रियान्वयन बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के पशुपालन निदेशालय के सहयोग से चलाया जा रहा है जिसके प्रथम चरण में कई अन्य जिलों के साथ नालंदा जिला में भी कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिला में कुल 4 लाख 85 हजार एक सौ पशुओं को टीका लगाया जाएगा। जिन पशुओं को इस रोग के लिए पहलीबार टीका दिया जाएगा उन्हें एक माह बाद बूस्टर टीका लगाने का प्रावधान है। यदि किसी पशु में पूर्व से टैग नहीं लगा है तो उसे टीकाकरण के साथ टैग भी किया जाएगा। यह टैग पशु का पहचान होता है और जैसे व्यक्ति का आधार कार्ड होता है वैसे ही पशु का टैग उसका आधार कार्ड होता है। जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा सभी पशुपालकों से अनुरोध किया गया कि अपने योग्य पशुओं को टीकाकरण अवश्य करा लें।

# 40 केन्द्रों पर इंटरमीडिएट परीक्षा शुरू

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा सोमवार से शुरू हो गया। जो 13 फरवरी 2026 तक दो पालियों में लिया जा रहा है। इस परीक्षा के लिए जिला में 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बिहारशरीफ में 31 परीक्षा केंद्र, राजगीर में 4 परीक्षा केंद्र तथा हिलसा में 5 परीक्षा केंद्र पर परीक्षा लिया जा रहा है। छात्राओं के लिए 18 परीक्षा केंद्र तथा छात्रों के लिए 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सोमवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र अंतर्गत आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षाझ2026 को सुचारु, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया ।



निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा एस०एस० बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिहारशरीफ तथा सदर आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल, कागजी मोहल्ला, बिहारशरीफ स्थित परीक्षा केंद्रों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं, परीक्षा कक्षों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सहित सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा निर्गत सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में आयोजित हुई जनसुनवाई

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** बिहार सरकार के सात निश्चय के सातवें निश्चय सबका सम्मान झ जीवन आसान का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यो के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निदेर्शानुसार जिले के



ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 18 शिकायतें दर्ज कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्ता द्वारा कई शिकायतों का ऑन-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अंचलझअकबरपुर, ग्राम एवं पोस्टझछोटकी अवामा के छोटेलाल कुमार द्वारा भूमि परिमार्जन नहीं होने के संबंध में, थानाझहिसुआ, ग्राम एवं पोस्टझमँझवे के सागर कुमार द्वारा दाखिल-खारिज रद्द करने के संबंध में, प्रखंडझअकबरपुर के दिलीप कुमार द्वारा भूमि घेराबंदी के संबंध में, थानाझगोविंदपुर, ग्रामझबहरगांव के राजेश कुमार चौधरी द्वारा दिनांक 30 मार्च 2025 को साक्षात्कार में उपस्थित नहीं हो पाने के संबंध में तथा थाना नवादा, ग्राम महुली के रामचंद्र प्रसाद यादव द्वारा भूमि विवाद के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं। अपर समाहर्ता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

# हर्ष के शतक से नवादा ऑटोमोबाइल्स जीता

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में सिरदला के लौंद हाई स्कूल में आयोजित ए डिविजन लीग के आज के मुकाबले में नवादा ऑटोमोबाइल्स क्रिकेट क्लब का मुकाबला नवादा क्रिकेट अकादमी की टीम से हुआ। नवादा ऑटोमोबाइल्स के कप्तान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 370 रनों का स्कोर खड़ा किया। नवादा ऑटोमोबाइल्स के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए हर्ष कुमार ने शानदार शतक 161 रन ,जबकि सुमन सौरभ ने 67 और अमन आर्यन ने 60 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए नवादा क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज प्रिंस यादव ने तीन जबकि हर्ष तेजस एवं शिव ने एक-एक खिलाड़ियों को आउट किया।

# बरौन गांव में सरसों की खेती से अवगत हुए किसान

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल।** प्रखण्ड के दरावां पंचायत अंतर्गत बरौन गांव में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा, नवादा के बैनर तले समूह अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण कार्यक्रम के तहत सरसों फसल का प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तरह अधिक उत्पादन देने वाली सरसों की प्रजाति डीआरएमआर 150-35 का प्रक्षेत्र प्रदर्शन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ रविकांत चौबे ने किसानों को तकनीक,अधिक उत्पादन देने वाली सरसों की प्रवेश,समेकित व्याधि प्रबंधन, बीज उपचार, समेकित उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण आदि की जानकारी किसानों को दी। कार्यक्रम में मौजूद ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने लोगों को कृषि में नई तकनीकी को अपनाने पर बल दिया। मौके पर उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने किसानों को फसलों में लगने वाले रोग एवं कीड़े से निदान के बारे में जानकारी दिया। विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि प्रसार अंगद कुमार ने किसानों को खेती के साथ-साथ समेकित खेती करने हेतु तथा विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दिए। मौके पर विकास कुमार,सन्नी कुमार,पप्पू कुमार, प्रगतिशील किसान राणा रणधीर सिंह, सरपंच अर्जुन साव समेत दर्जनों किसान मौजूद थे।

# शेरघाटी के सात केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण शुरू, 52 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शेरघाटी।** शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र के सात परीक्षा केंद्रों पर सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इंटरमीडिएट परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई। परीक्षा के सफल और कदाचारमुक्त संचालन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सभी केंद्रों पर पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी, वहीं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी निगरानी की गई।

हालांकि कई परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से विलंब से पहुंचने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित होना पड़ा। इस दौरान छात्राएं और उनके अभिभावक परीक्षा केंद्र के पदाधिकारियों से अनुनय-विनय करते दिखे, लेकिन बोर्ड के सख्त निर्देशों के आलोक में किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के नियमों का पूरी पारदर्शिता के साथ पालन किया जा रहा है और निर्धारित समय के बाद प्रवेश पूरी तरह वर्जित है। उन्होंने बताया कि परीक्षा हॉल में प्रवेश से पूर्व सभी परीक्षार्थियों की सघन शारीरिक जांच की गई, इसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया। प्रथम पाली में कला संकाय की परीक्षा आयोजित की गई जिसमें दर्शनशास्त्र विषय की परीक्षा हुई जबकि दूसरी पाली में विज्ञान संकाय के तहत जीव विज्ञान एवं कला संकाय में अर्थशास्त्र की परीक्षा संपन्न कराई गई। प्रथम पाली में कुल 3745 परीक्षार्थियों में से 3706 उपस्थित रहे जबकि 39 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं दूसरी पाली में कुल 562 परीक्षार्थियों में से 549 परीक्षा में शामिल हुए और 13 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार पहले दिन दोनों पालियों को मिलाकर कुल 52 परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित रह गए।

अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया है और कहीं से किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है। परीक्षा पूरी तरह कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही है।

# शेरघाटी गोला बाजार में दिनभर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, लोगों ने फैसले का किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने सोमवार को बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। इसके तहत शेरघाटी गोला बाजार मुख्य मार्ग में सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस आदेश के लागू होने से बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू रहने की उम्मीद जताई जा रही है। जानकारी देते हुए एसडीओ मनीष कुमार ने बताया कि गोला बाजार मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों के कारण आए दिन गंभीर जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इससे न सिर्फ आम राहगीरों को परेशानी हो रही थी, बल्कि दुकानदारों, स्कूली बच्चों, मरीजों और महिलाओं को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। ताकि लोगों को जाम से राहत मिल सके और बाजार की यातायात व्यवस्था नियंत्रित रहे।

उन्होंने बताया कि शेरघाटी थाना मोड़ से लेकर प्रखंड कार्यालय तक अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। वहीं गोला बाजार काली मंदिर, गायत्री प्रेस, जेपी चौक, स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक समेत कई प्रमुख स्थानों पर दिनभर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं। भारी वाहनों की आवाजाही से स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। एसडीओ के इस आदेश के बाद स्थानीय लोगों में खुशी देखी जा रही है। आम नागरिकों और व्यापारियों ने इस फैसले को सराहनीय बताया है। लोगों का कहना है कि इस प्रतिबंध से बाजार क्षेत्र में आवाजाही आसान होगी, समय की बचत होगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। प्रशासन की इस पहल से शेरघाटी शहरवासियों को लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

# राजस्व न्यायालयों में लंबित मुकदमों की समीक्षा करने की उप मुख्यमंत्री एवं भूमि सुधार मंत्री से की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** भूमि विवाद से जुड़े दर्जनों पीड़ितों ने उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री से डीसीएलआर सहित जिला स्तरीय राजस्व न्यायालयों में लंबित हजारों मुकदमों को समीक्षा कर फैसला देने का आदेश निर्गत करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि राज्य के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लंबित हजारों मुकदमा वर्षों से निर्णय के अभाव में लंबित हैं जो पीड़ितों के बीच असंतोष बढ़ने का कारण बना हुआ है। दाखिल-खारीज अपील तक के निर्णय में भी वर्षों लग रहा है। मुकदमें ऑर्डर पर जाने के बाद भी ऑर्डर/निर्णय आने में एवं राजस्व न्यायालयों के पदाधिकारियों को ऑडर लिखवाने में महीनों लग जाते हैं। पदाधिकारियों के इस रवैए से पीड़ितों में असंतोष है। वहीं इन न्यायलयों में मुकदमों के निष्पादन में विलम्ब के कारण आर्थिक और मानसिक दोहन आम हो चुका है। आज भूमि विवाद निवारण हेतु इन न्यायलयों में लंबित एवं जकड़े हुए विवादों की समीक्षा कर एवं तय समय सीमा के अन्दर निर्णय करने की आवश्यकता है। समय सीमा के अन्दर विवादों को निश्चित रूप से निपटारा करवाना आवश्यक है। इस संबंध में पीड़ितों सहित कई अधिवक्ताओं ने बताया कि डीसीएलआर के न्यायालय में मोटेशन अपील एवं भूमि विवाद निवारण अधिनियम के तहत वाद को तीन माह की अवधि में निर्णित करना है परन्तु इन वादों के निर्णय में तीन वर्षों तक का समय लग जाता है।

# डीएम ने की इवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में सोमवार को ईवीएम एवं वीवी पैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक रोहतास एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा वेयरहाउस भण्डारित इवीएम एवं वीवी पैट के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा वेयरहाउस में लगाये गये सीसीटीवी अग्निशमन यंत्रों के बारे में उप निर्वाचन पदाधिकारी से उनकी सक्रियता के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा निदेशित किया गया कि सीसीटीवी के रिकार्डिंग तथा अग्निशमन यंत्रों को एक्सपायर होने से पहले रिफिल करा लिया जाय। पुलिस अधीक्षक द्वारा इवीएम एवं वीवी पैट वेयरहाउस में प्रतिनियुक्त सुरक्षा गार्डो की उपस्थिति बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

# कोंच प्रखंड में बनेगा सब्जी बिक्री केंद्र, किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना के तहत कोंच प्रखंड में सब्जी उत्पादक किसानों को संगठित कर प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति का गठन किया जा रहा है। यह योजना त्रिस्तरीय सहकारी संरचना के माध्यम से संचालित की जा रही है जिसका उद्देश्य किसानों से सब्जी की सीधी खरीद कर बाजार में विक्रय करना है। ताकि उत्पादक और उपभोक्ता दोनों लाभान्वित हो सकें। जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने बताया कि सब्जी बिक्री केंद्र की स्थापना के लिए सभी अंचलों में भवन निर्माण जिला सहकारिता विभाग के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक प्रखंड में लगभग 10 हजार वर्गफीट भूमि चिन्हित की जा रही है जहां प्रखंड स्तरीय प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि कोंच प्रखंड अंतर्गत चिन्हित मौजा में सब्जी बिक्री केंद्र भवन का निर्माण किया जाएगा। इससे किसानों को सब्जियों के भंडारण में सुविधा मिलेगी और वे नजदीकी बाजारों में अपनी उपज आसानी से बेच सकेंगे। योजना के क्रियान्वयन से कोंच प्रखंड के सब्जी उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी और उन्हें व्यापक लाभ प्राप्त होगा।

# नगर परिषद की सामान्य बोर्ड की बैठक कोरम के अभाव में स्थगित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सोमवार को नगर परिषद की सामान्य बोर्ड की बैठक में कोरम के अभाव में स्थगित कर दिया गया। सामान्य बोर्ड की बैठक में शामिल होने के लिए मुख्य पार्षद व दो पार्षद ही पहुंचे। बैठक से उप मुख्यपार्षद सहित 24 पार्षदों ने दूरी बनाये रखी जबकि बैठक को लेकर नप ईओ राजेश कुमार झा द्वारा विगत 24 जनवरी को ही मुख्य पार्षद सहित सभी पार्षदों को पत्र जारी किया गया था। बैठक में स्टैंडिंग कमिटी के निर्णय की सम्पुष्टि, शहर में इंडोर स्टेडियम के निर्माण, रोड सेफ्टी कैन्वेक्स मिरर व स्पीड मिरर लगाने पर चर्चा की जानी थी। कोरम के अभाव में रद्द की गई बैठक को लेकर नप की राजनीति में चर्चा का बाजार गरम हो गया। मुख्य पार्षद अजहर इमाम ने बताया कि कोरम नहीं पूरा होने पर बैठक स्थगित किया गया है। कुछ पार्षद निजी कार्य में व्यस्त रहने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके वहीं कई पार्षदों द्वारा बैठक के बहिष्कार किये जाने की सूचना है, लेकिन कोई लिखित रूप से कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराई गई है। वहीं वार्ड छः के वार्ड पार्षद अशोक कुमार ने बताया कि मुख्य पार्षद द्वारा मनमाना रवैया अपनाया जा रहा है। मुख्य पार्षद द्वारा बोर्ड की बैठक में अपना निजी हित साधने का प्रयास किया जा रहा है जो उचित नहीं है। बैठक में मुख्य पार्षद अजहर इमाम के अलावा नप ईओ राजेश झा, वार्ड पार्षद रेयाज, सादा खातून सहित आमंत्रित सदस्य मौजूद थे। नप के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार झा ने बताया कि कोरम के अभाव में बैठक को स्थगित किया गया। बैठक का आयोजन आगामी सात फरवरी को किया जाएगा। बैठक के बहिष्कार सम्बन्धी किसी तरह का कोई सूचना कार्यालय को नही प्राप्त हुआ है।

# उत्तर कोयल नहर आंदोलन को धार देने जुटे किसान

**▸ प्रशिक्षण शिविर में बनी बड़े संघर्ष की रणनीति ▸ मांगें नहीं मानी गईं तो होगा निर्णायक आंदोलन**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कोंच (गया)।** उत्तर कोयल नहर से जुड़े ज्वलंत सवालों को लेकर आंदोलन को और अधिक मजबूत व संगठित करने के उद्देश्य से उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा, मगध के तत्वावधान में इसमाइलपुर रेलवे स्टेशन स्थित गुरुजी कॉलोनी में दो-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ शनिवार को हुआ जिसकी अध्यक्षता नंदलाल सिंह ने की। यह प्रशिक्षण शिविर 31 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक चला। प्रशिक्षण शिविर में किसानों व आंदोलनकारियों को मौजूदा व्यवस्था में संघर्ष की भूमिका, भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ते कॉरपोरेट वर्चस्व, किसानों की बिगड़ती दशा-दिशा तथा मगध क्षेत्र में उत्तर कोयल नहर के लिए चल रहे संघर्ष की आवश्यकता पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। मोर्चा के सचिव सह जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव ने कहा 'उत्तर कोयल नहर क्षेत्र के किसानों की समस्याओं की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारी मुख्य मांग है कि 211 आरडी स्थित सीआर गेट में फाटक लगाया जाए, नहर में बनी अवैध दीवार हटे और अंतिम छोर तक कैनाल की सफाई हो।' उन्होंने बताया कि प्रमुख मांगों में चेईं नवादा, कोटवारा व अंगरा कैनाल की अंतिम छोर तक सफाई, इसमाइलपुर व देवरोड हॉल्ट के पास रेल पुल निर्माण, भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 का पालन तथा कुटकू डैम में फाटक लगाने की मांग शामिल है। इन मांगों को लेकर आंदोलन को तेज करने हेतु प्रस्ताव पारित किए गए। रविवार को शिविर के दूसरे दिन मोर्चा के संविधान का विधिवत लोकार्पण किया गया। मुख्य प्रशिक्षक कॉ. उमेश सिंह (राज्य सचिव, किसान महासंघ बिहार) एवं शिव सागर शर्मा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) ने किसानों में जोश, जागरूकता और आत्मविश्वास का संचार किया। कॉ. उमेश सिंह ने कहा, जब तक किसानों को उनका हक नहीं मिलेगा, तब तक संघर्ष चलता रहेगा। यदि सरकार ने मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो बड़ा और निर्णायक आंदोलन होगा। शिविर में प्रशिक्षक प्रो. अनुज लुगुन, प्रो. अली इमाम खान, प्रो. कृष्णनंदन यादव के अलावा जयनंदन शर्मा, देवलाल सिंह, अशोक यादव, बसंती देवी, रामानंद सागर, एल.के. बिंदु, उपेंद्र यादव, अंजुषा कुमारी, ई.रामनरेश यादव, सुखेन्द्र यादव, ब्रह्मदेव यादव, शत्रुघ्न पासवान, विनय कुमार सक्सेना, राम उदय यादव, कृष्णानंद कुमार, रमेश यादव, किशोरी मोहन, राम पुकार विश्वकर्मा, सुधा कुमारी सहित बड़ी संख्या में किसान, मजदूर व आंदोलनकारी उपस्थित रहे।

# संत रविदास जयंती मनी, विधायक अजय दांगी हुए शामिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के तिनेरी पंचायत अंतर्गत ग्राम अंगरा में रविवार की रात संत शिरोमणि रैदास जी की जयंती समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ रविदास सेवक संघ के बैनर तले मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यनारायण दास व संचालन बिनोद यादव ने की। मुख्य अतिथि टिकारी विधायक अजय दांगी ने संत रविदास जी की प्रतिमा के समक्ष केक काटकर जयंती समारोह का शुभारंभ किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक अजय दांगी ने संत रैदास जी के जीवन, विचारों एवं कर्मों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि संत रैदास जी का संदेश सामाजिक समरसता और समानता का प्रतीक है। इसके बाद ब्यास सुदर्शन यादव के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम (मिशन) का आयोजन किया गया। वहीं बीजहरा, चन्दैनी, पड़रावां, प्रधाना, काजी बिगहा सहित दर्जनों गांवों में भी संत रैदास जयंती मनाई गई। मौके पर पूर्व राज्यमंत्री रामेश्वर यादव, प्रखंड राजद प्रभारी डॉ. रामाशीष कुमार, जिला पार्षद प्रतिनिधि मोहन यादव, तिनेरी मुखिया प्रतिनिधि मो.इंतेशाब, काबर राजद पंचायत अध्यक्ष लालू यादव, पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, सुभाष चंद्र कुमार, शंभु नाथ यादव, मुखिया पति अवधेश दास, सामाजिक कार्यकर्ता सह चिकित्सक डॉ अनुज कुमार, मिथलेश कुमार, किशोर यादव, बालेंद्र दास, राजाराम दास, पंकज सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# वार्ड 14 ने जीता 14वीं नगर चैंपियनशिप ट्रॉफी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** हिमांशु फाउंडेशन व बाबा वीर कुंवर क्लब के नेतृत्व में रविवार को आयोजित फाइनल मुकाबले में वार्ड 14 में वार्ड 28 को 37 रनों से रौंद दिया जिससे वार्ड 14 वर्ष 2026 की नगर चैंपियन बन गई। मैच प्रारंभ से पूर्व मुख्य अतिथि पूर्व विधायक तरारी डॉ नगेंद्र पांडे उर्फ सुनील पांडे, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर वीरेंद्र व विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह सहित कई अतिथियों ने मैदान पर पहुंच खिलाड़ियों एवं अतिथियों ने राष्ट्रीय गान किया। मैदान के चारों ओर रंग-बिरंगे पटाखों के बीच अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा जीत की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मौजूद घुड़सवारों ने मैदान के चारों ओर चक्कर काटकर दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ आकृष्ट किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि विनर और रनर दोनों अपने आप में महत्वपूर्ण है। काफी स्पर्धा व तपस्या करने के बाद कोई रनर बनता है और उससे भी कड़ा स्पर्धा व तपस्या वाले विनर बनते हैं। विनर व रनर में केवल एक अंक का अंतर होता है। इसलिए दोनों टीमों के खिलाड़ी प्रतिभाशाली है। हमारे तरफ से दोनों को जीत की शुभकामनाएं हैं। वहीं विधायक राजीव रंजन सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों के खिलाड़ी अपने आप में होनहार है। दोनों की उज्जवल भविष्य की शुभकामना देता हूं। मैच में आज के अंपायर आलोक कुमार व विकास तिवारी ने वार्ड 14 के कप्तान अमन तिवारी व वार्ड 28 के कप्तान शक्ति तिवारी को मैदान पर बुलाकर टॉस कराया। वार्ड 28 में टॉस जीतकर वार्ड 14 को बल्लेबाजी के लिए निमंत्रित किया। वार्ड 14 बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर 3 बॉल में 10 विकेट पर 113 रन बनाया तथा जीत के लिए 114 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड 28 की टीम वार्ड 14 के घातक बॉलिंग के आगे नहीं टिक पाई।

# श्री मारुति महायज्ञ को लेकर आज निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** दुबहल के गौचर मैदान में मंगलवार से नौ दिवसीय श्री श्री मारुति महायज्ञ व मूर्ति स्थापना समारोह शुरू होगा। तीन से लेकर 11 फरवरी तक चलने वाले महायज्ञ को लेकर भव्य यज्ञ मंडप बनाया गया है। प्राण प्रतिष्ठान के नवनिर्मित हनुमान मंदिर बनकर तैयार है। पहले दिन हाथी, घोड़ा, ऊंट व गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकलेगी। हर दिन रात में प्रवचन और श्रीराम कथा होगी। सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष अतुल सिंह ने कहा कि सुबह यज्ञ स्थल गौचर मैदान से कलश यात्रा निकलेगी। इसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। 1500 सौ लोग माथे पर कलश लिए विभिन्न मार्गो से होते हुए सीताकुंड जाएंगे। वहां से कलशों से जल भरने के बाद शोभा यात्रा वापस दुबहल लौट आएगी। सचिव नारायण सिंह ने बताया कि महायज्ञ की जोरदार तैयारी है। पांच हजार लोगों के आवासन व खाने की व्यवस्था की गई है।

# हंगामा कर रहे तीन नशाखोर गए जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों से सोमवार को पुलिस ने नशे के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। शेरघाटी थाना के पुलिस ने बताया कि विवेक उर्फ पिंटू अपने ससुराल महमदपुर गांव आया हुआ था जहां नशा पान कर ससुराल वालों से हंगामा कर रहा था। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस कार्रवाई करते हुए दो लोगों को धर दबोची। उन्होंने बताया कि थाना लाकर ब्रेथ एनलाइजर से जांच में नशा करने की पुष्टि होने के उपरांत मद्य निषेध अधिनियम 2016 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करते हुए सभी नशाखोरों को जेल भेज दिया गया। इधर सोनेखाप से नंदू कुमार एवं छोटू कुमार को भी शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार कर पुष्टि होने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# कृषि विभाग ने आयोजित की रबी फसल पर किसान गोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के तत्वावधान में सोमवार को प्रखंड कृषि कार्यालय डिहरी के प्रांगण में रबी फसलों को लेकर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिहरी प्रखंड प्रमुख मनीष कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई जिसके बाद आगंतुक अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में 13 पंचायतों से आए किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी किसानों को अपनी खेत की मिट्टी की जांच अवश्य करानी चाहिए। उन्होंने मिट्टी नमूना लेने की सही विधि की जानकारी देते हुए बताया कि नमूना लेने से पूर्व स्थान की ऊपरी सतह से खरपतवार हटा दें। खुरपी की सहायता से लगभग 12 इंच के क्षेत्र में त्रिभुजाकार ढंग से 9 इंच गहरा गड्ढा खोदकर मिट्टी एकत्र करें। एकत्रित मिट्टी को जिले में स्थापित मिट्टी जांच प्रयोगशाला में उपलब्ध कराने से मृदा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है जिसका लाभ किसानों को अवश्य लेना चाहिए। गोष्ठी में प्रखंड विकास पदाधिकारी डिहरी, 20 सूत्री सदस्य आनंद कुमार पांडे, आत्मा अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, पंचायत समिति सदस्य विशाल कुमार एवं सोनू कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अजय शंकर तिवारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक अभिनव कुमार सिंह, कृषि समन्वयक सुनील कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, कुंदन सेठ, सुरेंद्र प्रसाद, ललन सिंह, श्रीकांत मिश्रा, रमाकांत दुबे, अनिल सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सं.: ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–404, दिनांक 30.01.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., **पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.-झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल)** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **निविदा सं.: ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–404, कार्य का नाम :** "मालदा टाउन मंडल के तहत स्टेशन पर लाइटिंग्स के लिए आपातकालीन विद्युत आपूर्ति (एटी) के साथ प्लेटफॉर्म शेड पर लाइट, पंखे का प्रावधान" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,96,32,914.18, **बयाना राशि:** रु. 2,48,200/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 30.01.2026 से 23.02.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in** एवं **वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता(सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन** का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। उपर्युक्त निविदा के लिए किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-311/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**सं. ओ–एसी–टी–139 से 141–25–26 (खुली), दिनांक 30.01.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ–एसी–टी–139–25–26, कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में एसएसई/पी(वे)/II/अण्डाल की शाखा में ट्रैक की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 82,56,225.08, **बयाना राशि :** रु. 1,65,100/-, **क्रम सं. 2, केस सं. ओ–एसी–टी–140–25–26, कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में एसएसई/पी.वे/सिउड़ी की शाखा में ट्रैक की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 81,80,879.18, **बयाना राशि :** रु. 1,63,600/-, **क्रम सं. 3, केस सं. ओ–एसी–टी–141–25–26, कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में ए.एस. कॉर्ड लाइन में सिउड़ी–कुनुरी के बीच किमी 56/14–16 पर एलसी गेट नं. 23/सी/ई के स्थान में सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 3,41,69,054.55, **बयाना राशि :** रु. 3,20,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु)। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 25.02.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-331/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## शपथ पत्र

मैं पिन्टु ठाकुर पिता रामचन्द्र ठाकुर उम्र-40 वर्ष ग्राम बेलवां, पो.-चेचाढ़ी, थाना-दाउदनगर जिला-औरंगाबाद बिहार सत्य निष्ठा से शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरवर्णित पते का स्थायी निवासी हूं एवं आधार कार्ड नं. 7160 6235 5239 है। मेरा आधार कार्ड सं. एक ही है किन्तु मेरा नाम आधार कार्ड सं.-7160 6235 5239 में सही नाम पिन्टु ठाकुर पिता रामचंन्द्र ठाकुर है तथा जन्मतिथि 08.06.1985 है जबकि उक्त आधार कार्ड सं. पर ही मेरा नाम राकेश कुमार दर्ज हो गया है जो गलत है। आधार कार्ड सं. एक ही है जिसकी सं. 7160 6235 5239 है केवल नाम अलग-अलग दर्ज हो गया है उसे सुधार कर एक ही नाम पिन्टु ठाकुर पिता रामचन्द्र ठाकुर जो सही एवं सत्य है दर्ज कराने हेतू यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं कि शपथपत्र में लिखी गयी सभी जानकारी सही एवं सत्य है।

शपथ पत्र संख्या 1580 दिनांक 30.01.26

**शपथकर्ता**
**पिन्टु ठाकुर**

संपादकीय

# भागती ज़िंदगी में आत्मबोध का सहारा

आज का मनुष्य बाहरी रूप से जितना व्यस्त है, भीतर से उतना ही खाली और थका हुआ महसूस करता है। सुबह से रात तक भागदौड़ है–काम की, जिम्मेदारियों की, अपेक्षाओं की। हर कोई कुछ न कुछ साबित करने में लगा है-अच्छा कर्मचारी, अच्छी पत्नी, अच्छी माँ, अच्छा पति या पिता या फिर बेटा अथवा सफल व्यक्ति। इस कोशिश में आदमी धीरे-धीरे खुद से दूर होता चला जाता है। उसे लगता है कि उसकी कीमत उसके पद, उसकी सफलता, दूसरों की स्वीकृति से तय होती है। ऐसे समय में वेदांत का सूत्र वाक्य 'अहम् ब्रह्मास्मि' एक पुराने ग्रंथ का वाक्य नहीं बल्कि आज के जीवन के लिए गहरी और जरूरी समझ बन सकता है। अहम् ब्रह्मास्मि का सीधा और सरल अर्थ है, मैं केवल यह शरीर, यह नाम या यह पहचान नहीं हूँ। मैं वह चेतना हूँ जो इन सबको जान रही है। अक्सर लोग इस वाक्य को गलत अर्थों में लेते हैं, मानो यह अहंकार को बढ़ाने वाली बात हो। जबकि सच्चाई यह है कि यह अहंकार को गलाने वाला सूत्र है। यह यह नहीं कहता कि 'मैं सबसे बड़ा हूँ या भगवान हूं', बल्कि यह कहता है कि 'मैं खुद को जितना छोटा समझ रहा हूँ, उससे कहीं अधिक व्यापक हूँ।' आधुनिक जीवन की सबसे बड़ी समस्या यही है कि हम खुद को बहुत सीमित दायरों में बाँध लेते हैं। कोई बात बिगड़ जाए तो लगता है कि मैं ही गलत हूँ। कोई असफलता मिले तो लगता है कि मैं ही नाकाम हूँ। कोई रिश्ता टूटे तो लगता है कि मेरी ही कमी है। अहम् ब्रह्मास्मि की समझ धीरे-धीरे यह सिखाती है कि जीवन में घटने वाली हर घटना मैं नहीं हूँ। मैं वह हूँ जो इन घटनाओं को देख रहा है, झेल रहा है, उनसे सीख रहा है। यह छोटा-सा फर्क मन को बहुत हल्का कर देता है। जब व्यक्ति यह समझने लगता है तो उसकी प्रतिक्रियाएँ बदलने लगती हैं। आज हम छोटी-छोटी बातों पर बहुत जल्दी आहत हो जाते हैं। कोई ऊँची आवाज़ में बोल दे, कोई अनदेखा कर दे, कोई अपेक्षा पूरी न करे तो भीतर उथल-पुथल मच जाती है। अहम् ब्रह्मास्मि का भाव यह सिखाता है कि हर बात को सीधे अपने अस्तित्व से मत जोड़ो। जो कहा गया, जो किया गया, वह सामने वाले की स्थिति और समझ का परिणाम भी हो सकता है। यह सोच व्यक्ति को हर समय लड़ने की हालत से बाहर निकालती है। यह सूत्र असफलता और सफलता दोनों को देखने का नजरिया बदल देता है। आज सफलता को ही जीवन का मापदंड बना लिया गया है। सफल हो तो सम्मान, असफल हो तो तिरस्कार–दूसरों की ही नहीं अक्सर खुद की नजरों में भी। जब व्यक्ति यह समझने लगता है कि मैं अपनी उपलब्धियों से बड़ा हूँ, तो सफलता उसे घमंडी नहीं बनाती और असफलता उसे तोड़ती नहीं है। वह कोशिश करता है, मेहनत करता है लेकिन खुद को परिणाम से पूरी तरह नहीं बाँधता। इससे जीवन में स्थिरता आती है। रिश्तों में यह समझ और भी ज़रूरी हो जाती है। बहुत से रिश्ते इसलिए बोझ बन जाते हैं क्योंकि हम सामने वाले से यह उम्मीद करने लगते हैं कि वह हमें खुश रखे, समझे, पूरा करे। जब ऐसा नहीं होता, तो शिकायतें बढ़ती हैं, दूरी आती है। अहम् ब्रह्मास्मि का भाव यह सिखाता है कि मेरी खुशी की पूरी जिम्मेदारी किसी और पर नहीं डाली जा सकती। जब व्यक्ति भीतर से थोड़ा संतुलित होता है तो वह रिश्तों में कम माँगता है और ज़्यादा समझता है। इससे रिश्तों में सहजता आती है। कामकाजी जीवन में भी यह दृष्टि बहुत काम आती है। ऑफिस में तुलना, प्रतिस्पर्धा और असुरक्षा आज आम बात है। हर कोई किसी से आगे निकलने की होड़ में है। जब व्यक्ति खुद को केवल पद या पहचान से नहीं जोड़ता तो आलोचना उसे भीतर तक नहीं हिला पाती। वह अपनी क्षमता के अनुसार काम करता है, बिना लगातार डर में जीए। इससे न सिर्फ मानसिक तनाव कम होता है, बल्कि काम की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। अक्सर यह सवाल उठता है कि क्या यह सोच व्यवहार में सचमुच काम करती है या सिर्फ किताबों तक सीमित है।

# जलकुंभी से भरी नदी में: संवेदनाओं और सरोकारों का बोध

**युवा कवि पुरु शर्मा की कविताओं का फलक विस्तृत है। इनमें गाँव की सोंधी महक है, तो शहर की दहलीज पर छूटती संवेदनाओं की कसक भी। इनमें विरासत का गौरव है, तो 'नदियों का कत्ल करने वाली पीढ़ी' के प्रति तीखा आक्रोश भी। सुप्रसिद्ध कवि डॉ. हरिओम पवार ने सही रेखांकित किया है कि पुरु प्रतिदिन के जिन विषयों को उठाते हैं, अपनी लेखनी से उन्हें ऐसा विस्तार देते हैं कि पाठक विस्मित होकर सोचने पर विवश हो जाता है। इस**

**संग्रह की एक मुख्य अंतर्धारा 'लौटने' की है- गाँव की ओर, प्रकृति की ओर और अपने पुरखों के मूल्यों की ओर। जैसा कि राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष इंदुशेखर तत्पुरुष ने टिप्पणी की है- 'यह लौटना केवल व्यक्तिगत नॉस्टेल्जिया नहीं है, बल्कि यह एक गहरी 'आध्यात्मिक-सांस्कृतिक तृषा' है, जो व्यक्ति, प्रकृति, समाज और परमात्मा के पारस्परिक सहज संबंधों के विच्छिन्न होने से उत्पन्न होती है'।**

हिन्दी साहित्य के विस्तृत आकाश में जब कोई युवा हस्ताक्षर अपनी पहली कृति के साथ उपस्थित होता है, तो उससे कई उम्मीदें जुड़ जाती हैं। अशोकनगर, मध्यप्रदेश के युवा कवि पुरु शर्मा का पहला काव्य संग्रह 'जलकुंभी से भरी नदी में' उन उम्मीदों पर न केवल खरा उतरता है, बल्कि भविष्य के प्रति आश्वस्त भी करता है। यह संग्रह एक ऐसे युवा मन का दर्पण है जो अपने अध्ययन और समाज के प्रति गहरी संवेदनशीलता के धागों से बुना गया है। पुरु की कविताओं में कोमलता का अहसास है। अपने समय की पीढ़ी से जनसरोकारों पर सीधा संवाद है। पर्यावरण संरक्षण की चिंता उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। अपनी विरासत को लेकर गौरव की अनुभूति है। अपनी कविता के माध्यम से पुरु साहित्य के धुंरधरों से साहित्य के धर्म की बात करते हैं। कहना होगा कि पुरु शर्मा की कविताएँ केवल व्यक्तिगत अनुभूतियों का बयान नहीं हैं, बल्कि वे अपने समय, समाज, संस्कृति और पर्यावरण के प्रति एक सजग नागरिक की चिंताएँ हैं। संग्रह के शीर्षक से ही पर्यावरण के प्रति कवि का गहरा सरोकार स्पष्ट होता है। एक युवा कवि का अपने देश और संस्कृति के प्रति ऐसा अनुराग देखकर सुखद आश्चर्य होता है।

युवा कवि पुरु शर्मा की कविताओं का फलक विस्तृत है। इनमें गाँव की सोंधी महक है, तो शहर की दहलीज पर छूटती संवेदनाओं की कसक भी। इनमें विरासत का गौरव है, तो 'नदियों का कत्ल करने वाली पीढ़ी' के प्रति तीखा आक्रोश भी। सुप्रसिद्ध कवि डॉ. हरिओम पवार ने सही रेखांकित किया है कि पुरु प्रतिदिन के जिन विषयों को उठाते हैं, अपनी लेखनी से उन्हें ऐसा विस्तार देते हैं कि पाठक विस्मित होकर सोचने पर विवश हो जाता है। इस संग्रह की एक मुख्य अंतर्धारा 'लौटने' की है- गाँव की ओर, प्रकृति की ओर और अपने पुरखों के मूल्यों की ओर। जैसा कि राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष इंदुशेखर तत्पुरुष ने टिप्पणी की है- 'यह लौटना केवल व्यक्तिगत नॉस्टेल्जिया नहीं है, बल्कि यह एक गहरी 'आध्यात्मिक-सांस्कृतिक तृषा' है, जो व्यक्ति, प्रकृति, समाज और परमात्मा के पारस्परिक सहज संबंधों के विच्छिन्न होने से उत्पन्न होती है'।

कवि पुरु शर्मा स्वयं अपने आत्मकथ्य में मानते हैं कि कविता मात्र आत्माभिव्यक्ति नहीं, बल्कि शताब्दियों के संचित ज्ञान और सांस्कृतिक मनीषा का निचोड़ है। उन्होंने लिखा है- 'जब कोई कवि लिखता है तो मात्र आत्माभिव्यक्ति नहीं करता, कवि अपनी सांस्कृतिक




मनीषा को, शताब्दियों के संचित ज्ञान और अनुभवों के निचोड़ को व्यक्त करता है। कविता मनुष्यता के पक्ष में ऐसी सशक्त आवाज है, जो निरंतर विद्रूप को तोड़कर उसे ज्यादा मानवीय और सुंदर बनाने का काम करती है'।

'जलकुंभी से भरी नदी में' में कुल 47 कविताएँ विविध रंगों से सजी हैं। पर्यावरण संरक्षण पर उनकी चिंता 'नदियों का कत्ल करने वाली पीढ़ी' कविता में बहुत मारक ढंग से उभरती है- 'पास कोई शहर है जो आहिस्ता-आहिस्ता निगल रहा है नदी को... दर्द में रेंग रही है नदी'। वहीं दूसरी ओर, यह संग्रह साहित्य और पुस्तकों के महत्व को बहुत खूबसूरती से स्थापित करता है। डिजिटल युग में 'अदृश्य पुरखे' और 'किताबें' जैसी कविताएँ पुस्तकों को हमारी सबसे विश्वसनीय शरणस्थली और रेगिस्तान में छांव के रूप में चित्रित करती हैं। 'अदृश्य पुरखे' में उनके भावों से जुड़कर किताबों के महत्व को समझने की कोशिश कीजिए- 'हम जब भी कभी/ थककर, हताश या टूटकर गिरते हैं / हमेशा किताबों की हथेलियों में ही गिरते हैं। / किताबें हमारे लिए अदृश्य पुरखे हैं / उनकी ममत्व की गोदी / हमारे लिए सबसे विश्वसनीय शरणस्थली है।' इसी प्रकार 'किताबें' बाँचकर देखिए, वे हमसे क्या कहना चाहती हैं- 'रेगिस्तान में छांव-सी हैं किताबें / दिल में गाँव सी हैं किताबें / यादों के समंदर में / नाव सी हैं किताबें।'

घोर निराशा के दौर में पुरु शर्मा की कविताएँ उम्मीद का दामन नहीं छोड़तीं। 'उम्मीद का उजाला' जैसी रचनाएँ उनके सकारात्मक दृष्टिकोण का प्रमाण हैं- 'माना रात घनी है, घोर तमस से भरी है / उजियारी भोर के सामने कई चुनौतियां धरी हैं। / तुम सूरज पर ऐतबार बनाए रखना / उम्मीदों के दीपक जलाए रखना।'

एक युवा मन प्रेम के अहसास से अछूता कैसे रह सकता है? पुरु शर्मा के इस काव्य संग्रह में प्रेम रस में पगी कविताएं भी पाठकों मन को सुकून देती हैं। 'अधूरा प्रेमपत्र' में प्रेम में इंतजार की मिठास को उन्होंने बहुत सहजता से व्यक्त किया है। 'लास्ट बेंच' पर बैठकर उन्होंने कभी 'प्रेम की इबारत' लिखी थी, उसे 'मोहब्बत' तक पहुँचाने का काम बहुत चातुर्य के साथ कवि ने किया है।

पुरु शर्मा की भाषा बेहद सहज और सरल है, जो सीधे पाठक के दिल में उतरती है। उनमें युवा मन का अल्हड़पन और एक गंभीर अध्ययेता की परिपक्वता का अद्भुत संतुलन दिखाई देता है। वे अपनी बात कहने के लिए आडंबर का सहारा नहीं लेते, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर अलंकृत भाषा-शैली का कौशल दिखाने से भी नहीं चूकते। कुल मिलाकर, 'जलकुंभी से भरी नदी में' एक समर्थ युवा कवि का दमदार आगाज है। यह काव्य संग्रह बताता है कि नई पीढ़ी अपनी जड़ों से कटी नहीं है, बल्कि वह आधुनिकता के शोर में अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का नया सूर्योदय तलाश रही है। साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश के सहयोग से प्रकाशित यह 74 पृष्ठीय पुस्तक हिन्दी काव्य प्रेमियों के लिए पठनीय और संग्रहणीय कृति है। यदि यह पुस्तक आपके संग्रह में रहेगी तो जब-तब आप इन कविताओं को गुनगुना सकते हैं। इन्हें पढ़कर आनंदित हो सकते हैं।

पुस्तक : जलकुंभी से भरी नदी में (काव्य संग्रह)
कवि : पुरु शर्मा
प्रकाशक : संदर्भ प्रकाशन, भोपाल
मूल्य : 250

अध्यात्म

# साधु संगत से चोर ने चोरी छोड़ी

एक डाकू था, जो लूट पाट करता था। एक बार एक गांव से धन लूटकर वो भाग रहा था कि घोड़े पर से गिर कर घायल हो गया। उसने देखा पास में ही एक साधू की कुटिया है, धन को जमीन मे गाढ कर वो साधु की कुटिया में गया। साधु रात्रि भोजन हेतु ही बैठे थे। दरवाजे पर दस्तक सुन उन्होंने कहा, जो कोई भी है, अन्दर आ जाओ। डाकू अन्दर गया तो साधु ने उसे भी बैठने के लिए आसन दिया, और पहले उसके समक्ष भोजन परोसा, फिर स्वयं लिया। साधु ने उसे भोजन प्रारम्भ करने को कहा- आप अतिथि है इसलिए आप ईश्वर सामान है, आप पहले भोजन आरंभ करे। डाकू को आजतक किसी ने इतने सम्मान से ना कहा था और ना ही खिलाया था। डाकू ने भोजन किया।

साधु ने एक चटाई उसके लिए बिछा दी और कहा रात में आप कहां जाइएगा तो यही विश्राम कर लीजिए।

डाकू थोड़ा घायल था, तो चलने में उसे तकलीफ़ हो रही थी, जैसे ही साधु को उसके ज़ख्म का पता चला, उसका उपचार करने लगे। कुछ पत्तो को पीसकर उसका रस लेप करके एक कपड़े से उसके ज़ख्म पर बांधा। और सहारा देकर उसे चटाई पर लिटाया।

डाकू साधु की उदारता से बहुत प्रभावित हुआ, उसने कहा, बाबा आप कितने संतुष्ट और उदार व्यक्तित्व के स्वामी है। आप में दया की भावना है। क्या आपको कभी धन की लालसा नहीं होती? साधु बोले- धन तो नश्वर है बालक, और जो चीज नष्ट हो जाए उसके लिए लालसा करना विनाश की ओर अग्रसर होना है। लालसा करनी है तो उन अनश्वर अनादि और अविनाशी ईश्वर की करो, जो एकमात्र सत्य है। डाकू को साधु की बाते सुन खुद पर लज्जा आ रही थी, कि उसने आजतक चोरी, डाका जैसे बुरे कार्य ही किए है। फिर भी उसके जीवन में शांति और संतुष्टि नहीं है। डाकू अपने सारे अपराधों की क्षमा साधु से मांगने हेतु उनके चरणों में गिर पड़ा, और साधु को अपनी सच्चाई बतलाई। और कहा- मै आपकी उदारता से खुद की नजरो मे लज्जित हूं। आज से और अभी से सबकुछ छोड़कर एक अच्छा इंसान बनना चाहता हूं।

शब्द कीर्तनः बिसर गई सब तात पराई, जब ते साध संगत मोहे पाई !

साधु विनम्रता से बोले, भागवत गीता में स्वयं ईश्वर कहते है, यदि कोई अतिशय दुराचारी भी अनन्य भाव से मेरा भक्त होकर मुझको भजता है तो वह साधु समान मानने योग्य है।

# बजट : समर्थन व विरोध के तीरों के तरकश तैयार

**आम बजट आने वाला है। यह सूचना मिलते ही देश में वैसी ही हलचल शुरू हो जाती है जो शादी की तारीख तय होते ही रिश्तेदारों में होती है–सबको उम्मीदें भी हैं और शिकायतों की तैयारी भी। हर साल की तरह इस बार भी बजट एक नहीं, कई रूपों में आएगा। संसद में एक, टीवी स्टूडियो में दूसरा, सोशल मीडिया पर तीसरा और आम आदमी की जेब में चौथा, पांचवा विपक्ष का। बजट से पहले हर बार की तरह पूरे देश के प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, व सोशल मीडिया में उम्मीदों का बाजार पूरी तरह गर्म है।**

बजट पर फौरी प्रतिक्रिया के मामले में पक्ष व विपक्ष उस छात्र की तरह का व्यवहार करते हैं जो कि परीक्षा का प्रश्नपत्र आने के पहले ही उत्तर लिखना शुरू कर देता है।सत्ताधारी दल के नुमाईंदे पहले से आश्वस्त है कि यह बजट ऐतिहासिक होगा। ऐसा बजट जो विकास की रफ्तार बढ़ाएगा, युवाओं को उड़ान देगा, किसानों को संबल देगा, मजदूरों को सुरक्षा देगा और गृहणियों के सपनों को रसोई से निकालकर अर्थव्यवस्था में पहुँचा देगा। शब्दों में इतना विकास होगा कि अगर काग़ज़ भारी होता, तो बजट भाषण उठाने के लिए क्रेन लगानी पड़ती।

बजट तैयार करने में वित्तमंत्री व उनकी टीम को रतजगा करना पड़ता है पर विपक्ष एक मिनट में इसकी समीक्षा कर देता है। बजट पेश होने से पहले ही उसे पता है कि इसमें क्या-क्या कमी होगी। यह बजट युवाओं को ठगने वाला होगा, किसानों को झुनझुना पकड़ाने वाला, गृहणियों की परेशानियाँ न समझने वाला, बेरोज़गारों की सुध न लेने वाला और अमीरों के लिए विशेष रियायतों से भरा हुआ। सत्ताधारी के लिए बजट विकास है, विपक्ष के लिए षड्यंत्र। विपक्ष की खामियों की व सत्तारूढ़ दल की खूबियों की सूची तैयार है। जैसे ही सत्तारूढ़ दल कहेगा यह बजट गरीबों का है तो विपक्ष का जवाब होगा कि पर यह समझ में केवल अमीरों को आ रहा है।

बजट के दिन संसद से ज़्यादा भीड़ टीवी




चैनलों में होती है। एंकर ऐसे सवाल पूछते हैं जैसे बजट नहीं, किसी मैच का फाइनल हो। एक्सपर्ट बताते हैं कि यह बजट गेम चेंजर है, लेकिन साथ में यह भी जोड़ते हैं- 'बशर्ते ज़मीनी स्तर पर लागू हो।'

यानी लागू न हुआ तो गलती बजट की नहीं, ज़मीन की होगी। एक्सपर्ट अलग-अलग राय बताएंगे। जैसे निवेश तो हुआ है लेकिन नौकरियां पैदा होने का संकेत नही मिलता तो दूसरा कहेगा निवेश इस तरह से प्रावधानित है कि नौकरियों की तो झड़ी लगना चाहिए। कोई कहेगा कि शिक्षा में एलोकेशन अभी भी विकसित देशों की जीडीपी के प्रतिशत के मान से होने वाले एलोकेशन से काफी कम है। यही बात कोई अन्य चिकित्सा के लिए कहेगा।

बजट के बाद असली खेल शुरू होता है–क्या मिला और क्या नहीं मिला।

मिडिल क्लास ढूँढता है टैक्स में राहत, किसान समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी, युवा नौकरी की घोषणा, महिलाएँ महँगाई से राहत और बेरोज़गार बस एक लाइन– 'रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे।'

युवाओं को सपना मिलता है, अलार्म नहीं। गृहणियों को सम्मान मिलता है, सिलेंडर सस्ता नहीं। बेरोज़गारों के लिए बजट में हमेशा भविष्य काल होता है। बजट में सबके लिए कुछ होता है, बस जरूरत के लिए नहीं। राहत छोटी लगती है भाषण बड़ा। टैक्स स्लैब बदल जाते हैं पर टैक्स देने वाले नही बदलते।

हर बजट में कुछ शब्द स्थायी होते हैं–समावेशी विकास, आत्मनिर्भर भारत, अमृतकाल, विज़न 2047 ये शब्द ऐसे हैं जैसे नमक–हर व्यंजन में डाल दिया जाता है, चाहे ज़रूरत हो या नहीं। आम आदमी सोचता है–आज की दाल में नमक कम है, लेकिन चिंता की बात नही हौसला बनाए रखें 2047 तक स्वाद आ जाएगा।

सबसे दिलचस्प स्थिति गृहणियों की होती है। बजट में उनका ज़िक्र ज़रूर होता है, लेकिन रसोई का बजट हर बार उनसे छूट जाता है। कितने बजट पेश हुए लेकिन कोई उसकी रसोई का बजट नही बना पाया। बेरोजगारों को हर बार आश्वासन मिलता है कि अर्थव्यवस्था मज़बूत हो रही है, और मज़बूत अर्थव्यवस्था में रोज़गार अपने आप पैदा हो जाता है। यह 'अपने आप' देश का सबसे मेहनती शब्द है।

और अमीरों के लिए चुपचाप राहत, जिस पर ज़ोर से कोई बात नहीं होती। बजट में आंकड़ो के शोर प्रदूषण से परेशान हो सच कंही दूर चला जाता है।

फिर कुछ दिन बाद यह बहस शुरू होती है–उम्मीद थी, पर पूरी नहीं हुई। यह मिला, वो नहीं मिला। बजट में घोषणाएँ तुरंत, असर धीरे-धीरे। बजट के बाद सबसे ज़्यादा कमाई डिबेट करने वाले करते हैं। और धीरे-धीरे बजट फाइलों में चला जाता है, जब तक अगला बजट फिर से उम्मीदों की नई किश्त लेकर नहीं आ जाता। हर बजट ऐतिहासिक होता है, बस इतिहास बनते-बनते रह जाता है। इस देश में सबसे स्थायी चीज़–अगले बजट की उम्मीद।

कुल मिलाकर, बजट एक सामूहिक भावनात्मक आयोजन है–जिसमें ताली भी बजती है, आलोचना भी होती है । अंततः बजट एक आर्थिक दस्तावेज़ कम और राजनीतिक कथा ज्यादा बन चुका है–जिसे सत्ता सफलता की कहानी बताती है, विपक्ष असफलता की सूची, और जनता धैर्य की परीक्षा।

और हर साल की तरह निष्कर्ष वही–बजट आया, बहस हुई, वादे बोले गए... क्या बदलता है आम आदमी फिर नून तेल के लिए बसों व लोकल में धक्का खाने, मध्यम वर्ग सीमित आय व उससे अधिक व्यय के चक्रव्यूह में अपनी जरूरतें पूरी करने, युवा व बेरोजगार अच्छे जीवन व नौकरी की आशा व गहणियां चलो इस बार भी नही तो अगली बार के फेर में पुराने ढर्रे पर जीवन जीने मजबूर हो जाते हैं। सब अगली तारीख़ का इंतज़ार करने लगते हैं। मुकदमा हो या बजट आशा हमेशा अगली तारीख पर ही आ टिकती हैं

आशा से आकाश थमा है अतः गंगाधर आशा में है कि इस बार का बजट सही में आम आदमी के लिए उसकी दशा बदलने का जैकपाट साबित होगा।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
जीवनसाथी के साथ आपको झगड़ना नहीं चाहिये। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपको पुराने अनुभवों से लाभ हो सकता है।

**वृषभ**
आज आपको यात्रा कम से कम करनी चाहिये। जीवन की सत्यता का सामना करना पड़ेगा। आपको कारोबार बढ़ाने के लिये अतिरिक्त प्रयास करने पड़ेंगे।

**मिथुन**
आज तनाव का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपकी तरक्की से जलेंगे। चिकित्सा सेवा से जुड़े लोगों को काफी परेशानी हो सकती है।

**कर्क**
अपनी तीव्र बौद्धिक क्षमता का कुशल उपयोग कर पायेंगे। आज आप आय बढ़ाने के लिये प्रयासरत रहेंगे। लोगों पर आपका काफी अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में प्रबन्धन क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। प्रेमीजन से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। आज का दिन आपके लिये काफी अच्छा रहना वाला है।

**कन्या**
आज आपको काफी बदलाव वाली परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। विदेश में रहने वाले लोगों को कुछ परेशानी हो सकती है।

**तुला**
आप स्वयं को काफी सेहतमन्द महसूस करेंगे। जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण करें इससे आपको लाभ होगा। नया वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे।

**वृश्चिक**
नये व्यावसायिक सम्पर्क विकसित हो सकते हैं। किसी काम के पूरा न होने से मन में असन्तोष का भाव रहेगा। बड़ों की राय लेकर काम करना हितकर होगा।

**धनु**
शाम के समय आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके नये मित्र बन सकते हैं। किसी ऐसे व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है जिसका आप काफी समय से इन्तजार कर रहे थे।

**मकर**
अपनी योग्यता और प्रतिभा का विकास कर सकते हैं। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है। सन्तान से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**कुंभ**
आज कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। युवा प्रेमियों को कुछ तनाव हो सकता है। आपको कुछ आकस्मिक खर्च करने पड़ सकते हैं।

**मीन**
व्यवसाय में अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। दूसरों के कार्यों में ज्यादा दखल न दें। शेयर मार्केट से जुड़े कार्यों से लाभ होगा। शाम के समय दोस्तों से मिल सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सहायक शिक्षिका के लिए विदाई समारोह आयोजित

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के मध्य विद्यालय सिंगरियावां की सहायक शिक्षिका विभा सिन्हा को सेवानिवृत्त होने पर समारोह आयोजन कर विदाई दी गयी।समारोह में प्रधानाध्यापिका सुशीला कुमारी ने विभा सिंहा को अंगवस्त्र भेंट कर उनके सुखद भविष्य की कामना की।उन्होंने कहा कि अपने सेवाकाल में शिक्षा के क्षेत्र में निष्ठा,अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया जो विद्यालय के प्रति प्रेरणाश्रोता रहेगा।

### बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत, दो घायल



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज गति से जा रही एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम छा गया है। मृतक की पहचान रवि पासवान (24 वर्ष), पिता प्रभु पासवान के रूप में हुई है। वहीं हादसे में घायल हुए युवकों की पहचान गौतम कुमार और शिव कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कराया। वहीं मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज भेज दिया है। बताया जा रहा है कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे चालक संतुलन खो बैठा और यह दर्दनाक हादसा हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई।

### 160 लीटर देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मद्य निषेध विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पालीगंज के अख्तियारपुर नहर सड़क के पास कार्रवाई करते हुए एक टेक टेम्पो से 160 लीटर देशी शराब बरामद की है। इस दौरान टेम्पो चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि एक टेक टेम्पो में पॉलीथिन में पैक कर देशी शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही मद्य निषेध विभाग की टीम ने अख्तियारपुर नहर सड़क के पास टेम्पो को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान टेम्पो में पॉलीथिन से बंधे कई थैलों में कुल 160 लीटर देशी शराब बरामद हुई। मौके से टेम्पो चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शंकर कुमार (पिता जगरनाथ साव), निवासी जहानाबाद तथा लक्ष्मण कुमार (पिता स्व. महंत पांडे), निवासी इस बिगहा, थाना सिकरिया, जिला जहानाबाद के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है।

### दो बाइकों में भिड़ंत, एक की मौत



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पितवांस मार्ग में मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तुलसीचक के पास रविवार की देर रात को दो बाइकों की आमने-सामने की भीडंत में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई है वही एक गंभीर रूप में जख्मी है। जिसका इलाज अनुमंडल अस्पताल मसौढी में किया जा रहा है। मृतक की पहचान राकेश कुमार उम्र 30 वर्ष पिता सिद्धेश्वर नाशोपुर गांव थाना नौबतपुर के रूप में हुई है। वही जख्मी बाइक सवार युवक की पहचान मनोज कुमार उम्र 35 वर्ष पिता कृष्णा पंडित गंगाचक मालिकाना मसौढी के रूप में हुई है। जांच पदाधिकारी ने बताया किया घटना तुलसीचक गांव के पास देर रात को हुआ था, जब एक बाईक सवार युवक मनोज कुमार नौबतपुर के रास्ते से आ रहा था और दूसरा बाइक विपरीत दिशा से जा रहा था दोनों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई है जिसमें आनन फानन में दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां एक की मौत हो गई है। घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। स्थानीय लोगों की माने तो दोनों बाइक के भिड़ंत का कारण बाइक के लाइट के कारण हुआ है जिससे सामने वाला व्यक्ति दाहिने बाएं करने में जोरदार टक्कर हो गई थी।

### ऑल्टो कार से शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के अलावलपुर के पास में एक्साईज पुलिस ने एक सफेद रंग के ऑल्टो कार से पॉलिथीन में भरा हुआ शराब को जप्त किया है, जप्त शराब में 160 लीटर देसी शराब है। गिरफ्तार शराब सप्लायर का नाम बप्पी आचार्या, उम्र 28 वर्ष पिता कमल आचार्या कुमहरार अगम कुआं का रहने वाला है, जो पिपरा थाना क्षेत्र के बेहरामा चकिया से पॉलिथीन में शराब भरकर पटना ले जा रहा था, जहां सूचना का सत्यापन करते हुए एक्साइज विभाग के टीम ने अलावलपुर गांव के समीप उसे रंगे हाथ पकड़ लिया है, जहां ऑल्टो कार में तकरीबन आठ पॉलिथीन में भरा हुआ शराब 160 लीटर जप्त किया गया है।

### नगर प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोक व लगातार अभियान के बावजूद मार्ग पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले नहीं मान रहे हैं। इसके बाद नगर परिषद व पुलिस प्रशासन की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान फिर चलाया गया। इसके बाद मनेर पड़ावपर, बस्ती मार्ग, सराय मोहल्ला, काजी मोहल्ला, कटहरा मोहल्ला, चांदनी चौक, नेवाती मोहल्ला, देवी चौराहा, रामघाट सहित कई जगहों पर नगर परिषद ने अभियान चलाते हुए जुमार्ना वसूला। इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सिद्धार्थ हर्षवर्धन ने बताया कि बार-बार लोगों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी के साथ ही उन्हें हटाया भी जा रहा है। लेकिन पुनः लोग अतिक्रमण कर अपनी अपनी दुकान लगा दे रहे है। जिस कारण से अब प्रतिदिन अतिक्रमण करने वालों पर जुमार्ना लगाया जा रहा है, और साथ ही अब सामान जब्त करते हुए मुकदमा भी किया जाएगा। सोमवार को 10 ऐसे लोगों पर पांच- पांच सौ रुपये जुर्माना वसूला गया।

### दुष्कर्म मामले का अभियुक्त गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सहाली चक गांव में एक महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने छापेमारी करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में मुनीर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि कांड संख्या 761/25 मामले में दुष्कर्म क्या अभियुक्त सहाली चक गांव के रहने वाले अयोध्या राय के पुत्र चंदन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। जिस पर गांव की ही एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा था। मामले में पीड़ित पक्ष के द्वारा लिखित शिकायत कर मामला दर्ज कराया गया था। इसके बाद कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, जिसके गिरफ्तारी के बाद जेल भेजा गया है।

### एंबुलेंस के लिए जमकर हंगामा किया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अस्पताल में सोमवार की सुबह गुलाब बाग के 16 वर्षीय वृद्ध भोली साव को उसके पुत्र ने गंभीर हालत में इलाज के लिए बाढ़ से अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना जाने के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने एंबुलेंस को मोबाइल से जल्द एंबुलेंस मुहैया कराने की गुहार लगाई लेकिन आधा घंटा गुजर जाने के बाद भी जब एंबुलेंस अस्पताल नहीं पहुंचा तो परिजन हंगामा करना शुरू कर दिया और एंबुलेंस वाले नंबर पर जमकर कहा सुनी करने लगा।

### बाढ़ वार्ड 12 में किया गया कंबल का वितरण

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के सौजन्य से वार्ड संख्या 12 में वार्ड पार्षद मंजू देवी की अध्यक्षता में सोमवार को लगभग 12 बजे कंबल वितरण का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद के अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ गाय माता भी उपस्थित हुए वार्ड की करीब 200 महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया इस दौरान गरीबों ने लेट से कंबल बांटने की बात करें साथ ही ठंड गुजर जाने के बाद कंबल वितरण को कुछ लोगों ने बकवास बताया वहीं कुछ महिलाओं के बीच खुशी का माहौल देखा गया।

# कदाचार मुक्त दावों के साथ मसौढ़ी अनुमंडल में इंटर की परीक्षा शुरू

## सात परीक्षा केंद्रों पर 4850 परीक्षार्थी हुए शामिल





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कदाचार मुक्त दावों के साथ बिहार इंटरमीडिएट की परीक्षा दो पालियों मे सोमवार से शुरूआत हो गई है जो आगामी 13 फरवरी तक चलेगी,कड़ी सुरक्षा के बीच यह परीक्षा की तैयारी की गई है। मसौढी अनुमंडल में सात परीक्षा केंद्र सिर्फ लड़कियों के लिए ही बनाया गया है। जहां 4850 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। पहले दिन जीव विज्ञान की परीक्षा रही,जहाँ सभी छात्राओ ने बताया की तैयारी जमकर की है हालांकि कई छात्राओं ने बताया कि पहला दिन थोड़ा नर्वस हो रहे हैं बिहार बोर्ड के नियम के अनुसार इस बार भी छात्र-छात्राओं को जूता मौजा पढ़ने पर बैन लगाया है, हाथों में घड़ी भी खुलवाया गया, सिर्फ एडमिट कार्ड लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश किए गये।बहरहाल पूरे मसौढी अनुमंडल में 37 स्टैटिक दंडाधिकारी बनाए गए हैं, तीन उड़न दस्ता पदाधिकारी बनाए गए हैं इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षा केदों पर 200 मीटर तक प्रवेश निषेध किया गया है शहरों में 100 मीटर तक प्रवेश निषेध किया गया है। इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक कमरे में 25 छात्राओं के बीच दो वीक्षकों की तैनाती की गई है और हर कमरे में जो भी वीक्षक मौजूद होंगे उन्हें सख्त निर्देश दिया गया है कि जिस कमरे में जो भी कदाचार पाये जाएंगे उन पर कार्रवाई होगी।

## पहले दिन लेट आये चार महिला परीक्षार्थियों की परीक्षा छुटी, पिटते रहे दरवाजा, रोते रहे परीक्षार्थी, हुआ हंगामा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कदाचार मुक्त दावों के साथ बिहार इंटरमीडिएट की परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई है। मसौढी अनुमंडल में सिर्फ लड़कियों के लिए इस बार सात परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, वहीं पहले ही दिन 4 महिला परीक्षार्थियों की लेट आने से परीक्षा छूट गई है सुबह तकरीबन 9:10 में चारों लड़कियों परीक्षा केंद्र पर पहुंची थी, जहां काफी देर तक दरवाजा पीटते रही लेकिन दरवाजा नहीं खुला, रोती बिलखती रही बावजूद दंडाधिकारियों ने दरवाजा नहीं खोला, मसौढ़ी अनुमंडल में बने सात परीक्षा केंद्रों में पुनपुन, परसा,धनरूआ, पालीगंज समेत अन्य जगहों के परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं 37 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार 9:00 बजे तक परीक्षार्थी को अपने परीक्षा केंद्रों तक हर हाल में पहुंच जाना है, लेकिन सोमवार को पहले ही दिन कई परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी लेट से पहुंचे जहां दरवाजा बंद कर दिया, गया, श्रीमती गिरिजा कुवर हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर यही तस्वीर देखने की मिला, जहां परीक्षार्थी रोते रही, दरवाजा पिटते रहे। अभिभावकों ने बताया कि ट्रेन लेट हो गई थी परसा से आ रहे थे लेकिन जाम में पड़ गए सेंटर पर पहुंचने में लेट हो गई थी, हालांकि बंद दरवाजा के पास रोती हुई छात्रों को देख भीड़ को गुस्सा पनपा और कुछ देर के लिए हो हंगामा की नौबत हुई, जहां पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए सभी लोगों को खदेड़ा, मौके पर थाने से तीन-चार पुलिस की गाड़ियां पहुंची और भीड़ को तितर बितर किया, हालांकि घंटों देर तक चारों परीक्षार्थी रोती रही।

## प्रो. आर. पी. शर्मा की 92वीं जयंती मनी



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आरपीएस रेसिडेन्सियल स्कूल, बेली रोड, पटना में आज सुबह से ही गुनगुनी धूप के बीच विद्यालय परिसर में कुछ ज्यादा ही हलचल दिख रही थी। सामने में ही ताम्र निर्मित स्व. प्रो. आरपी शर्मा की आदमकद प्रतिमा स्थापित है जो भगवान भास्कर के रश्मियों के बीच स्वर्ण-सा प्रतीत हो रहा है। जी हाँ, यह भव्य अवसर है स्व. (प्रोफेसर) आरपी शर्मा की 92वीं जयन्ती समारोह का। दिनांक 2 फरवरी 2026 को आर.पी.एस. ग्रुप की शैक्षणिक संस्थानों के संस्थापक एवं धार्मिक ग्रन्थ 'कालजयी हनुमान' के रचयिता स्व. प्रो. आरपी शर्मा की 92वीं जयंती के अवसर पर आर. पी. एस. रेसिडेन्सियल स्कूल, बेली रोड, पटना, के प्रागंण में समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक, बरबीघा, डॉ. कुमार पुष्पंजय ने की एवं संस्थान के प्रागंण में स्थित स्व. प्रो. आरपी शर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबन्ध निदेशक कुमार पृतंजय, बड़ी संख्या में शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्त्ता, शहर के गणमाण्य व्यक्ति एवं आरपीएस परिवार के सभी सदस्य उपस्थित हुए एवं प्रो. आरपी शर्मा को पुष्पाजंली अर्पित की।

## पुनपुन सीओ के खिलाफ पंचायत प्रतिनिधियों ने फूंका बिगुल

### जनप्रतिनिधियों को धमकाने,एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर मुअतल करने की मांग



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन अंचलाधिकारी के खिलाफ पुनपुन प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधि आंदोलन का बिल्कुल फूंक दिया है,ऐसे में सोमवार को पुनपुन अंचल कार्यालय के समक्ष ही धरना पर बैठ गए हैं। इस धरना में बीस सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि कई मुखिया कई पंचायत समिति के अलावा पूर्व प्रखंड प्रमुख एवं अन्य पंचायत समिति सदस्य शामिल रहे। दरअसल मामला बीते 28 जनवरी की है, जहां पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष सिंटू कुमार के द्वारा जनता की समस्या को लेकर अंचलाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया, जहां कई कर्मचारी गायब दिखे इसी को लेकर पुनपुन अंचल अधिकारी के द्वारा फोन करते हुए कई अभद्र भाषा का प्रयोग कर उन्हें धमकी दिया और थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया, इसी बात को लेकर पुनपुन प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधियों में गुस्सा पनप उठा है और धरना पर बैठते हुए सरकार से भ्रष्ट पदाधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग की है उनके संपत्ति की जांच करने की भी मांग की है पंचायत प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि यह जमीन माफियाओं से मिलकर अकूट संपत्ति कमाई है महिला पदाधिकारी होने के नाते जनता के सवालों पर जबाब भी समस्या उठाई जाती है तो उन पर प्राथमिकी दर्ज करने की चेतावनी देते हैं। बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष ने बताया कि हमने सरकार से मांग किया है कि से बर्खास्त करें और इसकी पूरी संपत्ति की जांच हो।

धरना कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष अनिल साहनी, पैक्स अध्यक्ष प्रमुख प्रतिनिधि शैलेश पटेल, पंचायत समिति सदस्य रामानुज कुमार, पंचायत समिति सदस्य अमर कुमार, पंचायत समिति सदस्य दयानंद कुमार, पूर्व प्रमुख उदय कुमार, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सिंटू कुमार पंचायत समिति जेपी कुमार, पंचायत समिति संजय चौधरी, पंचायत समिति धर्मेंद्र पासवान, ममता कुशवाहा बीस सूत्री सदस्य समेत सैकड़ो लोग शामिल रहे।

## रोहित हत्याकांड मामला : प्रेम प्रसंग में हुई थी चाकू गोद कर हत्या, चार निरुद्ध बालक गिरफ्तार, 11 युवकों पर प्राथमिकी

**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीते शनिवार को हुई दसवीं कक्षा का छात्र रोहित उर्फ राजू हत्याकांड मामले में मसौढ़ी पुलिस ने चार निरूध बालकों को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया है। दरअसल यह पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। इसी में दो गुटों के बीच विवाद पनपा था जो हिंसक रूप ले लिया, इस पूरे मामले में मृतक के पिता गिरजा कुमार पिता सुबेलाल सिंह ने 11 युवको पर नामजद और पांच अज्ञात पर मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है, जहां सीसीटीवी फुटेज से पहचान करते हुए फिलहाल चार निरूध बालक को हिरासत में लेते हुए उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। हालांकि चाकू मारने वाला युवक फरार है, पूरे घटना के संदर्भ में सूत्रों के मुताबिक बताया जाता है की घटना कारीत करने वाला युवक किसी लड़की से प्रेम करता था, जिसका कुछ महीने से उसका ब्रेकअप हो गया था,उसके बाद उसी लडकी का अभी कुछ दिनों से मृतक रोहित उर्फ राजू के साथ दोस्ती हो गई थी, जो ब्रेकअप हुए युवक को यह दोस्ती रास नहीं आई और उसे कई बार कई जगहों पर उससे दोस्ती तोड़ने की बात कही थी, इसी बीच को लेकर दोनों में कई बार विवाद भी हुआ था, शनिवार के दिन मृतक राजू उर्फ राज रोहित जिसे इसी वर्ष मैट्रिक के परीक्षा देनी थी उसके कोचिंग में फेयरवेल कार्यक्रम था,जो आयोजन के बाद बाइक पर तीन लोग सवार होकर घर जा रहे थे उसी दरमियान सब्जी मंडी के पास में उस युवक को हथियार के साथ सभी आठ 10 लड़के उसे पकड़ लिए और उसी दरमियान चाकू निकालकर उसके पेट में मार दिया जिससे गंभीर रूप में जख्मी हुआ और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। फिलहाल पुलिस चाकू मारने वाले आरोपी और अन्य फरार अभियुक्त के खिलाफ टीम गठित करते हुए छापेमारी कर रही है।

## पालीगंज के पूर्व सरपंच स्व. रामनाथ चंद्रवंशी की 10वीं पुण्यतिथि मनी



**पालीगंज(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज के पूर्व सरपंच स्वर्गीय रामनाथ चंद्रवंशी की 10वीं पुण्यतिथि नगर बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर के हॉल में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन चौधरी ने की, जबकि संचालन अनिल आजाद ने किया। इस अवसर पर कई राजनीतिक और सामाजिक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुबास सिंह चंद्रवंशी, पटना के पूर्व मेयर एवं भाजपा के प्रदेश संयोजक संजय चंद्रवंशी, जिला परिषद अध्यक्ष अंजू देवी, पालीगंज के लोजपा प्रत्याशी सुनील यादव, भाजपा नेता अशोक कुमार वर्मा, उर्मिला देवी, बैजनाथ चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया गणेशदत्त, मोहन चौधरी, बिट्टू कुमार चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## मसौढी में किसानों की समस्या को लेकर किसान मजदूर विकास संगठन ने किया धरना प्रदर्शन



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 21 सूत्री मांगों को लेकर किसान मजदूर विकास संगठन के बैनर तले मसौढ़ी अंचल कार्यालय पर किसानों का विरोध प्रदर्शन किया गया,कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार ने की, मौके पर मसौढ़ी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए हुए सैकड़ो किसान शामिल हुए,प्रदेश अधयक्ष अनिल कुमार ने कहा की हमारी 21 सूत्री मांगे हैं, जिसमें किसान मजदूर को कृषि पदाधिकारी द्वारा सरकारी मूल्य पर खाद आपूर्ति करवाने, बीज की उपलब्धता, खेती करने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, मसौढी अंचलाधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किसानों के समस्याओं को सार्थक रूप से बात करने, उनके ऑनलाइन किए गए परिमार्जन प्लस को शीघ्रतापूर्वक किसानों के समक्ष निपटारा करने, किसानों की ऑनलाइन रसीद में छूटे हुए खाता प्लॉट रखवा का ऑनलाइन करने,दाखिल खारिज की कार्यो में तेजी लाने, रिजेक्ट किए गए म्यूटेशन को सार्थक रिपोर्ट करने, को के द्वारा रिजेक्ट किया गया म्यूटेशन को डीएसएलआर के पास जल्द सुनवाई किया जाए,, मसौढ़ी में बंद पड़े नलकूपों को चालू करवाया जाए ,बिजली बिल सुधार हेतु ब्लॉक परिसर में हर माह कैंप किया जाए, राजस्व कर्मचारी के सप्ताह में 1 दिन कैंप लगाकर किसानों की समस्या सुना जाए आदी मांग है। इसके साथ ही अनिल कुमार ने अंचलाधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार किसानों को फार्मर आईडी के नाम पर धोखा दे रही है, मसौढ़ी प्रखंड में सैकड़ो से किसान है जिसका अभी तक फार्मर आईडी नहीं बना है।

वहीं सरकार ने पहले ही तय कर दिया है कि 40% से ज्यादा फार्मर आईडी नहीं बनेंगे तो फिर 60% किसान कहां जाएंगे यह सरकार की दोहरी नीति नहीं चलेगी। धरना कार्यक्रम में पालटन सिंह, विजय यादव, राकेश कुमार ,मुखिया रवि प्रकाश, राकेश पटेल ,राकेश शर्मा, विजय यादव विश्वनाथ केसरी, मंतोष पासवान सुभाष कुमार समेत सैकड़ो लोग शामिल रहे ।

## चर्म रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से पूरा इलाज संभव : डॉ. साजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साजन क्लिनिक, बंगाली अखाड़ा मोड़, बारी पथ, पटना के निदेशक डॉ. साजन, 'गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ' ने कहा है कि सफेद दाग एक ऑटोइम्यून डिजीज है, जिसमें व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता उसकी त्वचा को नुकसान पहुंचाने लगती है। यह शरीर के इम्यून सिस्टम के कार्यप्रणाली में होने वाले असंतुलन के कारण होता है। ऐसी स्थिति में त्वचा की रंगत निर्धारित करने वाले मेलेनसाइटस नामक सेल धीरे-धीरे नष्ट होने लगते हैं। परिणामस्वरूप त्वचा पर सफेद ध्ब्बे नजर आने लगते हैं। आम तौर पर यह समस्या होठों और पैरों पर दिखायी देती है। इसके अतिरिक्त शरीर के कई अलग-अलग हिस्सों पर भी ऐसे दाग नजर आ सकते हैं। जिसके कारणों का पूरी तरह पता नहीं चल सका है। फिर भी इलाज से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। कई बार यह आनुवांशिक कारणों से भी हो सकता है। छूने या सम्पर्क में आने से इसका संक्रमण नहीं होता है। कुछ लोग इसे कुष्ठ रोग की प्रारम्भिक अवस्था मान अत्यंत भयभीत हो जाते हैं, पर वास्त में ऐसा नहीं है, कुष्ठ रोग से इसका कोई संबंध नहीं है। यह एक प्रकार का चर्म रोग है जिसमें शरीर के अंदरुनी हिस्सों को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। यूरोपीय देशों में यह इतना आम है कि वहां इसे रोग की श्रेणी में नहीं माना जाता है। कई बार यह बीमारी एक से डेढ़ साल में ठीक हो जाती है, जबकि कुछ मामलों में यह जरुरी नहीं है कि यह ठीक भी हो । ल्यूकोर्डमा एक प्रकार का त्वचा रोग है। दुनिया की 0.5 प्रतिशत से एक प्रतिशत आबादी इससे ग्रसित है। लेकिन भारत में इससे आठ प्रतिशत लोग ग्रसित हैं। ल्यूकोडर्मा किसी भी उम्र में हो सकता हे, लेकिन आधे से ज्यादा मामलों में यह 20 साल की उम्र से पहले ही विकसित हो जाता है। आयुर्वेद के अनुसार वात, पित्त और कफ यानी त्रिदोष के कारण इस प्रकार के रोग होते हैं।

## वरिष्ठ नेता बबन शर्मा के श्राद्ध क्रम में पंडारक पहुंचे मुख्यमंत्री

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक प्रखंड अंतर्गत पंडारक गांव के नीतीश कुमार के बेहद करीबी जदयू के वरिष्ठ नेता बबन शर्मा का निधन होने के बाद उनके श्राद्ध कर्म में सोमवार की संध्या बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सड़क मार्ग से उनके श्रद्धा क्रम में पहुंचे इस दौरान नीतीश कुमार करीब 5 मिनट तक उनके पुत्र आलोक कुमार से मुलाकात कि उनके घर के छत पर जाकर लोगों का अभिनंदन किया और फिर उनका काफिला पटना के लिए निकल पड़ा। बबन शर्मा के श्राद्ध क्रम में कई बड़े हस्ती उनके कार्यक्रम में शिरकत करेंगे सोमवार को मशहूर भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा अपने कार्यक्रम का प्रस्तुति दिया। वहीं मंगलवार के दिन गजल गायक अनूप जलोटा भी पंडारक पहुंचकर अपनी प्रस्तुति देंगे।

## उत्साह और उमंग के साथ कृषि अनुसंधान परिसर में शुरू हुआ सिक्किम के किसानों का प्रशिक्षण







**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिक्किम जो एक जैविक खेती प्रधान राज्य है, के लघु एवं सीमांत किसानों के कौशल विकास तथा क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा समेकित कृषि प्रणाली विषय पर एक उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 02 से 06 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सिक्किम राज्य से कुल 27 किसान भाग ले रहे हैं, जिनमें 18 महिलाएं शामिल हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीमित संसाधनों के कुशलतम उपयोग के माध्यम से कृषि उत्पादन बढ़ाना, किसानों की आय में वृद्धि करना तथा टिकाऊ एवं जलवायु-अनुकूल खेती को बढ़ावा देना है। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने अपने अभिभाषण में सिक्किम के किसानों को उन्नत कृषि की दिशा में पहला कदम उठाने पर बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने स्मार्ट खेती को अपनाने हेतु भूमि एवं जल प्रबंधन की उन्नत तकनीकों—जैसे ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग, कृषि अपशिष्ट का पुनर्चक्रण, कम्पोस्ट निर्माण, ग्राफ्टिंग, समेकित जैविक खेती, समेकित प्राकृतिक खेती तथा कृषि-वानिकी—को अपनाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही आय में वृद्धि एवं टिकाऊ कृषि को सुनिश्चित करने के लिए डेयरी, सुअर पालन आदि सहायक उद्यमों को कृषि प्रणाली में सम्मिलित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसके अतिरिक्त किसानों को कम से कम ऐसे किसी एक घटक का चयन अवश्य करना चाहिए, जिससे आय में गुणात्मक वृद्धि प्राप्त की जा सके, जैसे गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री का उत्पादन, स्ट्रॉबेरी की खेती, उच्च मूल्य फल फसलों का उत्पादन, मशरूम स्पॉन उत्पादन, कृषि प्रसंस्करण गतिविधियाँ आदि। कार्यक्रम के पाठ्यक्रम निदेशक एवं फसल अनुसंधान प्रभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि कहा कि समेकित कृषि प्रणाली किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का एक सशक्त माध्यम है । उन्होंने बताया कि यह प्रणाली कृषि के विविध पहलुओं को एक साथ जोड़कर उत्पादन क्षमता को बढ़ाती है, जिससे लघु एवं सीमांत किसानों को अधिक प्रभावी और टिकाऊ खेती अपनाने में सहायता मिलती है। डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रभागाध्यक्ष, भूमि एवं जल प्रबंधन ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण और संसाधन दक्षता समेकित कृषि प्रणाली की आधारशिला हैं, जो दीर्घकालीन कृषि स्थिरता सुनिश्चित करती हैं। डॉ. कमल शर्मा, प्रभागाध्यक्ष, पशुधन एवं मात्स्यिकी प्रबंधन ने समेकित कृषि प्रणाली में पशुधन एवं मात्स्यिकी घटकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये घटक कृषि अपशिष्ट के पुनर्चक्रण के साथ-साथ अतिरिक्त आय और रोजगार के अवसर सृजित करते हैं। डॉ. उज्ज्वल कुमार, प्रभागाध्यक्ष, सामाजिक-आर्थिक एवं प्रसार ने कहा कि समेकित कृषि प्रणाली की सफलता किसानों तक वैज्ञानिक तकनीकों के प्रभावी प्रसार, प्रशिक्षण और सहभागिता पर निर्भर करती है। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. शिवानी ने कहा कि समेकित कृषि प्रणाली किसानों को फसल, पशुपालन और अन्य उद्यमों को मिलाकर संसाधनों का अधिकतम उपयोग और आय में वृद्धि करने का अवसर देती है। कार्यक्रम का संचालन पाठ्यक्रम सह निदेशक डॉ. अभिषेक कुमार, वैज्ञानिक, पटना द्वारा किया गया। अंत में वैज्ञानिक एवं पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. कुमारी शुभा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### जीएमसीएच में इलाज के दौरान बंदी की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोमवार दोपहर इलाज के दौरान एक बंदी की मौत हो गई। मृतक की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के बुधवलिया निवासी गोरख मुखिया (75) के रूप में हुई है।मंडल कारा के डिप्टी सुपरिटेंडेंट रामानुज राम ने बताया कि गोरख मुखिया दमा की बीमारी से पीड़ित था। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे जीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान करीब एक बजे उसकी मौत हो गई।उन्होंने बताया कि गोरख मुखिया 10 अक्टूबर 2025 से मंडल कारा में बंद था और जेल आने के समय से ही अस्वस्थ था। इससे पहले भी नवंबर माह में दो बार उसे इलाज के लिए जीएमसीएच भेजा गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### ऋतिक प्रोजेक्ट कार्यालय में जीएसटी सर्वे जारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वाणिज्य कर विभाग के इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की टीम ने सोमवार को लगातार तीसरे दिन निर्माण कंपनी ऋतिक प्रोजेक्ट के कार्यालय में सर्वे किया। आधे दर्जन अधिकारियों की टीम सामान्य लेनदेन, संदिग्ध टर्नओवर, ई-वे बिल, इनवॉइस और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) से जुड़े कागजातों की जांच कर रही है।टीम सीमेंट, छड़, गिट्टी, बालू और अलकतरा समेत निर्माण सामग्री की आपूर्ति, जीएसटी रिटर्न और मैनपॉवर का मिलान कर वास्तविक जीएसटी देयता का आकलन कर रही है। ऋतिक प्रोजेक्ट से जुड़ी आधे दर्जन एजेंसियों के क्रियाकलापों की भी पड़ताल की जा रही है। जांच ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से की जा रही है।जॉइंट कमिश्नर दिनेश कुमार ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाएगी, जहां से पूरे मामले की निगरानी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि ऋतिक प्रोजेक्ट बीएसआरडीसीएल के तहत करीब 325 करोड़ रुपये की लागत से बेतिया नरकटियागंज टू लेन सड़क का निर्माण कर रही है।

### राजस्व अधिकारियों की हड़ताल से न हो काम प्रभावित

**बीडीओ को मिला सीओ का प्रभार**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य राजस्व सेवा संघ के आह्वान पर जिले के सभी अंचल अधिकारियों और राजस्व अधिकारी सोमवार से छह सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।राजस्व कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए विभागीय स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। सभी अंचलों में संबंधित बीडीओ को अंचल अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि यह व्यवस्था हड़ताल की अवधि में अंचलों में सभी राजस्व कार्य सामान्य रूप से संचालित रखने के लिए की गई है।

### साढ़े तीन लाख का गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**मैनाटांड /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा पुलिस ने सडकीया भंगहा से सोमवार को गांजा के साथ एक तस्कर को धर दबोचा है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति नेपाल से मादक पदार्थ लेकर बार्डर के रास्ते भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाला है। सुचना मिलते ही जगह जगह पर नाका लगा दी गई। इसी दौरान एक संदिग्ध नेपाल की ओर से आते दिखाई दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को देखते ही उक्त व्यक्ति भागने की फिराक में था। लेकिन घेराबंदी कर पुलिस द्वारा उन्हें दबोच लिया गया और उसके पास मौजूद झोला की तलाशी के दौरान 8.500 किलो गांजा बरामद की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर की पहचान थाना के भंगहा बाजार के अशोक यादव बताया जाता है। वही जब्त गांजा की किमत अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 3 लाख 40 हजार रुपये आंकि गई है।



### मारपीट का आरोपित धराया

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरूषोतमपुर पुलिस ने भेडीहारी गांव से काउंटर केस के नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि मो सनाउल्लाह उर्फ लड्डू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। विदित हो कि बिते दिन भेडीहारी गांव में आपसी विवाद को लेकर काउंटर केस दर्ज की गई थी।

### माघ माह में अजय बने सेवा और सद्भाव का मिसाल

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माघ माह के पावन अवसर पर भूतपूर्व स्टैंडिंग काउंसिल (भारत सरकार) पटना हाईकोर्ट एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय उपाध्याय ने अपने आवास पर सादगीपूर्ण भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को खीर, पूड़ी और सब्जी का प्रसाद परोसा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्थानीय लोगों के अनुसार अजय उपाध्याय हर वर्ष माघ माह, मकर संक्रांति सहित अन्य अवसरों पर ऐसे सेवा कार्यक्रम आयोजित करते हैं। उनके सामाजिक व धार्मिक कार्यों से क्षेत्र में सौहार्द और भाईचारे का संदेश मिलता है।

### डीएम एवं एसपी ने किया विभिन्न परीक्षा केंद्रों निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हुई है । परीक्षा के पहले दिन जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर परीक्षा संचालन का जायजा लिया गया। एवं उपस्थित केंद्र अधीक्षक सहित दंडाधिकारियों को सभी जरूरी निर्देश दिए गए। इस क्रम में जिला स्कूल, मंगल सेमिनरी और प्रभावती गुप्ता स्कूल का भ्रमण किया गया।



### जामिया इस्लामिया कुरानिया मदरसा में 24वां जलसा दस्तारबंदी, 480 हाफिजों को मिला सम्मान

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सेमरा स्थित जामिया इस्लामिया कुरानिया मदरसा में 24वां जलसा दस्तारबंदी कार्यक्रम उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात धर्मगुरु मुफ्ती जुनैद आलम ने की। मदरसे के लगभग 1000 छात्रों में से 480 हिफ्जे कुरान पूर्ण करने वाले छात्रों को दस्तारबंदी के माध्यम से सम्मानित किया गया और सभी को दलबा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम तीन चरणों परीक्षा परिणाम की घोषणा, दूसरे में दस्तारबंदी, और तीसरे में सामूहिक दुआ। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में प्रथम मोहम्मद शागिल सोहेल (भोगाड़ी, मझौलिया), द्वितीय येयान हसन (पटना), तृतीय शाहिद समीम (हत्था बक्सा), मोहम्मद अयान आलम (पूर्णिया), अफरोज आलम (अररिया), रब्बान आलम (जगदीशपुर) शामिल हैं।मदरसा सचिव सफीउद्दीन उर्फ टेनी, समिति सदस्य डॉ. मोहम्मद शमीम अख्तर एवं अनीसुल रहमान ने छात्रों को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। प्रधानाध्यापक कारी बसीर अहमद माजाहिर ने शिक्षकों और छात्रों की मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन मुफ्ती आबिद हुसैन ने किया और अंत में सामूहिक दुआ के साथ समापन हुआ।



### चम्पारण में निर्मित फिल्म 'चम्पारण सत्याग्रह' के ऑफिशियल बुकलेट का लोकार्पण जिलाधिकारी द्वारा किया गया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के चम्पारण में निर्मित बहुचर्चित फिल्म 'चम्पारण सत्याग्रह' के ऑफिसियल बुकलेट का लोकार्पण पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा अपने कार्यकाल कक्ष में की गई। कार्यक्रम में फिल्म के कलाकारों के अलावा जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, फिल्म अभिनेता पप्पू गुप्ता समेत कई लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस फिल्म से आज की युवा पीढ़ी चम्पारण के इतिहास से अवगत होंगे। वहीं जिला कला संस्कृति पदाधिकारी मो. फवाद सिद्दीकी ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में पहले असहयोग आंदोलन के रूप में चम्पारण सत्याग्रह का नाम स्वर्णाक्षरों में उल्लेखित है। फिल्म के लेखक, अभिनेता, निर्देशक डॉ. राजेश अस्थाना ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराने हेतु 'चम्पारण सत्याग्रह' नाम से भव्य फीचर फिल्म बनायी गई है, जिसमें भोजपुरी एवं हिन्दी फिल्मों के मशहूर कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म सम्पूर्ण विश्व में चम्पारण के अतीत के अनछुए पहलुओं से रूबरू कराएगी। युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट द्वारा कॉरपोरेट रूप में बन रही यह फिल्म सुप्रसिद्ध गांधीवादी ब्रजकिशोर सिंह लिखित 'चम्पारण में बापू' एवं डॉ. राजेश अस्थाना द्वारा लिखित पुस्तक 'चम्पारण सत्याग्रह गाथा' से संदर्भित है।



# बाल विवाह मुक्ति रथ को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखा किया रवाना



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी संस्था ग्राम नियोजन केन्द्र, पूर्वी चम्पारण द्वारा बाल विवाह उन्मूलन के उद्देश्य से संचालित बाल विवाह मुक्ति रथ अभियान का आज विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से किया गया। यह बाल विवाह मुक्ति रथ आगामी दिनों में पूर्वी चम्पारण जिले के विभिन्न ग्रामों एवं पंचायतों में भ्रमण करते हुए आमजन को बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेगा तथा समुदाय को इस कुप्रथा के विरुद्ध संगठित करेगा। इस अभियान में विभिन्न सरकारी विभाग एवं संस्थाएं जैसे आईसीडीएस, महिला एवं बाल विकास निगम, डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एम्पावरमेंट आफ विमेन, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) तथा जिला बाल संरक्षण इकाई सक्रिय रूप से सहभागिता निभा रही हैं। इन सभी एजेंसियों के समन्वय से बाल विवाह की पहचान, रोकथाम एवं पीड़ित बच्चों के संरक्षण हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। शुभारंभ समारोह के अवसर पर आईसीडीएस की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी महोदया एवं डिस्ट्रिक्ट हब फॉर वीमेन एम्पावरमेंट की नोडल पदाधिकारी महोदया ने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं कार्यकताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बाल विवाह की घटनाओं की सतत निगरानी करें तथा किसी भी संभावित बाल विवाह की सूचना संबंधित विभागों को तुरंत उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और यह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं स्वयंसेवी संगठनों से आह्वान किया कि वे इस अभियान को जन आंदोलन बनाते हुए पूर्वी चम्पारण को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें। ग्राम नियोजन केन्द्र, पूर्वी चम्पारण के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह अभियान केवल जागरूकता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके माध्यम से गांव-गांव में बैठकें, रैली, शपथ कार्यक्रम, पोस्टर प्रदर्शन एवं जनसंवाद आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग तक यह संदेश पहुंचे कि लड़कियों की शादी 18 वर्ष के बाद एवं लड़कों की शादी 21 वर्ष के बाद ही होनी चाहिए। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी महोदय, महिला एवं बाल विकास के पदाधिकारीगण, महिला सशक्तिकरण से जुड़े अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रतिनिधि, ग्राम नियोजन केन्द्र के कार्यकर्ता एवं अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्राम नियोजन केन्द्र, पूर्वी चम्पारण यह विश्वास करता है कि जिला प्रशासन एवं सभी सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर चलाया गया यह अभियान बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन की दिशा में एक निर्णायक कदम सिद्ध होगा।

## चैम्बर ऑफ कॉमर्स का 27 वीं कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के 27 वीं कार्यकारिणी की पहली बैठक होटल वी के गार्डन बंजरिया पंडाल के सभागार में चेंबर अध्यक्ष महेश सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित हुई सभा की शुरूवात विशिष्ट आमंत्रित सदस्य पुर्व अध्यक्ष संजय लोहिया, देवेंद्र कुमार गुप्ता और राज किशन का तालियों से स्वागत कर परिचय कराया ।महासचिव आलोक कुमार ने गत बैठक के कार्यवाही की रिपोर्ट और गतिविधियों की रिपोर्ट सभा के समक्ष रखी, कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा ने आय व्यय की जानकारी दी अध्यक्ष महेश सिन्हा ने कहा कि व्यवसाई के हित में मोतिहारी चैंबर सदैव तत्पर है और व्यावसायिक हित में सालों भर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल की प्राथमिकता चैंबर भवन का निर्माण रहेगा। बैठक में वनभोज, नव वर्ष की उमंग गांव के बच्चों के संग कार्यक्रम और वार्षिक पदस्थापना सह सम्मान समारोह की समीक्षा की गई सत्र 2026 के समस्त विभागों का बंटवारा किया गया। बैठक में निर्वतमान अध्यक्ष अंगद सिंह पुर्व अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, संजय जायसवाल, अनुपम जायसवाल, ,उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र उप सचिव विनय देवकुलियार कार्यकारिणी सदस्य हेमंत कुमार आदि उपस्थित रहे।

## छौराहा पोखरा के पास खेत से युवक का शव बरामद, जांच जारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में रविवार रात करीब नौ बजे छौराहा पोखरा के समीप गेहूं के खेत से एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कठइया बिशनपुरवा वार्ड नंबर 7 निवासी राकेश सिंह के 22 वर्षीय पुत्र रितिक राज उर्फ सचिन राज के रूप में हुई है।सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की मां मीरा देवी ने आरोप लगाया कि विवेक पटेल और अमित सिंह बर्थडे पार्टी के बहाने रितिक को घर से बुलाकर ले गए और साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। परिजनों ने गोली मारकर हत्या किए जाने का दावा किया है।वहीं रितिक के साथ बाइक पर मौजूद दोस्त विवेक पटेल ने पुलिस को बताया कि नीलगाय से टकराने के कारण सड़क हादसे में रितिक की मौत हुई, जबकि वह स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर सोमवार को परिजनों को सौंप दिया। सदर एसडीपीओ-वन विवेक दीप ने बताया कि दोस्त का बयान दर्ज किया गया है और प्रथम द्दष्ट्या मामला सड़क हादसे का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा।

## दो वारंटी, मोटरसाइकिल सहित एक शराब तस्कर समेत तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीतना थाना पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार देर शाम एसएसबी के सहयोग से एक व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने दो कुर्की वारंटी, एक शराब तस्कर और मोटरसाइकिल सहित कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 18 लीटर नेपाली शराब भी बरामद की।गिरफ्तार किए गए कुर्की वारंटियों में जीतना थाना क्षेत्र के कोइरगावा गाँव निवासी सुधीर कुमार पिता राम जनम बैठा, यादोंलाल सहनी पिता मेवालाल सहनी शामिल हैं। इन सभी को कुर्की मामलों में वांछित होने के कारण पकड़ा गया।शराब तस्करी के आरोप में विकाश कुमार को रंगे हाथों 18 लीटर नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, पुरुष तस्कर लंबे समय से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त था और यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई।गिरफ्तार किए गए सभी तीन आरोपियों को मंगलवार को दोपहर न्यायिक हिरासत में मोतिहारी जेल भेज दिया गया।इस छापेमारी अभियान का नेतृत्व जीतना थाना के थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने किया। उनके साथ और अन्य पुलिसकर्मी भी सक्रिय रूप से मौजूद थे। टीम ने पूरे अभियान के दौरान सतर्कता और अनुशासन बनाए रखा।थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में अपराध, वारंटी गिरफ्तारी और अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत होने और अपराध पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए सीओ व आरओ

**डीएम ने बीडीओ को दिया अंचल का प्रभार**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राजस्व सेवा संघ के आह्वान पर सोमवार से सभी राजस्व अधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। इस संबंध में सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राजस्व सेवा की नियुक्ति में बदलाव किया गया है। सरकार द्वारा अनुमंडल भूमि राजस्व अधिकारी का नया पद बनाया गया है। इससे सीओ के पद से प्रोन्नति के माध्यम से भूमि सुधार उपसमाहर्ता के पद प्राप्त करने वाले अधिकारियों को बड़ी निराशा मिली है। इसके अलावा सरकार राजस्व विभाग से हटकर अन्य कई योजनाओ के क्रियान्वयन का दबाव अधिकारियों व कर्मियों पर डाल रही है, जो कही से उचित नही है। इधर आरओ और सीओ के हड़ताल पर जाने से अंचल संबंधी कार्य को लेकर लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## भव्य कलश यात्रा यात्रा के साथ काली माता मंदिर में पिंडी प्रतिष्ठा सह नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ





**एकमा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड के परसा दक्षिणी पंचायत के एकड़ीपुर गांव स्थित काली माता मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद पिंडी प्रतिष्ठा व नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। झांकी, रथ, गाजे-बाजे व जयघोषों के बीच निकली कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे। इस दौरान पूरे परसागढ़ क्षेत्र का वातावरण भक्ति व आस्था से सराबोर हो उठा।

**भक्ति-मय माहौल में निकली कलश यात्राः**

कलश यात्रा यज्ञस्थल से प्रारंभ होकर प्रसादीनाथ बाबा मठ होते हुए परसागढ़ स्थित वैष्णो देवी मंदिर के समीप पोखरा घाट तक पहुंची। घाट पर वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-विधि के बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र जल से कलश भरा। इसके बाद सिर पर जल से भरे कलश उठाए हजारों महिलाओं की लंबी कतार नगर क्षेत्र का परिभ्रमण करती हुई पुनः यज्ञस्थल पहुंची, जहां कलश स्थापना की गई। मार्ग भर में देवी-भजनों, मंगलगीतों व भक्ति-उल्लास की गूंज बनी रही।

**वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ का शुभारंभः**

यात्रा के यज्ञस्थल पर पहुंचने के बाद वाराणसी से आए यज्ञाचार्य रामभद्र ओझा के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महायज्ञ की शुरूआत की गई। महायज्ञ के यजमान स्थानीय मुखिया काजल तिवारी एवं उनके पति समाजसेवी श्याम किशोर तिवारी रहे। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में शांति, सम्पन्नता और सुख-समृद्धि की मनोकामना करते हुए कलश स्थापित किया।

**रोज होगा रासलीला, प्रवचन व रामलीला का मंचनः**

आयोजन समिति ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन दोपहर में रासलीला, शाम में प्रवचन व रात्रि में रामलीला का मंचन किया जाएगा। बताया गया है कि दैनिक अनुष्ठान के आयोजन इस प्रकार से हैंः 3 जनवरी को पञ्चांग पूजन व मंडप प्रवेश, 4 जनवरी को दैनिक पूजन, अरणी मंथन एवं जलाधिवास, 5 जनवरी को अन्नाधिवास, 6 जनवरी वस्त्राधिवास, 7 जनवरी महास्नान, नगर भ्रमण व शय्याधिवास, 8 जनवरी को अचल प्राण-प्रतिष्ठा, 9 जनवरी को हवन एवं 10 जनवरी को विधिवत हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ महायज्ञ की पूणार्हुति होगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन 12 बजे से 3 बजे तक रासलीला, 4 बजे से 6 बजे तक प्रवचन एवं शाम को 7 बजे से 11 बजे तक रामलीला का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंच, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था व श्रद्धालु दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की ओर विशेष ध्यान दिया गया है। अनुष्ठान स्थल पर झूले और विविध दुकानों की भी व्यवस्था की गई है, जिससे पूरा क्षेत्र एक मेले जैसी रौनक से भर गया है। दिनभर ग्रामीणों तथा आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का लगातार आगमन जारी है। आयोजन समिति के अनुसार पूरा महायज्ञ ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों के सामूहिक सहयोग से संचालित हो रहा है। बताया गया है कि सुरक्षा, साफ-सफाई व यातायात व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों की टीमें लगातार मुस्तैद हैं, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके। अनुष्ठान-स्थल पर बच्चों व श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए झूला व विभिन्न दुकानों के लगने से मेले जैसा वातावरण बन गया है। महायज्ञ का आयोजन समस्त ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया गया है।

### चिरैया प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को पितृ शोक

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह के पिता बैद्यनाथ सिंह का 91 वर्ष की आयु में सोमवार दोपहर को सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उनके पैतृक आवास पटना जिले के मसौढी प्रखंड के कोरियामा गांव में निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र और तीन पौत्र व तीन परपोते का भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उनके निधन पर शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। बीईओ श्री सिंह ने कहा की पिताजी का इस तरह चला जाना मेरे जीवन की सबसे बड़ी और अपूरणीय क्षति है। मेरे परिवार के लिए एक ऐसे मार्गदर्शक, रक्षक और आधार के चले जाने का दुख है, जिसकी कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि पिता को परिवार का आधार, शक्ति और संबल माना जाता है, जिनके जाने से परिवार में एक बहुत बड़ा शून्य पैदा हो जाता है। यह मेरे लिए यह अत्यंत दुखद समय है। निधन पर डीईओ पूर्वी चंपारण राजन कुमार गिरी, डीपीओ नित्यम कुमार गौरव, प्रहलाद गुप्ता, अखिल वैभव, प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह, अरुण कुमार सुमन, कार्तिक कुमार, मिराज आलम, राकेश रंजन सहित चिरैया, मोतिहारी एवं पिपरा प्रखंड के शिक्षकों, शिक्षाविद एवं जनप्रतिनिधियों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

## इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू, 12 केंद्रों पर ली जा रही है परीक्षा, एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र के कुल 12 परीक्षा केंद्रों पर सोमवार से इंटरमीडिएट परीक्षा शुरू हो गई। पहले दिन पहली पाली में विज्ञान संकाय के छात्रों ने जीवविज्ञान और कला संकाय के छात्रों ने फिलॉसफी की परीक्षा दी, जबकि दूसरी पाली में कला और वाणिज्य संकाय के छात्रों ने अर्थशास्त्र की परीक्षा दी।इस बार 8 परीक्षा केंद्र नगर क्षेत्र और 4 ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए हैं। परीक्षा में कुल 6147 परीक्षार्थी शामिल हुए। नगर क्षेत्र में उच्च माध्यमिक विद्यालय, रेलवे प्रवेशिका, मतिसरा कुंवर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, केदार पांडेय इंटर कॉलेज, संत जेवियर स्कूल, टीपी वर्मा कॉलेज और संत मैरी हाई स्कूल परीक्षा केंद्र बने। ग्रामीण क्षेत्र में राजाराम उच्च माध्यमिक विद्यालय साठी, उच्च विद्यालय साठी, मिडिल स्कूल साठी और रामचन्द्र लाल उच्च विद्या मंदिर मथुरा शामिल हैं।सभी केंद्रों पर वरीय स्टैटिक दंडाधिकारी, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और स्टैटिक पुलिस पदाधिकारी तैनात किए गए हैं। प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की एडमिट कार्ड जांच और गहन तलाशी की गई। केवल अनुमत सामग्री के साथ प्रवेश दिया गया। सभी केंद्रों में सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था भी की गई है।एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर केंद्राधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए कड़ी सुरक्षा और प्रशासन की पैनी नजर बनी रहेगी।

### इंटरमीडिएट की पहले दिन की परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में शांतिपूर्ण

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी परीक्षा केंद्र पर सोमवार को इंटरमीडिएट की पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में सम्पन्न हुई। केंद्राधीक्षक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा प्रातः 9:30 बजे से प्रारंभ होकर सायं 5.15 बजे तक दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में विज्ञान संकाय की जीव विज्ञान एवं कला संकाय की दर्शनशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। जिसमें कुल 234 में से 228 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही दूसरी पाली में कला व कॉमर्स संकाय के परीक्षार्थियों की अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। जिसमें कुल 15 परीक्षार्थी में से 14 शामिल हुए। वहीं एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। किसी भी परीक्षार्थी के परीक्षा से निष्कासन की सूचना नहीं है। परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण डीसीएलआर सिकरहना सुनिधि ने किया। वही शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में बीएओ ढाका इंद्रजीत कुमार एवं कनीय अभियंता ग्रामीण कार्य प्रमंडल सिकरहना विष्णुदेव दास व महिला पर्यवेक्षिका शारदा कुमारी मौजूद थे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित





**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के एकमा प्रखंड में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में 'हम और आप मिलकर करेंगे बच्चों का समग्र विकास' थीम के तहत अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी ने की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए बच्चों के समग्र विकास की दिशा में संयुक्त प्रयास करना है। उन्होंने बताया कि बच्चों की अकादमिक प्रगति को योजनाबद्ध तरीके से अभिभावकों के साथ साझा करना विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने अभिभावकों को सलाह देते हुए कहा कि मोबाइल व सोशल मीडिया का विवेकपूर्ण उपयोग कर बच्चों को वास्तविक जीवन की गतिविधियों से जोड़ना आवश्यक है। बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने आग्रह किया कि बच्चे प्रतिदिन साफ-सुथरे यूनिफॉर्म में, कटे नाखून व सलीके से बंधे बालों के साथ विद्यालय आएं। प्रधानाध्यापक श्री तिवारी ने बताया कि डब्बाबंद भोजन के बजाय घर का बना पौष्टिक भोजन बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अधिक लाभदायक है। सभी अभिभावकों से घर पर बच्चों के लिए 'पढ़ाई का कोना' तैयार करने तथा रोज कम-से-कम एक घंटा बैठाकर लिखने-पढ़ने की आदत विकसित कराने की अपील की गई। साथ ही गृह कार्यों पर नियमित चर्चा करने, बच्चों को बोल-बोलकर पढ़ने के लिए प्रेरित करने तथा टीवी-मोबाइल के समय को सीमित कर संवाद और रचनात्मक गतिविधियों में जोड़ने की सलाह दी गई।

**विद्यार्थियों व अभिभावकों को मिला सम्मानः**

संगोष्ठी के दौरान 'स्टूडेंट ऑफ द मंथ' के रूप में सभी कक्षाओं से एक-एक विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं 'अभिभावक ऑफ द मंथ' के रूप में एक अभिभावक प्रियंका देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार ठाकुर, सचिव संध्या देवी, अभिभावक गौरी शंकर, रानी कुमारी, ब्रह्मानंद महतो, प्रियंका देवी, के अलावा दिग्विजय कुमार गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, छविनाथ मांझी, सनोज कुमार राम, अंजू कुमारी, कुमारी अर्किता कुशवाहा, राज मोहम्मद अंसारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

**Name Change**

I, Santosh Kumar c/o Ramvijay Prasad Singh, Pashmi Lohanipur, Ram Nivash Katra, Kadamkuan, P. O - Kadamkuan, Dist. Patna, Bihar, PIN- 800003 have changed the name of my son namely Gopal age 11 years and he shall hereafter be known as Keshav Vijay

CMYK

# व्यवहार न्यायालय के नये प्रधान जिला जज ने किया पदभार ग्रहण

## साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के 33वें नये प्रधान जिला जज न्यायधीश राजीव रंजन कुमार ने पदभार ग्रहण किया और न्यायिक कार्यों में भाग लिया। प्रधान जिला जज ने व्यवहार न्यायालय परिसर में सुरक्षा और साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और सभी कोर्ट के न्यायिक कार्य प्रगति की समीक्षा किया। न्यायिक पदाधिकारीयों और कर्मचारीयो के साथ भी वार्ता किया। निर्माणधीन नये भवन के प्रगति कार्य देखा। उन्होंने अधिवक्ताओं को संबोधित



करते हुए कहा कि आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा, बार और बेंच एक समन्वय स्थापित कर व्यवहार न्यायालय और लोक अदालत में लंबित मामलों का अधिक से अधिक निष्पादन करें। पदभार ग्रहण करने पर पीपी पुष्कर अग्रवाल, जीपी बृजा प्रसाद, जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, स्पेशल पीपी परवेज अख्तर, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, जिला विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने नये प्रधान जिला जज को बुके देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी।

# तीन दिवसीय रक्तदान जागरूकता यात्रा पर छत्तीसगढ़ पहुंचे बमेंद्र, युवतियों को किया प्रेरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** देश में रक्तक्रांति लाने के उद्देश्य से रक्तदान के क्षेत्र मे सेवा दे रही संस्था पथ प्रदर्शक लगातार प्रयासरत है। इसके लिए संस्था द्वारा कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं ताकि देश के युवा रक्तदान के प्रति जागरूक होकर जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करें। इसी कड़ी में पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने रक्तदान जागरूकता यात्रा का शुरुआत करते हुए तीन दिवसीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पहुंचे। दो से चार फरवरी तक छत्तीसगढ़ के सरगुजा और सूरजपुर जिला में प्रवास कर युवाओं एवं युवतियों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सोमवार को बमेंद्र एवं सरगुजा जिला की रक्त सेविका रीना कुमारी सिन्हा ने



राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंह देव राजकीय अस्पताल अंबिकापुर स्थित रक्त अधिकोष में रक्त की उपलब्धता एवं रक्तदान शिविर संबंधित जानकारी प्राप्त किया। ब्लड बैंक की काउंसलर अंजुला मिश्रा ने बताया की हर माह इस ब्लड बैंक से साठ थैलीसीमिया एवं एनीमिया पीड़ित बच्चों को सौ यूनिट रक्त उपलब्ध कराया जाता है। यहां स्थानीय स्वयं सेवी संस्थाओ द्वारा शिविर आयोजित नहीं किया जाता, जिसके दिन आए दिन रक्त की किल्लत का सामना करना पड़ता है। अम्बिकापुर के सरकारी ब्लड बैंक का जायजा लेने के बाद बमेंद्र एवं रीना शासकीय राजमोहिनी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर पहुंच युवतियों को रक्त की महत्ता बताते हुए रक्तदान के लिए जागरूक किया। बमेंद्र ने रक्तदान के लिए युवतियों को प्रेरित करते हुए बताया कि आज की युवा पीढ़ी रक्तदान से कमजोर हो जाने की भ्रांतियों के कारण रक्तदान नहीं करते। परंतु ऐसी कोई बात नहीं है। आप स्वस्थ हैं, 45 किलोग्राम से ऊपर वज़न और कम से कम 18 वर्ष पूरा हो जाने पर हर तीन माह पर रक्तदान कर सकते हैं। नियमित रक्तदान से गंभीर बीमारियों का खतरा 90 प्रतिशत तक कम हो जाता है। महाविद्यालय परिसर में उपस्थित युवतियों ने रक्तदान करने की बात कही।

## जेई ने मारपीट का मामला कराया दर्ज

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** देव प्रखंड क्षेत्र के दुलारे पंचायत के मुखिया और भवन निर्माण विभाग के कनीय अभियंता के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में कनीय अभियंता सुशील कुमार ने मुखिया बिजेंद्र कुमार यादव के खिलाफ ढिबरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुखिया ने मामले में वरीय अधिकारियों से निर्माण कार्य के जांच की मांग की है। वहीं इस संबध में कनीय अभियंता सुशील सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसलिए उनका पक्ष नहीं रखा जा सका है। थानाध्यक्ष रितेश उपाध्याय ने बताया कि मुखिया के खिलाफ आवेदन प्राप्त हुआ। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएंगी।

## अमन कुमार ने जिलास्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रदर्शनी मेला में हासिल किया दूसरा स्थान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** समस्तीपुर में आयोजित जिला स्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रदर्शनी मेला2026 में शिवाजीनगर प्रखंड के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलवारा के छात्र अमन कुमार ने गणित विषय के अंतर्गत प्रस्तुत अपने मॉडल/प्रदर्शनी के माध्यम से द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रखंड एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है अमन कुमार की इस सफलता को उनके परिश्रम, नवाचार क्षमता एवं शैक्षिक गुणवत्ता का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है। प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए प्रतिभागियों ने अपने-अपने मॉडल प्रस्तुत किए, जिसमें अमन कुमार का मॉडल निर्णायकों को विशेष रूप से आकर्षित करने में सफल रहा विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापक ने अमन कुमार को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में बच्चों को नवाचार एवं प्रयोग आधारित शिक्षा के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जाता है, जिसका परिणाम इस उपलब्धि के रूप में सामने आया है। प्रखंड क्षेत्र के शिक्षकों, अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने भी अमन कुमार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में अमन कुमार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे।

## जयंती पर याद किए गए शहीद जगदेव प्रसाद

**ओबरा (नबिटा संवाददाता)।** बेल रोड स्थित अमर शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती समारोह मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पैक्स अध्यक्ष रघुवंश प्रसाद ने किया। जबकि संचालन सत्येंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके स्मारक पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रघुवंश प्रसाद ने कहा कि वे एक भारतीय राजनीतिक के साथ विधानसभा के सदस्य थे जिनका जन्म बिहार के जहानाबाद के एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। वे जाती और व्यवस्था के कट्टर विरोधी थे और सौ में नब्बे भाग हमार का नारा बुलंद किया। जो शोषित समाज दल के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को जगाया। भारत के एक क्रांतिकारी राजनेता थे।

# जगदेव प्रसाद के विचारधारा को अपनाने की जरूरत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** औरंगाबाद हसपुरा प्रखंड क्षेत्र के पचरुखिया बाजार स्थित जगदेव प्रसाद के प्रतिमा पर जयंती मनाई गई। 104 वीं जयंती समारोह में उपस्थित लोगो ने जगदेव प्रसाद के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजली अर्पित की गई। शोषितों व गरीबों के हक की आजीवन लड़ाई बिहार लेनिन जगदेव प्रसाद लड़ते थे। आज उनकी विचारधारा को अपनाने की जरूरत है। उक्त बांते पचरूखिया बाजार स्थित जगदेव प्रसाद के प्रतिमा पर मालार्पण व पुष्पांजली अर्पित करने के उपरान्त पूर्व पैक्स अध्यक्ष श्यामकिशोर सिंह ने कही। उन्होंने कहा जगदेव बाबू देश के एक ऐसे नेता थे जिन्होंने



जीवन पर्यंत शोषितों, वंचितो व समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोंगो के हित की लड़ाई लड़ी और 90 प्रतिशत हक व अधिकारों के लड़ाई में शहादत दे दी। पूर्व प्रमुख नागेश्वर यादव, पूर्व सरपंच डोमन सिंह, रणधीर कुमार, श्याम किशोर सिंह, पूर्व मुखिया रामेश्वर सिंह, शत्रुघ्न सिंह, रामजीत राम, भोला राम, रविन्द्र यादव, नागा महतो, कामाख्या नारायण सिंह, दुधेश्वर सिंह उर्फ गरमदल सहित दर्जनों लोगों ने मालार्पण कर श्रंद्धांजलि दी।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**शिवाजीनगर (नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत मनरेगा भवन में आगामी 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चलने वाले मास ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन एमडीए कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सोमवार, 2 फरवरी को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर फाइलेरिया उन्मूलन से संबंधित दवाइयों का सेवन कराया जाएगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि अभियान के दौरान एल्बेंडाजोल, डीईसी टैबलेट एवं इवरमेक्टिन टैबलेट का वितरण कर दवा खिलाई जाएगी। यह दवा केवल दो वर्ष से अधिक आयु के बच्चों एवं वयस्कों को ही दी जाएगी, जबकि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दवा नहीं खिलाने का स्पष्ट निर्देश दिया गया।

## नार्थ व ईस्ट इंडिया में अन्नपूर्णा काउ घी लॉन्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नार्थईस्ट इंडिया की अग्रणी एफएमसीजी कंपनी अन्नपूर्णा ग्रुप ने अपने फ्लैगशिप प्रोडक्ट अन्नपूर्णा काउ घी का नार्थ और ईस्ट इंडिया के प्रमुख बाजारों–उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, बिहार, झारखंड और ओडिशा–में आधिकारिक लॉन्च किया। यह कदम कंपनी की रीजनल विस्तार रणनीति का अहम हिस्सा है। 1952 से शुद्धता और गुणवत्ता की विरासत के साथ अन्नपूर्णा ग्रुप अब नए उपभोक्ताओं तक पारंपरिक तरीकों और आधुनिक तकनीक से तैयार काउ घी पहुंचाएगा। लॉन्च पर मैनेजिंग डायरेक्टर सुबीर घोष ने कहा कि उच्च विकास क्षमता वाले इन बाजारों में कंपनी अपनी मौजूदगी मजबूत कर रही है।

कंपनी ने जनरल ट्रेड, मॉडर्न ट्रेड और क्विक कॉमर्स के जरिए डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क मजबूत किया है। अन्नपूर्णा ग्रुप 15ऽ18% एइक्क्ट की ग्रोथ बनाए हुए है और आगे पश्चिमी व दक्षिणी भारत में विस्तार

## बैठक में शिक्षकों ने उठाई लंबित मांगें

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मध्य विद्यालय शिवाजीनगर के प्रांगण में बीपीएनपीएसएस (मूल) नियोजित शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में शिवाजीनगर प्रखंड के सभी नियोजित शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। बैठक के दौरान शिक्षकों ने अपनी विभिन्न लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया तथा विभाग के समक्ष मजबूती से रखने पर सहमति जताई। प्रमुख मांगों में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति प्रदान करना, लंबित बकाए एरियर का अविलंब भुगतान सुनिश्चित करना शामिल है।

# शहर के वार्ड 5 की हालत बदहाल, सड़क जर्जर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर को स्मार्ट बनाने के लिए लाख प्रयास किए जा रहे हैं परंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही है। बता दें कि शहर के सबसे वीआइपी वार्ड नं-पांच की हालत सबसे बदहाल हो गई है। बता दें कि इस वार्ड में कई अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का आवास भी पड़ता है। वहीं इस वार्ड में दर्जनों चिकित्सकों के क्लिनिक और आवास है। यहां तक की कई निजी विद्यालय भी इसी वार्ड में है। वीआइपी वार्ड होने के बावजूद यहां सुविधाएं नदारद है। इस वार्ड में आम नागरिक बुनियादी सुविधाओं के लिए वर्षो से जुझ रहे हैं। बारिश के मौसम में यहां का नजारा देखने लायक नहीं होता है। वार्ड सं-पांच के नागा बिगहा इलाके की हालत बारिश के दिनों में अत्यंत खराब हो



जाती है। हल्के वर्षा होते ही सड़के तालाब का रूप ले लेती है। कई दिनों तक सड़क पर पानी जमा रहता है जिससे पैदल आवागमन करने में काफी परेशानी होती है। वहीं बच्चों को स्कूल जाने में भी काफी परेशानी होती है। बुजुर्ग और बीमार लोग घरों में कैद होकर रह जाते हैं। यहां तक वार्ड के कई इलाकों में बिजली के तार पोल पर झुलते हुए नजर आते हैं। कुछ जगह पर तार इतने नीचे हैं कि लोगों को किसी तरह से गुजरना पड़ता है। स्कूली वाहनों का आवागमन करने में काफी परेशानी होती है। वहीं वर्षा के दिनों में इन तारों में करंट फलने का खतरा बना रहता है। इतना होने के बावजूद भी बिजली विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

# रानी तालाब का अस्तित्व संकट में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** देव थाना के समीप स्थित ऐतिहासिक रानी तालाब का अस्तित्व इन दिनों संकट में है। इस पौराणिक तालाब का जीणोद्धार नहीं किया गया है और इसकी सफाई भी नहीं कराई जाती है। तालाब की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है जहां गंदगी और दुर्गंध का साम्राज्य है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि तालाब का अस्तित्व खतरे में है। सरकार पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कई योजनाएं चला रही है परंतु रानी तालाब की उपेक्षा की जा रही है। जबकि सूर्यकुंड तालाब स्वच्छता के लिए प्रसिद्ध है। इधर रानी तालाब गंदगी के लिए बदनाम हो गया है। यहां मूर्तियां का विसर्जन किया जाता है और कचरा फेंका जाता है जिससे पानी गंदा हो गया है। यहां तक की तालाब की सीढ़ियां भी जर्जर हो चुकी है। बता दें कि सूर्य महोत्सव के क्रम में तालाब को सजाया जाता है परंतु



सफाई की कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने तालाब की जीणोद्धार कराने की घोषणा की है परंतु सभी वादें सिर्फ छलावा साबित हुए हैं। ग्रामीण प्रमोद कुमार सहित ने बताया कि देव के राजा जगन्नाथ प्रसाद ने रानी के स्नान के लिए इस तालाब का निर्माण कराया गया था। बता दें कि यहां अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी हैं। हर वर्ष देव में सूर्य महोत्सव का आयोजन इसी तालाब के किनारे होता है। इस मौके पर अधिकारी भी पहुंचते हैं। परंतु तालाब की स्थिति पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब की पौराणिकता के पीछे एक रहस्य छिपा है और इसका जीणोद्धार अत्यंत कराने की जरूरत है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार का विकास ...

किया, जो विधानसभा चुनावों से पहले शुरू की गई थी। इसके तहत महिलाओं को नया व्यवसाय शुरू करने के लिए 10,000 रुपये की प्रारंभिक सहायता दी गई। राज्यपाल ने कहा, 'जो महिलाएं इस राशि का बेहतर उपयोग कर पाएंगी, उन्हें दो लाख रुपये तक की मदद दी जाएगी।'इसके अलावा राज्यपाल ने यह भी बताया कि वर्षों में बिहार में किसानों की आय में वृद्धि हुई है और शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्यभर में स्कूल, कॉलेज और अस्पताल स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिले। राज्यपाल ने किसानों की आय में हुई वृद्धि, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य भर में नए स्कूल, कॉलेज और अस्पताल स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे आम लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### पीएम मोदी के कार्यकाल...

10 हजार 379 करोड़ रूपये कर दिया गया है, जो कि पिछली सरकार की तुलना में 09 गुना ज्यादा है। रेल मंत्री ने कहा कि बिहार में 01,09,158 करोड़ रूपये की लागत से आधारभूत संरचनाओं के परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। साथ ही 3287 करोड़ की लागत से बिहार में 98 अमृत भारत स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य चल रहा है। इनमें से बिहार के दो स्टेशनों-थावे और पीरपैंती रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास का कार्य पूरा हो चुका है। बिहार में 14 जोड़ी वंदे भारत एवं 21 जोड़ी अमृत भारत ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है तथा पटना और जयनगर के मध्य नमो भारत एक्सप्रेस का भी परिचालन किया जा रहा है। विदित हो कि बिहार में 2014 से 2000 किमी नई लाईन का निर्माण किया जा चुका है जो लगभग मलेशिया के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है। बिहार में 2014 से 3330 किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया जा चुका है तथा बिहार में रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। साथ ही 568 फ्लाई ओवर एवं अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। रेल मंत्री के प्रेस वार्ता के पश्चात पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने भी उपस्थित संवाददाओं को बजट में रेलवे हेतु किये गये प्रावधानों से उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सहित सभी विभागाध्यक्षगण उपस्थित थे।

# औरंगाबाद में अब तक कुल 48,678 किसानों का किया जा चुका है निबंधन

## डीएम ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाहरणालय औरंगाबाद स्थित सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की आहूत बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्ववर्ती बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की समीक्षा की गई। इस क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा दिनांक 28.01.2026 को आयोजित जिला टास्क फोर्स की बैठक की कार्यवाही पर की गई कार्रवाई से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि जिले में धान अधिप्राप्ति हेतु चयनित सभी पैक्स/व्यापार मंडल पूर्णतः क्रियाशील हो चुके हैं। जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 188 पैक्स/व्यापार मंडल धान अधिप्राप्ति हेतु चयनित हैं, जिनमें से सभी 188 पैक्स/व्यापार मंडल क्रियाशील हैं एवं कोई भी पैक्स/व्यापार मंडल अक्रियाशील नहीं है। बैठक में किसानों के निबंधन की समीक्षा के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया




गया कि आज की तिथि तक जिले में कुल 48,678 किसानों का निबंधन किया जा चुका है। प्रखंडवार निबंधन विवरण प्रस्तुत किया गया। जिला पदाधिकारी महोदया द्वारा सभी प्रखंडों में धान विक्रय के इच्छुक किसानों का निबंधन ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। धान अधिप्राप्ति की समीक्षा में बताया गया कि जिले में चयनित सभी 188 समितियों द्वारा धान अधिप्राप्ति का कार्य किया जा रहा है। अब तक कुल 103701.496 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की जा चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 60.68 प्रतिशत है। धान क्रय में अपेक्षित प्रगति होने पर जिला पदाधिकारी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया तथा अधिप्राप्ति कार्य में और अधिक तीव्रता लाने का निर्देश दिया गया। भुगतान की समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में अब तक 11,738 किसानों से धान की अधिप्राप्ति की गई है, जिनमें से 11,329 किसानों का भुगतान पूर्ण कर दिया गया है, जो कुल का लगभग 98.61 प्रतिशत है। शेष किसानों का भुगतान शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। कैश क्रेडिट की स्थिति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि जिले से निबंधित एफआरके आपूर्तिकर्ताओं द्वारा अपेक्षित मात्रा में एफआरके की आपूर्ति नहीं की जा रही है, जिससे अधिप्राप्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि जिन समितियों द्वारा 60 प्रतिशत कैश क्रेडिट का उपयोग कर लिया गया है, उनकी कैश क्रेडिट सीमा 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत की जाएगी। बैठक में राइस मिलों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 64 निबंधित राइस मिलें हैं, जिनमें से 62 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन पूर्ण किया जा चुका है। शेष राइस मिलों का सत्यापन शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, पैक्स एवं राइस मिलों की संबद्धता के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। पूर्व में स्थगित की गई संबद्धता को पैक्स की सहमति एवं कार्य की महत्ता के आधार पर पुनः स्वीकृति प्रदान की गई तथा कुछ मामलों में संशोधन प्रस्ताव को भी अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा धान अधिप्राप्ति कार्य को पारदर्शी, सुचारू एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# माउंट लिट्रा में मनाई गई विश्व आर्द्रभूमि दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर के उलाव स्थित माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विश्व आर्द्रभूमि दिवस उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने संवाद, भाषण, एंकरिंग एवं संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत एक भावपूर्ण संगीत प्रस्तुति फूलों ने बूंदों से पूछा से हुई। जिसमें बच्चों ने अत्यंत मनमोहक ढंग से प्रकृति और जल के आपसी संबंध को दर्शाया। इस गीत के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जल और आर्द्रभूमियाँ जीवन का आधार हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भूगोल शिक्षक ने विद्यार्थियों को आर्द्रभूमि के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि आर्द्रभूमियाँ जल संरक्षण, जैव विविधता के संरक्षण, बाढ़ नियंत्रण तथा भूजल स्तर को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसी उद्देश्य से हर वर्ष 2 फरवरी को विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाया जाता है। ताकि लोगों में जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस अवसर पर




विद्यालय की प्राचार्या डॉ शीतल ने कहा आर्द्रभूमियां प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। बच्चों में बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण की समझ विकसित करना हमारा दायित्व है ताकि वे भविष्य में प्रकृति के प्रति संवेदनशील नागरिक बन सकें। वहीं विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा जल है तो कल है। आर्द्रभूमियों का संरक्षण न केवल पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है। बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व के लिए भी अनिवार्य है। ऐसे आयोजन बच्चों को व्यवहारिक रूप से जागरूक बनाते हैं। कार्यक्रम में बच्चों की सक्रिय सहभागिता, सुंदर एंकरिंग, संवाद एवं संगीत प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उनमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करने वाला सिद्ध हुआ।

# 32 लाख लोगों को कराया जाएगा फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन

## जन-जन का है एक ही नारा, फाइलेरिया मुक्त हो बेगूसराय हमारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में जिला समन्वय समिति की बैठक जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की तैयारियों, कार्ययोजना एवं अंतरविभागीय समन्वय की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सिविल सर्जन द्वारा जानकारी दी गई कि जिले को फाइलेरिया जैसी गंभीर एवं दीर्घकालिक बीमारी से मुक्त करने के उद्देश्य से 10 फरवरी से 27 फरवरी तक एमडीए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस महाअभियान के अंतर्गत जिले के लगभग 32 लाख पात्र व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान कुल 17 कार्य दिवसों तक संचालित होगा। जिसमें पहले 14 दिनों के दौरान आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर अपने सामने पात्र व्यक्तियों को दवा का सेवन कराएंगी, जबकि अंतिम तीन दिनों में विद्यालयों, कार्यालयों एवं अन्य संस्थानों में बूथ स्थापित कर दवा खिलाई जाएगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले में 1882 दवा प्रशासक दलों तथा 188 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत दो वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवाएं दी जाएंगी, जबकि गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को इस अभियान से अलग रखा गया है। दवा के रूप में डीईसी, एल्बेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन का सेवन कराया जाएगा, जिसमें एल्बेंडाजोल की एक गोली, आयु के अनुसार डीईसी तथा ऊँचाई के अनुसार आइवरमेक्टिन की खुराक निर्धारित की गई है। यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को खाली पेट दवा का सेवन नहीं करना है तथा विद्यालयों में बच्चों को मध्याह्न भोजन के उपरांत ही दवा दी जाएगी। दवा सेवन के उपरांत संभावित सामान्य दुष्प्रभाव जैसे सिरदर्द या चक्कर आने की स्थिति से निपटने के लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके। अभियान की व्यापक सफलता सुनिश्चित करने के लिए पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, जीविका, आईसीडीएस एवं नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित किया गया है। मौके पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने निर्देश दिया कि अभियान के दौरान शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को दवा का सेवन कराना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, नगर आयुक्त बेगूसराय, सिविल सर्जन बेगूसराय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सबका सम्मान जीवन आसान का उद्देश्य आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय- 3 के अंतर्गत सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राजस्व, भूमि विवाद, पर्चा, सड़क, शिक्षा, परिमार्जन, अतिक्रमण, आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विद्युत आपूर्ति सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 29 मामले प्रमुख रूप से सामने आए। प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों के समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन और आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बन सकें और नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## जिले भर में शांतिपूर्ण मनाई जायगी शव ए बरात : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले भर में शब-ए-बारात पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की है। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी संयुक्त आदेश में 3 एवं 4 फरवरी को मनाए जाने वाले इस पर्व के अवसर पर संपूर्ण जिले में विशेष सतर्कता बरती जाएगी। संयुक्त आदेश के अनुसार जिले के उन सभी स्थानों को चिन्हित कर विशेष निगरानी में रखा गया है। जहां पूर्व में कब्रिस्तान की भूमि, घेराबंदी अथवा अन्य कारणों से विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रही है। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा ऐसे स्थलों पर जहां विभिन्न समुदायों के धार्मिक स्थल समीप स्थित हैं। अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। पर्व के दौरान कब्रगाहों एवं रिहायशी इलाकों के आसपास पटाखे छोड़ने अथवा किसी भी प्रकार की आतिशबाजी पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आगजनी या किसी लभी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया पर प्रभावी मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले संदेशों के प्रसार पर कड़ी नजर रखी जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिकोण से नगर थाना, रतनपुर, लोहियानगर, मुफस्सिल सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों के महत्वपूर्ण चौराहों, मस्जिदों एवं कब्रिस्तानों पर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की सशस्त्र बलों के साथ प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही संभावित विवादित स्थलों पर शांति समिति की बैठकें आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के सहयोग से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वे शब-ए-बारात पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल स्थानीय थाना अथवा जिला नियंत्रण कक्ष को दें।

## भागलपुर में 'सबका सम्मान जीवन आसान' के तहत जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** सात निश्चय-3 से बढ़ेगा अपना बिहार कार्यक्रम के अंतर्गत सबका सम्मानऽजीवन आसान पहल के तहत सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने आमजनों के आवेदनों पर सुनवाई की।

जिला समाहरणालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान करीब 16 आवेदनों पर विचार किया गया। इनमें मुख्य रूप से लंबित पेंशन एवं भूमि विवाद से संबंधित मामले शामिल थे। इस दौरान एक दिव्यांग आवेदक व्हीलचेयर पर जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचकर अपनी समस्या रखी, जिसे गंभीरता से सुना गया।

इसी क्रम में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, अपर समाहर्ता राजस्व दिनेश राम, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, कहलगांव के अनुमंडल पदाधिकारी (आईएएस) कृष्ण चन्द्र गुप्ता सहित सभी जिला स्तरीय, प्रखंड स्तरीय, अंचल एवं थाना स्तर के अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यालयों में सबका सम्मानऽजीवन आसान के तहत विभागीय मामलों से संबंधित आमजनों की शिकायतों की सुनवाई की।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का पंजीकरण किया गया तथा आवेदकों को प्राप्ति रसीद प्रदान की गई। साथ ही आमजनों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ शुद्ध पेयजल एवं शौचालय की सुविधा सभी कार्यालयों के समीप उपलब्ध कराई गई।

जिला प्रशासन ने बताया कि सात निश्चय-3 के अंतर्गत सबका सम्मानऽजीवन आसान कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी पदाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से आमजनों के आवेदनों की सुनवाई की जा रही है, ताकि उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**खोदाबंदपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिन्हा होम्योपैथिक क्लिनिक खोदाबंदपुर परिसर में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आरोग्य भारती बेगूसराय के द्वारा आयोजित इस शिविर में करीब सौ लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए दवाइयां बांटी गई। चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न बीमारियों के मरीजों को उचित परामर्श दिये गये।चिकित्सकों की टीम में डॉ. रामदेव सिन्हा, डॉ. शशिभूषण प्रसाद, डॉ. सरिता कुमारी, डॉ. राम स्वार्थ प्रसाद, एवं डॉ. अनिल प्रसाद सिंह शामिल थे। कार्यक्रम के आरंभ में संत शिरोमणि रविदास महाराज की तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद बेगूसराय आरएसएस के सह विभाग संघ चालक विश्वनाथ जी, समस्तीपुर जिला संपर्क प्रमुख राम सकल जी तथा रोसड़ा जिला संघ चालक मनोज द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। मौके पर मौजूद उत्तर बिहार प्रांत के सेवा प्रमुख राजाराम नें सामाजिक समरसता निर्माण और पंच परिवर्तन से जुड़ी बातों को विस्तार से समझाया। आरोग्य भारती के विद्यालय स्वास्थ्यम प्रबोधन के प्रमुख रिटायर्ड शिक्षक राम सेवक महतो नें उपस्थित लोगों को बिना दवा स्वस्थ रहने के लिए कई उपयोगी टिप्स दिये।

## डीएम-एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले में शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त इंटरमीडिएट स्तरीय वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा के सफल संचालन को लेकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने रविवार को संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला मुख्यालय स्थित कई परीक्षा केंद्रों में दोनों अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षार्थियों की उपस्थिति, प्रश्न-पत्र वितरण, उत्तर पुस्तिकाओं की व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास व्यवस्था तथा केंद्रों की विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने केंद्रों पर तैनात दंडाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों को निर्देश दिया कि परीक्षा का संचालन पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को सतर्क रहने, परीक्षा अवधि के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर इंटरमीडिएट परीक्षा के सफल, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई।

## संदेश में नीति आयोग की संपूर्णता अभियान 2.0 का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**संदेश (भोजपुर)।** संदेश प्रखंड परिसर में नीति आयोग की संपूर्णता अभियान 2.0 की विधिवत उद्घाटन सोमवार को हुआ। इस दौरान प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, बीडीओ, सीडीपीओ, चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीएम जीविका, विभिन्न पंचायतों से मुखिया, पिरामल फाउंडेशन से स्मृति जी, एबीएफ अंकित सिंह, सीएचओस एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स मौजूद रहे। बताया जा रहा कि नीति आयोग का यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक स्वास्थ्य, न्यूट्रिशन, शिक्षा एवं कृषि के 6 इंडिकेटर्स को 100 प्रतिशत संतृप्त करना उद्देश्य है। कार्यक्रम की शुरुआत अंकित सिंह एबीएफ नीति आयोग ने आकांक्षी प्रखंड व उसके विभिन्न इंडिकेटर्स की जानकारी से किए। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार व सीडीपीओ शबाना प्रवीण, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन से स्मृति ने इस अभियान पर प्रकाश डाला। बताया की नीति आयोग द्वारा जारी महत्वपूर्ण तिथियों पर सभी 11 पंचायतों में कैम्प लगाकर लोगों की स्वास्थ्य, न्यूट्रिशन से संबंधित जांच व




जानकारी दी जाएगी। प्रखंड प्रमुख नीलम देवी, चिल्लौश पंचायत मुखिया जनप्रतिनिधि ने अपनी अनुभव साझा किए। कैम्प की पंचायतवार शुरुआत 4 फरवरी 2026 से होगी।

## प्रेम प्रसंग से नाराज पति ने कर दी पत्नी की हत्या

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तियाय थाना क्षेत्र के रघुनन्दन पुर पंचायत में पति ने प्रेम प्रसंग से नाराज होकर अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दिया। एसपी मनीष ने कहा कि सोमवार को उक्त हत्या का मामला सामने आया था। जिसको पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर मामले का उद्भेदन कर लिया है। साथ ही पुलिस ने हत्या में प्रयोग किया हुआ पिस्तौल, चार कारतुस दो खोखा को भी बरामद कर लिया है। एसपी श्री मनीष ने बताया कि दरअसल सोमवार की शाम रघुनंदन पुर गांव निवासी चंदन कुमार चौधरी अपनी पत्नी सुमन कुमारी और बेटी के साथ साली के यहां पूजा में जा रहा था। और रास्ते में खेत में अपनी पत्नी सुमन कुमारी को गोली मारकर हत्या कर दिया।और पुलिस को सूचना दी कि उसका पड़ोसी दीपक ने आपसी विवाद की वजह से गोली मारकर हत्या कर दी है। घटना की सूचना पर एसपी मनीष, तेघरा डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। मृतका सुमन के मायके वालों के द्वारा पति पर शक जताने के बाद आरोपी पति को हिरासत में लिया गया और उससे कड़ी पूछताछ की गई। जिसके बाद आरोपी पति ने अपनी पत्नी की हत्या करने की बात कबूल कर ली। एसपी ने बताया कि चंदन कुमार चौधरी ने साजिश कर अपनी पत्नी की हत्या की है। पति चंदन को अपने पत्नी पर चरित्र को लेकर शक था। इसी वजह से उसने अपनी पत्नी को उसके बहन के यहां ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। पति का कहना है की सुमन कुमारी का अफ़ेयर किसी व्यक्ति से चल रहा था और वह कई बार भाग कर गुजरात चली गई थी। बार-बार समझाने के बाद भी वह नही मान रही थी। इसलिए उसने पत्नी की गोली मार कर हत्या की है।

## ई रिक्शा चालकों ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** एनएच एवं एसएच पर ई रिक्शा संचालन पर लगाए गए प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से वापस लेने, निर्धारित समय एवं लेन में ई रिक्शा चलाने की अनुमति देने, ई रिक्शा चालकों के लिए राज्य स्तरीय स्पष्ट एवं व्यावहारिक नीति बनाने, बिना किसी वैकल्पिक रोजगार या पुनर्वास योजना के लगाये गये प्रतिबंध को अमानवीय घोषित करते हुए तत्काल रोक लगाने, ई रिक्शा चालकों के लिए सरल एवं एक रुप परमिट प्रणाली, कम शुल्क में पंजीकरण तथा अनावश्यक चालान व दमनात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने, पुलिस एवं परिवहन द्वारा ई रिक्शा चालकों के साथ हो रहे उत्पीड़न, अवैध वसूली एवं मनमानी कार्रवाई पर रोक लगाने, ई रिक्शा चालकों को श्रमिक का दर्ज़ा देते हुए सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना, पेंशन योजना एवं दुर्घटना सहायता योजनाओं से जोड़ने, ई रिक्शा चालकों एवं उनके आश्रितों के लिए सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं एवं शिक्षा सहायता को प्रभावी रूप से लागू करने सहित 10 सूत्री मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में दिया। ई रिक्शा चालक संघ द्वारा आयोजित सोमवार को प्रखंड मुख्यालय पर आक्रोशपूर्ण धरना की अध्यक्षता मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने की जबकि संचालन समाज सेवी श्रवण कानू ने किया। इसमें प्रखंड के कोने-कोने से ई रिक्शा चालक ई रिक्शा के साथ प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। प्रखंड मुख्यालय ई रिक्शा से पटा हुआ था। मुखिया सह जिला मुखिया संघ के महासचिव राष्ट्रपति कुमार ने कहा कि यह लड़ाई रिक्शा चालक संघ की नहीं अपितु समाज के पिछड़े समाज की है जो रोटी, शिक्षा और परिजनों के की बीमारी के इलाज के लिए रिक्शा चालते हैं। उन्होंने कहा कि रिक्शा चालक रिक्शा चलाकर अपने बच्चों का भविष्य संवारते हैं। उन्होंने अधिकारों की लड़ाई के लिए एक जुट होने का आह्वान किया। ई रिक्शा चालक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमार महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गंगा राम महतो, महेश यादव, नीतीश, जयसवाल, हसनपुर बागर पंसस इमरोज राणा, हसनपुर बागर सरपंच अर्जुन पासवान, रंजीत कुमार, मुकेश कुमार, उपप्रमुख नन्द किशोर पासवान,लाल बहादुर पासवान, राजेश कुमार, सोनू कुमार, मो अमीरुल,ललन महतो आदि ने धरना को संबोधित किया। धरना के अंत में प्रतिनिधि मंडल ने दस सूत्री मांगों का स्मार पत्र बीसीओ अनिल कुमार चौधरी को समर्पित किया।

## प्रेम प्रसंग में नर्सिंग छात्र की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खोदबन्दपुर।** थाना क्षेत्र में सोमवार की अहले सुबह नर्सिंग छात्र प्रियांशु की हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर लिया है। इस घटना में पुलिस ने एक नाबालिक लड़की समेत चार आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने हत्या में प्रयोग किया हुआ हथियार और बाइक भी बरामद कर लिया है। एसपी मनीष ने बताया कि खोदाबनपुर थाना क्षेत्र के बाड़ा गांव में सोमवार की अहले सुबह बीए नर्सिंग छात्र प्रियांशु कुमार की गोली मारकर हत्या की गई थी। जिसका शव पुलिस ने सड़क किनारे से बरामद किया था। इस मामले में एसपी मनीष, मंझौल डीएसपी नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की थी। शुरुआती जांच में ही प्रेम प्रसंग की बात सामने आ रही थी और घटनास्थल से कुछ दूर मिले मृतक के मोबाइल खंगालने के बाद पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया है। एसपी मनीष ने प्रेस वार्ता कर बताया कि नर्सिंग का छात्र प्रियांशु कुमार का एक लड़की के साथ प्रेम प्रसंग था। प्रियांशु की प्रेमिका की छोटी बहन का भी प्रिंस कुमार के नाम के लड़के से बातचीत होती थी। इसको लेकर 1 साल पहले प्रिंस और प्रियांशु में मारपीट भी हुई थी। हालांकि वह मामला पुलिस के पास नहीं पहुंची थी। घटना के दिन सोमवार की अहले सुबह मृतक प्रियांशु अपने प्रेमिका से मिला था और जब वह प्रेमिका से मिलकर अपनी बाइक से घर आ रहा था तो अहले सुबह प्रियांशु की प्रेमिका की छोटी बहन ने प्रिंस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद प्रिंस अपने साथियों के साथ मिलकर प्रियांशु की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रियांशु को बदमाशों ने पहले लाठी डंडे से पिटाई की। फिर तीन गोली मार कर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखा मृतक का बाईक भी बरामद किया था। पुलिस ने हत्या में शामिल प्रिंस कुमार, गोलू कुमार और राजा कुमार और एक नाबालिक लड़की को गिरफ्तार किया है। हत्या में प्रयोग किया हुआ पिस्तौल दो मैगजीन और दो खोखा आरोपी के निशानदेही पर बरामद किया गया है। जबकि तीन खोखा घटना स्थल से पुलिस ने बरामद किया था।

## श्रम कोडों के खिलाफ हड़ताल को सफल करने का निर्णय

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट जिला कार्यालय आरा के परिसर में ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन भोजपुर व सेवासंघ के बैनर तले संयुक्त कन्वेंशन किया गया। अध्यक्षता उमेश कुमार सुमन व धर्म कुमार ने संयुक्त रूप से की। संचालन सुमन जी ने किया। मुख्य वक्ता कर्मचारी महासंघ गोपगुट के अध्यक्ष यदुनन्दन चौधरी, कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर सह उपाध्यक्ष एक्टू बिहार ने संबोधन में 44 श्रम कानून के बारे में जानकारी दी। कहा कि 4 श्रम कोड संगठित असंगठित और कर्मचारी समुदाय के लिए खतरनाक है। सभी को एकता के साथ हड़ताल को सफल बनाना होगा। वक्ताओं में मुख्य संरक्षक महासंघ गोप गुट जानकी प्रसाद, चौकीदार दफादार संघ के जिलाध्यक्ष रामानंद सिंह, सुमन जी, महासचिव जनसेवक भीएलडब्ल्यू संघ बिहार लव कुश, राज्य सचिव महासंघ गोप गुट बिहार, धर्म कुमार, जिला सचिव प्राथमिक शिक्षक संघ शमीम, जिला सचिव मलेरिया छिड़काव कर्मचारी संघ समीर, रामाकांत, बाल मुकुंद चौधरी, जिला सचिव एक्टू रमेश कुमार यादव, पंचायत रोजगार सेवक संघ भोजपुर के जिलाध्यक्ष नाग मनी, बलिराम, विनोद, आंगनबाड़ी संघ मंजू कुमारी, एएनएम संघ, उमा शंकर साहू उपाध्यक्ष कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर, हर वंश सिंह संरक्षक सुधा डेयरी कर्मचारी संघ भोजपुर, टेंपो चालक संघ, नगर निगम कर्मचारी संघ, सहित अन्य ट्रेड यूनियन ने संबोधित किया।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह- उपायुक्त का कार्यालय, गढ़वा**
**(नगरपालिका निर्वाचन कोषांग)**

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका आम निर्वाचन–2026 के सफल संचालन के क्रम में सामान्य जन को चुनाव संबंधी किसी प्रकार के शिकायत दर्ज कराने एवं समाधान की सूचना प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका सम्पर्क नम्बर निम्नवत् है :–

- जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या –**06561-222314**
- जिला नियंत्रण कक्ष का मोबाईल संख्या –**+91-7033305738**

इसी प्रकार मतदाता सूची में नाम के सत्यापन/बी0एल0ओ0/मतदान केन्द्र आदि से संबंधित जानकारीDCC (District Contact Center)के अधोलिखित टॉल फ्री नम्बर के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

- **Toll Free Number - 06561-1950**

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 372184 Election (25-26)_D



**जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा**

**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण**
आयोजन कर रहा है
**राष्ट्रीय लोक अदालत**
**शनिवार, 14वीं मार्च 2026**

सभी प्रकार के दीवानी और आपराधिक समझौता योग्य मामलों के सौहादपूर्ण समाधान के लिए सुबह 10:00 बजे से
स्थान : व्यवहार न्यायालय गढ़वा

लोक अदालत के माध्यम से शीघ्र निपटारा एवं सौहार्द पूर्ण समाधान होता है और भुगतान की गई अदालती फिस की वापसी सुनिश्चित होती है। लोक अदालत में पारित अवार्ड विवाद के सभी पक्षों के लिए अंतिम और बाध्यकारी होता है और इस अवार्ड के खिलाफ किसी भी अदालत में अपील नहीं

**लोक अदालतों में निम्नलिखित श्रेणियों के मामलों को लिया जाएगा।**

| न्यायालय में लंबित मामले | प्री–लिटिगेशन मामले |
| --- | --- |
| • चेक बाउंस से संबंधित वाद | • बैंक ऋण के मामले |
| • सुलहनीय प्रकृति के फौजदारी मामले | • नन बैंकिंग फाइनेस कंपनी के मामले |
| • विद्युत अधिनियम के वाद | • वाटर एवं होल्डिंग टैक्स के मामले बिजली से संबंधित मामले |
| • पारिवारिक वाद | • बीमा कंपनी के दावों से संबंधित मामले |
| • राजस्व न्यायालय में लंबित मामले, उपभोक्ता संरक्षण फोरम एवं सर्टिफिकेट केस के लंबित मामले | • श्रम न्यायालय के मामले |
| • अंतिम प्रपत्र से संबंधित वाद | • भूमि अधिग्रहण के मामले |
| • श्रम वाद एवं न्यूनतम मजदूरी वाद | • मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा के मामले |
| • रेलवे न्यायालय में लंबित मामले | • पारिवारिक विवाद के मामले |
| • छोटे आपराधिक वाद(माप–तौल, वन विभाग,ट्रैफिक चालान के मामले) | • सर्विस से संबंधि तमामले |
| | • एवं अन्य सभी प्रकार के प्री–लिटिगेषन मामले |

**अधिक जानकारी हेतू संपर्क करें:– जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय गढ़वा**
कार्यालय दूरभाषा: 6561456788
E-mail:-garhwadlsa@gmail.com

निवेदक
सचिव
निभा रंजना लकड़ा
जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा

PR 372201 (Law) 25-26 (D)

# डब्ल्यूपीएल के एलिमिनेटर में दिल्ली

- 2 बार की चैंपियन मुंबई बाहर, यूपी को 5 विकेट से हराया; मारिजान को 3 विकेट

**वडोदरा** । वडोदरा में खेले गए विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आखिरी लीग मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वारियर्ज को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली ने डब्ल्यूपीएल के एलिमिनेटर के लिए क्वालिफाई कर लिया।



**2 बार की चैंपियन मुंबई बाहर–** दिल्ली की इस जीत से दो बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस टूर्नामेंट से बाहर हो गई। यूपी वॉरियर्ज आखिरी पायदान पर रही। दिल्ली ने 8 मैचों में 4 जीत और 4 हार के साथ 8 पॉइंट्स लेकर लीग स्टेज तीसरे नंबर पर खत्म किया। गुजरात जायंट्स दूसरे और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पहले स्थान पर रहकर पहले ही प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं।

### यूपी 122 रन ही बना पाई

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी वॉरियर्ज की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 122 रन ही बना सकी। टीम की कोई भी बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा नहीं छू सकी। दीप्ति शर्मा ने 24, सिमरन शेख ने 22 और शिखा पांडे ने नाबाद 23 रन बनाए। दिल्ली की ओर से मारिजान कैप ने 3 विकेट लिए। चिनेल हेनरी और श्री चरणी को 2–2 विकेट मिले, जबकि मिन्नू मणि ने 1 विकेट झटका।

**वोल्वार्ट के 47 रन–** 123 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत साधारण रही। लिजेल ली 10 और शेफाली वर्मा 29 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद लौरा वोल्वार्ट ने 47 और कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने 26 रन की पारी खेली। दिल्ली ने 18.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। यूपी की तरफ से दीप्ति शर्मा ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। शिखा पांडे, सोफी एकलस्टन, डिएंड्रा डॉटिन को एक–एक विकेट मिला।

# करनाल के नायब सूबेदार ने रोइंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

## 7 मिनट 12 सेकेंड में क्लियर की रोइंग रेस, 18 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया



**करनाल (एजेंसी)** । इंडियन आर्मी में नायब सूबेदार और पेरिस ओलिंपिक में डेब्यू करने वाले कैमला गांव के बलराज पंवार ने एक बार फिर प्रदेश का नाम नेशनल लेवल पर रोशन किया है। बलराज ने सीनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता। इस चैंपियनशिप में बलराज ने 7 मिनट 12 सेकेंड में 2000 मीटर की रेस क्लियर की। बलराज ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी इस उपलब्धि की जानकारी सांझा की। बीती 27 जनवरी से 1 फरवरी तक पुणे में सीनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप हुई। इस चैंपियनशिप में बलराज ने भी अपना दमखम दिखाया और गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। गोल्ड मेडलिस्ट बलराज पंवार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि पुणे में आयोजित रोइंग चैंपियनशिप में 18 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें मेरी टाइमिंग 7 मिनट 12 सेकेंड की रही है।

**आर्मी की तरफ से लिया भाग–** उसने आर्मी सर्विसेज की तरफ से हिस्सा लिया था। दूसरे स्थान पर इंडियन आर्मी ही रही और तीसरे स्थान पर हरियाणा रहा और चौथे पर झारखंड रहा था। बलराज ने बताया कि रोइंग में हवा और पानी की धार भी जीत और हार को प्रभावित करती है। जिसके कारण समय ज्यादा लग जाता है।

## भारत के खिलाफ मैच खेलने से मना करना

# पाकिस्तान पर भारी पड़ सकता है

- ग्रुप-स्टेज में ही बाहर होने का खतरा

### आईसीसी बैन लगा सकता है, भविष्य में मेजबानी मिलनी मुश्किल



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ मैच खेलने से मना कर दिया। पाकिस्तान सरकार ने रविवार को कहा कि उनकी टीम टूर्नामेंट खेलेगी, लेकिन भारत से नहीं भिड़ेगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने कहा कि पीसीबी अपने फैसले पर फिर से विचार करे।

**ग्रुप स्टेज से बाहर होने का खतरा–** आईसीसी की प्लेइंग कंडीशन के मुताबिक मैच बॉयकॉट करने से पाकिस्तान का ही रन रेट खराब होगा। 16.10.7 क्लॉज में बताया है कि पाकिस्तान के 20 ओवर में 0 रन होंगे। जबकि भारत का एक भी ओवर काउंट नहीं होगा। इससे पाकिस्तान का रन रेट बाकी मैच जीतकर भी निगेटिव में जा सकता है। ग्रुप-ए में भारत और पाकिस्तान के अलावा नामीबिया, नीदरलैंड और अमेरिका की टीमें हैं। पाकिस्तान अगर 3 में से एक भी मैच हार गई तो टीम ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो जाएगी। अमेरिका तो पिछले वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को हराकर ग्रुप स्टेज में ही बाहर भी कर चुका है। नीदरलैंड भी आईसीसी टूर्नामेंट में बड़े उलटफेर करते आई है।

### वर्ल्ड कप से बैन कर सकता है आईसीसी

आईसीसी ने पाकिस्तान को अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए कहा है। वर्ल्ड बॉडी अब पीसीबी से पूछेगा कि उसने बॉयकॉट क्यों किया? अगर पाकिस्तान ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो आईसीसी उसे इसी वर्ल्ड कप से बैन भी कर सकता है। इससे पहले भी 5 टीमें वर्ल्ड कप में मैच का बॉयकॉट कर चुकी हैं।

**पीएसएल को एनओसी नहीं मिलेगी–** पाकिस्तान इस मामले में सुरक्षा कारणों का हवाला नहीं दे सकता, क्योंकि टीम अपने सभी मैच भारत की बजाय श्रीलंका में खेलने वाली है। पीसीबी ने अगर बांग्लादेश को सपोर्ट करने का कारण दिया तो भी आईसीसी एक्शन ले सकता है क्योंकि आईसीसी ने पहले ही पीसीबी को धमकी दे दी थी कि अगर बांग्लादेश को सपोर्ट किया तो पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) नहीं मिलेगा।

### नॉकआउट स्टेज में भारत सामने आया तो क्या करेगा पाकिस्तान?

पाकिस्तान ने ग्रुप स्टेज में तो भारत के खिलाफ खेलने से मना कर दिया, लेकिन बोर्ड ने यह साफ नहीं किया कि नॉकआउट में अगर टीम इंडिया सामने आई तो टीम खेलेगी या नहीं? आईसीसी के सूत्रों ने दैनिक भास्कर को बताया कि पाकिस्तान से जवाब मांगा जाएगा। अगर कारण संतोषजनक नहीं रहा तो पीसीबी पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।

पाकिस्तान टीम के कप्तान सलमान अली आगा ने पीसीबी के फैसले पर कहा, हम बस वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं। सरकार ने अगर किसी टीम के खिलाफ खेलने के लिए मना कर दिया तो हम उसका पालन करेंगे। हम टूर्नामेंट में अपना 100 प्रतिशत खेल दिखाने पर फोकस कर रहे हैं।

**आईसीसी से मेजबानी मिलना मुश्किल–** पाकिस्तान ने 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी। देश को 29 साल बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली थी। आईसीसी अब पाकिस्तान को भविष्य में मिलने वाली मेजबानी से भी हटा सकता है क्योंकि भारत–पाकिस्तान मैच से आईसीसी की कमाई बढ़ती। अब मैच नहीं होगा, इससे आईसीसी का रेवेन्यू कम हो सकता है। इस नुकसान की भरपाई के लिए आईसीसी अब पाकिस्तान को मिलने वाले सालाना रेवेन्यू शेयर को भी घटा सकता है।

# सिंधु-साइना के एलीट क्लब में शामिल हुईं देविका

- बैडमिंटन में उपलब्धि, सिहाग ने जीता थाईलैंड मास्टर्स

**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत की 20 वर्षीय उभरती शटलर देविका सिहाग ने रविवार को थाईलैंड मास्टर्स 2026 में इतिहास रच दिया। बैंकॉक में खेले गए फाइनल मुकाबले में उन्होंने मलेशिया की गो जिन वेई को हराकर अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 खिताब जीता। देविका ने पहला गेम 21-8 के बड़े अंतर से जीता। दूसरे गेम में जब वे 6-3 से आगे चल रही थीं, तभी मलेशियाई खिलाड़ी को चोट के कारण रिटायर होना पड़ा और देविका को विजेता घोषित कर दिया गया। देविका ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी गेम नहीं गंवाया। उन्होंने हर मैच सीधे सेटों में जीता। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने टूर्नामेंट की नंबर-1 सीड सुपनिदा को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। इस जीत के साथ देविका सुपर 300 खिताब जीतने वाली भारत की सिर्फ तीसरी महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले यह उपलब्धि केवल पीवी सिंधु और साइना नेहवाल के नाम थी। देविका ने कहा-मैं बेहद खुश हूं क्योंकि यह मेरा पहला सुपर 300 खिताब है। मैंने यहां बहुत अच्छे मैच खेले और काफी कुछ सीखा है। मैं सिर्फ अपना 100 प्रतिशत देना चाहती थी। इसी सोच ने मुझे आत्मविश्वास दिया।



- पाकिस्तान को 58 रन से हराया, वेदांत की फिफ्टी, आयुष म्हात्रे और खिलन पटेल को 3-3 विकेट

# भारत अंडर-19 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में पहुंचा



**बुलवायो (एजेंसी)।** भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम ने पाकिस्तान को 58 रन से हरा दिया। जिम्बाब्वे के बुलवायो में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 252 रन का स्कोर खड़ा किया। वेदांत त्रिवेदी ने 68 रन की पारी खेली। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 253 रन का लक्ष्य 33.3 ओवर में हासिल करना था। टीम 46.2 ओवर में 194 रन ही बना सकी।

**भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से–** अंडर-19 वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा। मैच 4 फरवरी को दोपहर 1 बजे से हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। वहीं पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड आमने-सामने होंगे। मैच 3 फरवरी को दोपहर 1 बजे से बुलवायो में खेला जाएगा।

**वेदांत ने फिफ्टी लगाई–** वेदांत त्रिवेदी ने 68 रन बनाकर टीम को 200 के करीब पहुंचाया। वैभव सूर्यवंशी 22 गेंद पर 30 रन ही बना सके। कप्तान आयुष म्हात्रे खाता भी नहीं खोल पाए। आखिर में कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया।

### प्लेयर ऑफ द मैच कनिष्क चौहान बने

भारत की जीत के हीरो कनिष्क चौहान रहे। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कनिष्क ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों में 35 रन की तेज पारी खेली। इसके बाद बॉलिंग करते हुए उन्होंने 10 ओवर में एक मेडेन फेंकते हुए 30 रन दिए। कनिष्क ने विकेटकीपर हमजा जुहूर को 42 रन पर आउट किया।

## हरियाणा का कनिष्क पाक के खिलाफ मैन ऑफ द मैच

# मां बोलीं- कहा था धुम्मे ठावेगा; आईपीएल भी खेलेंगे

हरियाणा में झज्जर के रहने वाले कनिष्क चौहान ने अंडर–19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ हुए मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। रविवार रात को कनिष्क के कुलाना गांव में आतिशबाजी की गई।जिम्बाब्वे में चल रहे वर्ल्ड कप मैच में रविवार को कनिष्क ने पाकिस्तान के खिलाफ 29 गेंदों पर 35 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। बेटे को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिलने के बाद मां ने कहा कि हमें तो पहले ही पता था कि वो धुम्मा ठावेगा (कुछ खास करके दिखाएगा)।9 फरवरी को कुलाना गांव में कनिष्क का स्वागत समारोह रखा गया है। इसी दिन रात को परिवार की तरफ से जागरण भी कराया जाएगा।कनिष्क चौहान ऑलराउंडर हैं। इस बार वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी ) की टीम में खेलेंगे। कनिष्क को आरसीबी ने 30 लाख रुपए के बेस प्राइस में टीम में शामिल किया है।



- **मां बोलीं– बेटे की उपलब्धि पर गर्व–** कनिष्क की मां सरिता चौहान ने कहा कि बेटे की इस उपलब्धि पर उन्हें बेहद गर्व महसूस हो रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ कनिष्क चौहान ने दूसरी बार सही मौके पर बेहतरीन प्रदर्शन किया और मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। रात में बेटे से बात करने के बाद ही उन्हें नींद आई। बेटे ने जीत और खिताब मिलने की खुशी परिवार के साथ शेयर की।
- **पाकिस्तान के खिलाफ दूसरी बार मैन ऑफ द मैच–** कनिष्क चौहान ने लगातार दूसरी बार पाकिस्तान के खिलाफ हुए मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# ओलिंपियन के लग्न टीके में 500 किलो देसी घी के पकवान

### झज्जर में पिता के दोस्त की बेटी संग शादी करेंगे; दुल्हन यूपीएससी की तैयारी कर रही

**झज्जर (एजेंसी)।** झज्जर के रहने वाले ओलिंपियन पहलवान दीपक पूनिया कल, 3 फरवरी को विवाह के बंधन में बंधने जा रहे हैं। झज्जर शहर के धनखड़ फार्म हाउस में लग्न टीके (तिलक) का कार्यक्रम हुआ। दीपक के पिता सुभाष पूनिया ने बताया कि लंच में 500 लीटर देसी घी के अलग-अलग पकवान तैयार किए गए।

दीपक पूनिया सेना में सूबेदार हैं। वह अपने पिता के दोस्त की बेटी शिवानी के साथ सात फेरे लेंगे। दीपक और शिवानी की 28 सितंबर 2025 को सगाई हुई थी। इसमें सिर्फ परिवार और करीबी लोग ही शामिल हुए। शिवानी संघ लोक सेवा आयोग (पीएससी) की तैयारी कर रही हैं, उनका आईएएस अफसर बनने का सपना है।



**शिवानी के पिता प्रॉपर्टी डीलर, अखाड़े में हुई जान-पहचान–** दीपक के पिता सुभाष पूनिया ने बताया कि शिवानी के पिता अनूप सिंह प्रॉपर्टी का काम करते हैं। जब दीपक अखाड़े में प्रैक्टिस करने जाता था, वहीं अनूप सिंह से मुलाकात हुई। कई बार मुलाकातें हुई और 2020 में दोस्ती हो गई। जब बेटे के लिए रिश्ते आने लगे तो मैंने अनूप से कहा कि अपना बेटा है, आपकी बेटी है, क्यों न दोस्ती को रिश्तेदारी में बदल लें। अनूप ने तुरंत हां कर दी।

**शिवानी एमए–बीएड, आगे भी तैयारी कर रही–** शिवानी ने रोहतक के जाट कॉलेज से इंग्लिश ऑनर्स से एमए किया है। इसके अलावा उन्होंने बीएड की। अब एमएड की तैयारी है। साथ ही पीएससी की भी तैयारी कर रही हैं। सुभाष का कहना है कि शिवानी हमारी बहू ही नहीं बेटी जैसी है, वो जितना चाहे पढ़े।

**शिवानी बोलीं– दोनों परिवारों की रजामंदी से हुआ रिश्ता–** रिंग सेरेमनी के बाद एक इंटरव्यू में शिवानी ने बताया था कि मेरा खेलों से कोई नाता नहीं रहा है। मैं शुरू से ही पढ़ाई में ध्यान रखती आई हूं। अब मेरा लक्ष्य ह्ढ्रस्-अफसर बनने का है। इसके लिए सेल्फ स्टडी कर रही हूं। मेरे पापा दीपक के पिता के साथ 5–6 साल से साथ में काम कर रहे हैं।

# 81 साल की सुमनर बोलीं- शुरुआत करने में कभी देर नही होती

- दोनों हाथ में गठिया, फिर भी 3 मिनट 'डेड हैंग', बनाया विश्व रिकॉर्ड



**कोलोराडो (एजेंसी)।** कोलोराडो 7 उम्र सिर्फ एक नंबर है, यह साबित किया है 81 साल की बुजुर्ग महिला बोनी सुमनर ने। 2023 में पति मार्क के निधन के बाद वे अकेली पड़ गई थीं। गम में डूबने की बजाय उन्होंने खुद को मजबूत किया। फरवरी 2024 में जिम जाना शुरू किया। जुलाई में 'डेड हैंग' के बारे में पढ़ा। पहली बार में 21 सेकंड तक डेड हैंग किया।

आमतौर पर 40-50 साल के लोग पहली बार में 5 से 10 सेकंड ही टिक पाते हैं। बोनी को आर्थ?राइटिस है। दोनों हाथों में दर्द रहता है। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने हर बार पिछली बार से 3 सेकंड ज्यादा डेड हैंग का लक्ष्य रखा। फरवरी 2025 तक वे 2 मिनट का समय पार कर चुकी थीं। 3 मिनट 3 सेकंड तक डेड हैंग कर उन्होंने वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया।

# टी-20 वर्ल्ड कप के वॉर्मअप मैचों का शेड्यूल जारी

### भारतीय टीम साउथ अफ्रीका से खेलेगी, बीसीसीआई ने इंडिया ए की टीम भी जारी की

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप के वॉर्मअप मैचों का शेड्यूल जारी हो गया है। ये मुकाबले 2 से 6 फरवरी के बीच खेले जाएंगे। वॉर्मअप मैच 7 अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे।

इंग्लैंड की टीम वॉर्मअप मैचों में हिस्सा नहीं लेगी। जबकि, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज जैसी बड़ी टीमें एक-एक मैच ही खेलेंगी।

भारतीय टीम भी एक वॉर्मअप मैच खेलेगी। जोकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 फरवरी को मुंबई के ष्ठङ्घ पाटील स्टेडियम में खेला जाएगा। शेष 2 वॉर्मअप मैच में इंडिया ए की टीम उतरेगी।



### कैसे देख सकते है वॉर्मअप

सभी मुकाबलों के वीडियो हाइलाइट्स आईसीसी के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होंगे। भारत और साउथ अफ्रीका मैच की लाइव स्ट्रीमिंग स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर होगी

### तिलक वर्मा को खेलना होगा एक वॉर्मअप मैच

बीसीसीआई ने वॉर्मअप मैच के लिए इंडिया ए टीम का ऐलान भी कर दिया है। इसकी कप्तानी आयुष बडोनी करेंगे। तिलक वर्मा भी इस टीम का हिस्सा हैं। वे कम से कम एक मैच खेलकर अपनी फिटनेस साबित करेंगे। तिलक वर्मा विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान इंजर्ड हो गए थे।

**इंडिया ए टीम–** आयुष बडोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियांश आर्य, एन. जगदीशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, रियान पराग, मानव सुथार, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), गुरजपनीत सिंह, विपराज निगम, रवि बिश्नोई, खलील अहमद और मयंक यादव।

### अफगानिस्तान और स्कॉटलैंड में पहला मैच

वॉर्मअप मैचों की शुरुआत अफगानिस्तान और स्कॉटलैंड के मैच के साथ होगी। यह मुकाबला बेंगलुरु स्थिति बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मैदान–1 में खेला जाएगा। दूसरी ओर मुंबई के डीबाय पाटील स्टेडियम में इंडिया ए की टीम यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका (यूएसए) के साथ खेलेगी। पहले दिन कनाडा और इटली का मैच चेन्नई में खेला जाएगा।

### 7 फरवरी से होगी वर्ल्ड कप की शुरुआत

टी–20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी को कोलंबो में नीदरलैंड और पाकिस्तान के मैच से होगी। जबकि भारत का पहला मैच अमेरिका के साथ मुंबई में खेला जाएगा। फाइनल मैच 8 मार्च को खेला जाएगा। इस मैच का वेन्यू पाकिस्तान के फाइनल पहुंचने या न पहुंचने पर तय होगा।

# सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण हो उत्तर कोयल नहर परियोजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर कोयल जलाशय परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल उपस्थित रहे। गौरतलब है कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना झारखंड राज्य से प्रारंभ होकर बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर, कुटुम्बा, देव, औरंगाबाद एवं मदनपुर प्रखंडों से होते हुए गया जिला में प्रवेश करती है। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 09 पैकेज (पैकेज-03 से पैकेज-11 तक) सम्मिलित हैं, जिनकी कुल लंबाई 77.69 किमी है। इसमें से लगभग 12 किमी गया जिला में तथा शेष 61.69 किमी औरंगाबाद जिला में अवस्थित है। मुख्य सचिव द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना की नियमित एवं सतत समीक्षा की जा रही है।उत्तर कोयल जलाशय परियोजना अंतर्गत भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर, अम्बा, औरंगाबाद, मदनपुर एवं गया द्वारा की जा रही है। परियोजना के अंतर्गत कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित है, जिसमें से अब तक 36.3995 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया गया है। शेष 4.8515 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है। मुख्य सचिव द्वारा की गई उच्चस्तरीय समीक्षा के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के त्वरित एवं निर्बाध क्रियान्वयन हेतु अंचल अधिकारी–नवीनगर, कुटुम्बा, मदनपुर, देव एवं रफीगंज तथा कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद, मदनपुर, अम्बा, नवीनगर एवं गया को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए गए कि परियोजना से संबंधित शेष भूमि के हस्तांतरण सहित सभी आवश्यक औपचारिकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद को एसआईए हेतु निर्धारित राशि संबंधित संस्थान को अविलंब उपलब्ध कराई जाए, ताकि वैधानिक प्रक्रियाओं में किसी भी स्तर पर विलंब न हो तथा परियोजना का कार्य समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा सके।

## गलत नियत से किशोरी का अपहरण, आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गलत नियत से नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में सलैया पुलिस द्वारा एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विकास कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ 27 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें नाबालिग लड़की के परिजनों ने बताया कि लड़की किसी काम से घर से बाहर गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। इसी क्रम में पता चला कि गांव का ही एक लड़का विकास लड़की को बहला-फुसलाकर गलत नियत से अपहरण कर लिया गया। इधर, कांड की गंभीरता पर पुलिस की दबिश से आरोपी पकड़ अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि गलत नियत से अपहरण मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# कंचनपुर और रामनगर में बनेगा अन्न भंडारण गोदाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित बिहार राज्य के 08 जिलों के जिलाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक, नाबार्ड के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान संयुक्त सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी चयनित प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) को निर्देशित किया गया कि 15 मार्च 2026 तक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए विभागीय पोर्टल पर आवेदन अपलोड कराना अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, जिससे योजना का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। बैठक में अवगत कराया गया कि बिहार राज्य के अंतर्गत इस योजना के तहत कुल 36 प्राथमिक कृषि साख समितियों का चयन किया गया है। इनमें औरंगाबाद जिले की दो समितियां, क्रमशः कंचनपुर पैक्स, प्रखंड ओबरा एवं रामनगर पैक्स, प्रखंड नबीनगर शामिल हैं। योजना के अंतर्गत कंचनपुर पैक्स में 1000 मीट्रिक टन क्षमता तथा रामनगर पैक्स में 5000 मीट्रिक टन क्षमता के अन्न भंडारण गोदाम का निर्माण प्रस्तावित है। इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि रामनगर पैक्स, नबीनगर में गोदाम निर्माण हेतु डीपीआर स्वीकृत कर संबंधित आवेदन एआईएफ (एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड) पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। वहीं कंचनपुर पैक्स, ओबरा द्वारा भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है तथा शीघ्र ही आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आवेदन एआईएफ पोर्टल पर अपलोड कराया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत अन्न भंडारण क्षमता में वृद्धि होने से किसानों को अपनी उपज के सुरक्षित भंडारण की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे कृषि उत्पादों के संरक्षण, विपणन एवं किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सकेगी। जिला प्रशासन द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सतत अनुश्रवण किया जा रहा है।

# बिहार के विकास के लिए है यह बजट : सुनील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के प्रमुख उद्योगपति सह समाजसेवी सुनील सिंह ने केन्द्रीय बजट 2026-27 की सराहना करते हुए इस लोक कल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। सुनील सिंह ने कहा कि बजट में उद्योग जगत के लिए विनिर्माण एमएसएमई को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। एमएसएमई ग्रोथ फंड के लिए 10,000 करोड़ रुपए के प्रावधान है। यह बजट 2026 बिहार के विकास के लिए एक संरचनात्मक और रणनीतिक दस्तावेज है। वित्तीय सशक्तिकरण से लेकर आधारभूत ढांचे के आधुनिकीकरण कृषि एवं उद्योग को बढ़ावा और सामाजिक कल्याण तक बजट में बिहार के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं। यह बजट बिहार को नई आर्थिक गति प्रदान करने और विकसित बिहार के निर्माण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# एनटीपीसी नबीनगर में शरद मेला का भव्य आयोजन

## मेले में मेधावी छात्रों को सम्मान, ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**औरंगाबाद।** एनटीपीसी नबीनगर में स्वरा महिला संघ द्वारा शरद मेला 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र-1) विजय गोयल तथा सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल द्वारा किया गया। मेले के दौरान एनटीपीसी नबीनगर ने अपने नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को 'मेधावी छात्रवृत्ति' प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अतिथियों द्वारा उनके बीच सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। स्वरा महिला संघ द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय वार्षिक मेले की इस वर्ष की थीम 'ग्रीन अर्थ, जीरो प्लास्टिक'' रखी गई थी। मेले का उद्देश्य प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को प्रेरित करना था। इस संदेश को विभिन्न कला आकृतियों एवं रचनात्मक प्रदर्शनों के माध्यम से प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ-साथ अनेक सुप्रसिद्ध दुकानों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। कार्यक्रम को और भी आकर्षक बनाने के लिए स्वरा महिला संघ की सदस्यों द्वारा पारंपरिक व्यंजनों एवं क्षेत्रीय पकवानों के स्टॉल लगाए गए, जो सभी के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने। संगीत, मनोरंजन और शानदार उपहारों से सजे इस मेले के पहले दिन सुप्रसिद्ध गायकों ने अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इसके अलावा विभिन्न मनोरंजक खेलों, बच्चों के लिए विशेष 'किड्स जोन' तथा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी उत्तम व्यवस्था की गई थी। इस मेले में परियोना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एल. के. बेहेरा, स्वरा महिला संघ की अध्यक्षा आरती बेहेरा, महाप्रबंधक (ओ एंड एम) अनिल कुमार टी सी, महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं ऐ.डी.एम) मनोरंजन पाणिग्रही समेत अनेको व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई।

# डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के कदाचारमुक्त, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष द्वारा संयुक्त रूप से शहर स्थित अनुग्रह हाई स्कूल (गेट स्कूल), औरंगाबाद स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में परीक्षा केंद्र पर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के प्रवेश-नियंत्रण, वीक्षक व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्न-पत्रों के संधारण एवं परीक्षा संचालन से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। संबंधित दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों को बोर्ड द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की शिथिलता, अनुशासनहीनता अथवा कदाचार की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी सतत सतर्क रहें। पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्र के आसपास विधि-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 का संचालन पूर्णतः कदाचारमुक्त एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर थाना क्षेत्र के कोइरीडीह गांव के रहने वाले तपेश्वर साव के 26 वर्षीय पुत्र विनय कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, विनय शुक्रवार को किसी निजी काम से बाइक से झारखंड के जपला गया था। काम निपटाने के बाद वह अपने घर लौट रहा था। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव के पास पीछे से आ रहे एक गाड़ी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विनय सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल विनय को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर बनारस लेकर गए, जहां इलाज के दौरान रविवार की रात उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शव को देखते ही परिजन उससे लिपटकर दहाड़ मारकर रोने लगे। इसके बाद बनारस स्थित बीएचयू में ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया। विनय कुमार दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसके परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। घटना के बाद पत्नी, माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डीएम ने 72 लोगों की सुनी फरियाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सबका सम्मान-जीवन आसान के अंतर्गत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी आगंतुकों का सम्मानपूर्वक स्वागत करते हुए उन्हें कतारबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। तत्पश्चात नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक एवं क्रमवार सुना गया तथा प्राप्त शिकायतों के त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनता दरबार में उपस्थित नागरिकों की सुविधा एवं सम्मान को दृष्टिगत रखते हुए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गईं। प्रातः काल से ही शिकायतों के पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई, जो पूरे दिन निरंतर जारी रही। कुल 72 फरियादी अपनी-अपनी समस्याओं के समाधान की अपेक्षा एवं सकारात्मक विश्वास के साथ जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों का विधिवत पंजी संधारण किया गया तथा संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध निष्पादन एवं सतत अनुश्रवण के स्पष्ट निर्देश दिए गए, ताकि शिकायतों का समाधान सुनिश्चित हो सके और नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास सुदृढ़ हो। जनता दरबार का प्रभावी संचालन जिला स्तर पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारियों तथा पंचायत स्तर के कार्यालयों में भी किया गया, जिससे आम नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही अपनी शिकायत दर्ज करने का अवसर प्राप्त हुआ। गौरतलब है कि इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस–सोमवार एवं शुक्रवार– को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल तथा अन्य सरकारी कार्यालयों के कार्यालय प्रधान अपने-अपने निर्धारित कार्यस्थल एवं कार्यालय कक्ष में उपस्थित रहकर आम नागरिकों की शिकायतों के समाधान हेतु जनता से संवाद स्थापित करेंगे, जिससे प्रशासन एवं आमजन के बीच समन्वय एवं विश्वास को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# डीसीओ कार्यालय के बाहर पैक्स अध्यक्षों ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में धान अधिप्राप्ति में आ रही अलग-अलग समस्याओं और पैक्सों को डिफाल्टर बनाए जाने की आशंका को लेकर आज जिले भर के पैक्स अध्यक्ष एकजुट होकर आंदोलन पर उतर आए। जिला सहकारी भवन परिसर में पैक्स अध्यक्षों ने धरना-प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन व संबंधित विभागों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि विभागीय लापरवाही और सहयोग के अभाव में पैक्स गंभीर संकट की स्थिति में पहुंच गए हैं। धरना से पहले पैक्स अध्यक्षों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें धान अधिप्राप्ति से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक और धरने की अध्यक्षता जिला सहकारी अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। इस दौरान पैक्स अध्यक्षों ने छह सूत्री मांगों को लेकर सामूहिक रूप से अपना विरोध दर्ज कराया।

# टेलर की टक्कर से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के नहर रोड पर केरा गांव के पास सोमवार की सुबह एक सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक जावेद अंसारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के बोध बिगहा निवासी मोहम्मद केशर अंसारी के पुत्र के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, जावेद अंसारी ड्राइविंग सीखने के उद्देश्य से दाउदनगर आ रहे थे। घटना के समय वह बाइक चला रहे थे, जबकि उनके मंझले भाई मोहम्मद परवेज अंसारी पीछे बैठे थे। केरा गांव के सामने नहर रोड पर पास लेने के दौरान बालू लदे एक टेलर ने उनकी बाइक के हैंडल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में जावेद अंसारी सड़क पर गिर पड़े और बालू लदे टेलर की चपेट में आ जाने से उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पीछे बैठे उनके भाई मोहम्मद परवेज अंसारी ने समय रहते बाइक से कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना की सूचना मिलते ही दाउदनगर थाना प्रभारी विकास कुमार ने अपर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार को पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर भेजा। पुलिस ने बताया कि मौके पर पहुंचकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की और मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। मृतक के मंझले भाई मोहम्मद परवेज अंसारी ने बताया कि जावेद ने ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी कर ली थी और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था।

## संत रविदास जयंती पर निकाली शोभा यात्रा

**ओबरा(नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र विभिन्न क्षेत्रों मे संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। ओबरा पूजा समिति सदस्यों ने दुमुहान स्थल से जल भरी कर पूजा अर्चना कर शुभारभ किया और प्रखंड मुख्यालय समेत सुर्खी लसडा परसा समेत अन्य क्षेत्रों मे संत रैदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। विभिन्न जगहों पर रंग रंग कार्यक्रम भी आयोजित की गई। इस अवसर पर श्री कृष्ण स्मृति मंच के उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने संत रैदास के उपदेशों पर प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग पर चलने की आहवान किया। साथ ही कहा कि संत रैदास के आदर्श आज भी सामाजिक एकता और मानवता की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देती है।

## पूर्व विधायक के भतीजे की संदिग्ध अवस्था में मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** संदिग्ध परिस्थिति में पूर्व विधायक सुरेश मेहता के 29 वर्षीय भतीजे की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेला गांव निवासी राहुल कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर अचानक राहुल की तबीयत बिगड़ गया। इसके बाद परिजनों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गयाजी लेकर जा रहे थे, लेकिन बीच रास्ते में ही मौत हो गयी। मौत के बाद परिजन शव लेकर बेला गांव पहुंचे, जहां शव से लिपटकर परिजन चीत्कार उठें। परिजनों की चीत्कार से आसपास का वातावरण गमगीन हो गया। मौत को लेकर कई तरह की चर्चा सुर्खियों में हैं। परिजनों द्वारा शव का पोस्टमार्टम भी नहीं कराया गया। अगर पोस्टमार्टम होता तो घटना का कारण स्पष्ट हो पाता। घटना के बाद से बेला गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## आद्रभूमि दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** विश्व आद्रभूमि दिवस के अवसर पर सोमवार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, औरंगाबाद वन प्रमण्डल के द्वारा आद्रभूमि से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता का कार्यक्रम बारून के एक निजी विद्यालय में कराया गया। जिसमें शिवम कुमार के द्वारा बच्चों को पशु-पक्षियों एवं जीव-जन्तुओं के बारे में जानकारी दिया गया। वहीं रूचि सिंह, वन प्रमण्डल पदाधिकारी एवं वनों के क्षेत्र पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्रा द्वारा भी बच्चों के बीच आद्रभूमि से संबंधित जानकारियाँ दी गयी। मौके पर वन परिसर पदाधिकारी सारिका कुमारी, वनरक्षी विकास कुमार, राधा कुमारी, मो सबीर आदि वनकर्मी उपस्थित रहे।

# राजस्व कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राजस्व कर्मचारी संघ ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। अत्यधिक कार्यभार, वेतन विसंगति व गृह जिला पदस्थापन को लेकर कर्मियों में रोष व्याप्त है। 17 सूत्री मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारियों का जिला स्तरीय बैठक औरंगाबाद शहर के पेंशनर भवन के समीप की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनय कुमार और सचिव मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से की, बैठक में सदर अंचल कार्यकारणी सदस्य सदर विक्रम कुमार, इंद्रजीत कुमार, बारून से पंकज कुमार, संजीत कुमार एवं देव से इंद्रजीत कुमार सहित सभी अंचलों के राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में राजस्व कर्मचारियों ने अपनी 17 सूत्री लंबित मांगों को लेकर आगे की रणनीति तैयार की। राजस्व कर्मचारी इंद्रजीत कुमार ने बताया कि बीते वर्ष राजस्व कर्मचारियों व विभाग के बीच हुए समझौते के बावजूद अब तक एक भी मांग पूरी नहीं की गयी है। कर्मचारियों का कहना है कि एक-एक कर्मी को तीन से चार हलका का अतिरिक्त प्रभार, अंचल निरीक्षक का अतिरिक्त दायित्व व अन्य विभागों के कार्यों में प्रतिनियुक्ति दी जा रही है। बिना अवकाश प्रतिदिन 15 से 16 घंटे काम लिया जाना श्रम कानून व संविधान के प्रावधानों का खुला उल्लंघन है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अत्यधिक कार्य और अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति के कारण यदि अपने विभाग का कार्य लंबित हो जाता है, तो सीधे कठोर कार्रवाई की धमकी दी जाती है। वेतन रोकने और निलंबन जैसे दबाव से कर्मचारी मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। राजस्व कर्मचारी विक्रम कुमार ने कहा कि इंटरनेट एवं पेट्रोल खर्च सहित भत्ता देने को लेकर पूर्व में राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव से सहमति बनी थी। लेकिन अभी तक नहीं मिला। उन्होंने कहा कि 5 फरवरी को जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके बावजूद यदि हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती है तो 9 फरवरी को राज्य स्तरीय पटना में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

NBT
सीबीसी (भारत सरकार), बिहार एवं झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
नवबिहार टाइम्स
**आवश्यकता**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक) को निम्नांकित पद व स्थान के लिए संवाददाता/ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➡ गया और जहानाबाद में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➡ दाउदनगर और नवीनगर में संवाददाता की आवश्यकता है।
समाचार लिखने में रुचि और हिन्दी की समझ रखने वाले युवा इस पद के लिए शीघ्र आवेदन करें।
संपर्क : मोबाइल/ह्वाट्सप : 6206165107
ईमेल : nbtimesbihar@gmail.com